www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

06 मई, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 195

सीएम हेमंत ने निवेशकों को प्रोत्साहित किया : उद्योग सचिव



## न्यूज रील्स

### सुरक्षाबलों को पुंछ में आतंकी ठिकाना मिला

जम्मू कश्मीर। सुरक्षाबलों को जम्मू-कश्मीर पुंछ में आतंकी ठिकाना मिला है। सोमवार सुबह, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जिले के सुरनकोट में साझा अभियान चलाया। इस दौरान आतंकी ठिकाने से उन्हें 5 IED बम मिले, इनमें से तीन टिफिन बॉक्स और दो बाल्टी में थे। साथ ही कई प्रतिबंधित कम्युनिकेशन डिवाइस भी बरामद किये गये हैं।

### सलाल डैम के गेट बंद, चिनाब नदी सूखने की कगार पर

जम्मू कश्मीर। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने चिनाब नदी पर बने बागलिहार और सलाल डैम के गेट बंद कर दिये हैं। इनसे पाकिस्तान को पानी जा रहा था। रियासी जिले में सलाल डैम के गेट बंद होने के बाद चिनाब नदी का जलस्तर काफी घट गया। नदी में दो फीट पानी बचा है। यह नदी जल्द ही पूरी सूख जायेगी।

### वित्त मंत्री ने पाक को फंड में कटौती की रखी मांग

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एशियन डेवलेपमेंट बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की और पाकिस्तान को दिये जाने वाले फंड में कटौती की मांग की। सूत्रों ने बताया कि एडीबी के अध्यक्ष मासातो कांडा के साथ बैठक के अलावा वित्त मंत्री ने इतालवी वित्त मंत्री जियानकार्लो जियोजेर्टी से भी मुलाकात की और यही मांग दोहरायी।

### सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

गुरदासपुर। भारत-पाकिस्तान सीमा पर बीएसएफ ने पाकिस्तानी नागरिक को गांव ठाकुरपुर के पास सीमा पर गिरफ्तार किया है। । आरोपी से पास आइडी कार्ड भी मिला है, जिस पर उसकी पहचान हुसनैन लिखी है और वह गुज्जरांवाला का रहनेवाला है।

### दो हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में काम शुरू

जम्मू कश्मीर। भारत ने कश्मीर में दो हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में काम शुरू कर दिया है। इसके बारे में पाकिस्तान को जानकारी नहीं दी है। 1987 में बने सलाल बांध और 2008 में बागलिहार बांध बनने के बाद दोनों प्रोजेक्ट पर पहली बार काम किया जा रहा है।

## पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की रणनीति हुई तेज

# प्रधानमंत्री से मिले रक्षा सचिव, तैयारी पर चर्चा

- नरेंद्र मोदी पहुंचे पीएमओ, महत्वपूर्ण बैठकें हुई
- 7 मई को देशभर में सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन में दिख रहे हैं। मोदी सरकार पाकिस्तान के खिलाफ एक के बाद एक फैसले ले रही है। प्रधानमंत्री से सोमवार को रक्षा सचिव मिलने पहुंचे। इसके बाद प्रधानमंत्री पीएमओ गये, जहां उच्चस्तरीय बैठकें कीं। कहा जा रहा है कि पााकिस्तान के खिलाफ भारत की रणनीति मजबूत बनायी जा रही है। बताते चलें कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले मंगलवार को शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में सशस्त्र बलों को पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब देने के तरीके, लक्ष्य और समय पर निर्णय लेने के लिए खुली छूट दे दी है।

**प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक :** पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इससे पहले वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने रविवार को और शनिवार को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने प्रधानमंत्री को तैयरियों के बारे में जानकारी दी। तो नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने अरब सागर में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराया था।

**साउथ ब्लॉक पहुंचे प्रधानमंत्री :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को नयी दिल्ली में साउथ ब्लॉक स्थित पीएमओ ऑफिस पहुंचे।



### गृह मंत्रालय ने मॉक ड्रिल का दिया निर्देश

गृह मंत्रालय ने कुछ राज्यों को 7 मई को सिविल डिफेंस से जुड़ी मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिये हैं। इस मॉक ड्रिल का मकसद लोगों को किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार करना है। सरकार के मुताबिक मॉक ड्रिल के दौरान निम्न बातों पर जोर दिया जायेगा।

- एयर रेड सायरन की जांच और इस्तेमाल।
- आम लोगों और छात्रों को हमले की स्थिति में खुद को बचाने की ट्रेनिंग।
- ब्लैकआउट की व्यवस्था।
- जरूरी ठिकानों को छुपाने की तैयारी।
- इलाके खाली कराने की योजना को अपडेट करना और उसका अभ्यास।

### एयर चीफ मार्शल ने कहा : वायुसेना अलर्ट, राफेल तैयार

भारत-पाक तनाव बढ़ने पर वायुसेना पूरी तरह अलर्ट पर है। राफेल लड़ाकू विमान किसी भी समय तेज जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार रखे गये हैं। सूत्रों के मुताबिक एयरफोर्स चीफ एपी सिंह ने प्रधानमंत्री को बताया कि वायुसेना की तैयारी पूरी है। वायुसेना पश्चिमी सीमा पर लंबी दूरी की उड़ानें भर रही है। भारत ने पाकिस्तान पर सीमित कार्रवाई के सभी सैन्य विकल्प खुले रखे हैं।

# स्पेन और स्वीडन झारखंड में निवेश के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण देश: उद्योग सचिव

- रांची में 120-170 मिलियन यूरो के निवेश से मेगा सम्मेलन, व्यापार प्रदर्शनी केंद्र विकसित होगा
- जापान में चल रहे एक्सपो में शामिल होगा झारखंड
- यूरोपीय कंपनियों के लिए एक समर्पित डेस्क स्थापित किया जायेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन और स्वीडन गये प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड में निवेश के लिए विदेशी निवेशकों को आमंत्रित किया। इस दौरान हमें कई निवेशकों के प्रस्ताव भी मिले साथ ही कई कंपनी ने झारखंड में निवेश करने में रुचि दिखायी है। उद्योग सचिव सोमवार को सूचना भवन में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। इस मौके पर उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, खनन आयुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एमडी जिडको वरुण रंजन समेत कई विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**झारखंड में स्थापित होगा समर्पित डेस्क:** अरवा राजकमल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने स्पेन एवं स्वीडन के विभिन्न उद्यमियों से कहा है कि झारखंड में निवेश की सुगम सुविधा के लिए यूरोपीय कंपनियों के लिए एक समर्पित डेस्क स्थापित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि स्पेन में टेस्ला ग्रुप एस के चेयरमैन श्री दुसान लिचाड्र्स ने ग्रुप की रोमानिया गिगिया फैक्ट्री परियोजना के बारे में प्रस्तुति दी। बैटरी भंडारण उत्पादन के निर्माण के लिए झारखंड में एक समान परियोजना स्थापित करने करने के लिए करीब 150 मिलियन यूरो के निवेश की रुचि व्यक्त की है। साथ ही झारखंड सरकार को आरसीडी एस्पेनयोल फुटबॉल क्लब से झारखंड में खेल विकास में सहयोग के लिए झारखंड में फुटबॉल कोचों को प्रशिक्षण देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का प्रस्ताव मिला । इसके अलावे रांची में 120-170 मिलियन यूरो के निवेश से एक मेगा सम्मेलन और व्यापार प्रदर्शनी केंद्र विकसित करने के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुआ ।

(पेज 02 भी देखें)

### चाइबासा में बनेगा जियोलॉजिकल म्यूजियम

अरवा राजकमल ने कहा कि झारखंड में विदेशी निवेश के मकसद से यूरोपीय देश स्पेन एवं स्वीडन गये प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन के बार्सिलोना स्थित निमार्णाधीन यूरोप के सबसे बड़े स्टेडियम एफसी बार्सिलोना स्टेडियम और संग्रहालय का दौरा किया। इस दौरान वहां एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष सुश्री एलेना फोर्ट के साथ बैठक की । साथ ही डी गावा संग्रहालय का भी दौरा किया। वहां एक पुराने खनन स्थल को एक जियोलॉजिकल म्यूजियम में बदल दिया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी झारखंड के चाइबासा में भी इसी तरह के स्थलों को जियोलॉजिकल म्यूजियम में बदलने और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बनाने का निर्देश दिया ।


# पहलगाम हमले पर भारत को मिला रूस का साथ

- पुतिन ने मोदी को किया फोन, हर कार्रवाई में साथ का दिया भरोसा
- रूस से भारत को मिलीं पोर्टेबल मिसाइल की नयी खेप

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। भारत पड़ोसी देश पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस बीच भारत को रूस से भी समर्थन मिल गया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात कर पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और अपना समर्थन जताया। उधर, रूस से भारत को मिलीं पोर्टेबल मिसाइलें मिल गयी हैं।

**आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ :** प्राप्त जानकारी के अनुसार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी। जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रपति पुतिन को शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस साल के अंत में भारत में होनेवाले वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।



### ड्रोन और हेलिकॉप्टर को मार गिरायेंगी पोर्टेबल मिसाइलें

बढ़ते तनाव के बीच रूस से इग्ला-एस पोर्टेबल मिसाइलों की नयी खेप भारत पहुंची है। छोटी और कंधे पर ले जाने वाली ये पोर्टेबल मिसाइलें ड्रोन और चॉपर को मार गिरा सकती हैं। 260 करोड़ की डील से हवाई सुरक्षा मजबूत होगी। फास्ट ट्रैक खरीद में सेना ने 48 दूसरे रॉकेट लांचर, 90 बहुत कम दूरी के एयर डिफेंस सिस्टम का टेंडर भी जारी किया है।

## झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की घोषणा

# शिबू को संस्थापक संरक्षक, हेमंत अध्यक्ष, रूपी उपाध्यक्ष और कल्पना सोरेन को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया

- नलिन सोरेन समेत आठ उपाध्यक्ष, 63 को मिली जगह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के खेलगांव में पिछले दिनों आयोजित झारखंड मुक्ति मोर्चा के 13वें केंद्रीय अधिवेशन के बाद केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है। झामुमो के केंद्रीय अधिवेशन में ही शिबू सोरेन पार्टी के संस्थापक संरक्षक, जबकि हेमंत सोरेन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष घोषित किये गये थे। नलिन सोरेन, प्रो स्टीफन मरांडी और रूपी सोरेन समेत आठ को केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। कल्पना सोरेन कार्यकारिणी सदस्य हैं। केंद्रीय कार्यकारिणी समिति में 63 लोगों को जगह दी गयी है।

**विनोद और सुप्रियो फिर महासचिव सह प्रवक्ता बने :** रूपी सोरेन, नलिन और स्टीफन के अलावा सविता महतो, सरफराज अहमद, मथुरा प्रसाद महतो, वैद्यनाथ राम और रामदास सोरेन को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, विनोद कुमार पांडेय और सुप्रियो भट्टाचार्य झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता बनाये गये हैं। एक बार फिर इन्हें ये दायित्व सौंपा गया है। नंद किशोर मेहता, अभिषेक प्रसाद पिंटू, पंकज मिश्रा और समीर मोहंती को सचिव बनाया गया है। हेमलाल मुर्मू, कुणाल षाडंगी, मनोज कुमार पांडेय प्रवक्ता बनाये गये हैं।



### इन्हें बनाया गया कार्यकारिणी सदस्य

कल्पना सोरेन और बसंत सोरेन के अलावा दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनू, चमरा लिंडा, योगेंद्र महतो, विजय हांसदा, महुआ माजी, रविंद्र नाथ महतो, मोहन कर्मकार, संजीव बेदिया, डॉ कमल नयन सिंह, निरल पूर्ति, दशरथ गगराई, हफीजुल हसन, सुमन महतो, निजामुद्दीन अंसारी, सुखराम उरांव, भूषण तिर्की, मंगल कालिंदी, जिगा सुसरण होरो, विकास सिंह मुंडा, संजीव सरदार, राजू गिरी, गणेश चौधरी, एमटी राजा, धनंजय सोरेन, आलोक सोरेन, लुईस मरांडी, उदय शंकर सिंह, उमाकांत रजक, जगत मांझी, सुदीप गुड़िया, रामसूर्या मुंडा, अमित महतो, अनंत प्रताप देव, अंजनी सोरेन, पटवारी हांसदा, परेश मरांडी और बिट्टू मुर्मू को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# सीएम हेमंत ने निवेशकों को प्रोत्साहित किया : उद्योग सचिव

## स्पेन-स्वीडन दौरा पूरा होने के महज सात दिनों में झारखंड को मिला सात कंपनियों से निवेश का प्रस्ताव









**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को सूचना भवन में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने बताया कि बार्सिलोना में एक इन्वेस्टर मीट भी आयोजित किया गया।

जहां भारतीय प्रवासियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। वन टू वन मीटिंग कर खेल से संबंधित मार्केटिंग एंड ब्रांडिंग, आइइएसइ बिजनेस स्कूल में उद्यमिता संकाय, पर्यावरण स्थिरता सहित कई विषयों पर चर्चा की गयी। निवेशकों ने झारखंड में एक बेहतरीन स्टार्टअप पॉलिसी के तहत काम करने की रुचि व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने उन्हें राज्य में संभावित निवेश की तलाश करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**व्यापार प्रदर्शनी केंद्र विकसित करने का प्रस्ताव:** अरवा राजकमल ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने 'फिरा दी बार्सिलोना इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर' का दौरा किया। जो यूरोप के सबसे बड़े और सबसे आधुनिक प्रदर्शनी स्थलों में से एक है। यहां स्पेन में भारत के राजदूत की उपस्थिति में मुख्यमंत्री को रांची में 120-170 मिलियन यूरो के निवेश से एक मेगा सम्मेलन और व्यापार प्रदर्शनी केंद्र विकसित करने के लिए प्रस्ताव (एलओएल) प्राप्त हुआ। इसके बाद वैश्विक निवेशकों के लिए मैड्रिड का दौरा किया गया ।

### झारखंड की ब्रांड वैल्यू में होगा सुधार

उद्योग सचिव ने कहा कि किसी भी देश के निवेशकों को झारखंड में निवेश के लिए आमंत्रित करने के लिए विजीबिलिटी बहुत जरूरी है और यह यात्रा स्पेन और स्वीडन में झारखंड की विजीबिलिटी के लिहाज से काफी महवपूर्ण था। यात्रा पूरी होने के एक सप्ताह के भीतर ही सात निवेश प्राप्त हुए। इसलिए अन्य राज्यों की तरह ही विदेशी निवेश के लिए उस देश की कंपनियों के साथ निरंतर जुड़ाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि करीब 9 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद कोई झारखंड से सरकारी प्रतिनिधिमंडल विदेशी दौरे पर गया। इस यात्रा से विदेशों में झारखंड की उपस्थिति दर्ज होगी और झारखंड की ब्रांड वैल्यू में सुधार होगा।

### वोल्वो को आमंत्रित किया

अरवा राजकमल ने बताया कि स्वीडन में गोथेनबर्ग में उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 50 से अधिक वैश्विक निवेशकों के समक्ष झारखंड में विनिर्माण, इलेक्ट्रिक वाहन, खनिज अन्वेषण और प्रसंस्करण और स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित निवेश क्षेत्रों को दर्शाया गया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने गोथेनबर्ग में वोल्वो ट्रक संयंत्र का दौरा किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड में खनन कार्यों में भारी ट्रकों की बढ़ती मांग को देखते हुए झारखंड में एक मेगा विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए वोल्वो को आमंत्रित किया।



# उद्घाटन-शिलान्यास में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा पर नाराज हुए संजय सेठ

**रक्षा राज्य मंत्री ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र**

**लोकतंत्र के लिए यह अच्छा नहीं, अधिकारियों को निर्देशित करें**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची में प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा हो रही है, जो बेहद गंभीर विषय है। उपरोक्त बातें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखे पत्र में कही है। योजनाओं के क्रियान्वयन और उद्घाटन शिलान्यास में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा से नाराज रक्षा राज्य मंत्री ने सीएम को पत्र लिखा है। पत्र में श्री सेठ ने कहा



कि कांके प्रखंड के सुकुरहुट्टू के बरवाटांड़ में सरना टोली से रिंग रोड तक एक सड़क का निर्माण होना है। उपरोक्त सड़क निर्माण की स्वीकृति मेरी अनुशंसा पर आरआरडीए के द्वारा दी गयी है। अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मैंने स्थानीय ग्रामीणों को उक्त सड़क के निर्माण कराने हेतु आश्वस्त किया था। बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि उपरोक्त सड़क का शिलान्यास मेरी अनुपस्थिति में कर दिया गया। शिलापट्ट में मेरा नाम जरूर है परंतु उसकी कोई सूचना मुझे या मेरे कार्यालय को नहीं दी गयी है।

पूर्व में भी दिशा समिति की बैठकों में मैंने यह स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसी भी योजना के उद्घाटन-शिलान्यास में सभी जनप्रतिनिधियों को पूर्व सूचना दी जाये। बावजूद इसके इस विषय पर जिला प्रशासन सहित किसी भी अधिकारी का ध्यान नहीं है। आपको अवगत कराना चाहूंगा कि लोकतंत्र के लिए यह अच्छा नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र विधायिका और कार्यपालिका के सहयोग से ही आगे बढ़ता है। निश्चित रूप से विकास के कार्य होते हैं तो जनप्रतिनिधि भी उसका माध्यम बनते हैं। ऐसे में जनप्रतिनिधियों की यह उपेक्षा लोकतंत्र का अपमान है।

# 'वाटर स्ट्राइक' के बाद भारत अब पाकिस्तान की फंडिंग रुकवायेगा

**भारत ने एशियाई विकास बैंक से फंड नहीं देने की अपील की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक एक्शन और तेज कर दिये हैं। पहले भारत ने पड़ोसी मुल्क को टारगेट करने के लिए 'वॉटर स्ट्राइक' किया। चिनाब का पानी रोक दिया। अब केंद्र सरकार ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से पाकिस्तान को वित्तीय मदद रोकने की अपील की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में एडीबी प्रमुख मासातो कांडा के साथ एक बैठक में यह मुद्दा उठाया।

सूत्रों के अनुसार, निर्मला सीतारमण ने पहले ही इटली के वित्त मंत्री से इस मुद्दे पर चर्चा की है। इसके अलावा कई और यूरोपीय देशों के साथ पाकिस्तान को अलग-थलग करने के लिए बातचीत की जा रही है। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को चारों तरफ से घेरने के लिए भारत लगातार रणनीतिक तैयारी में जुटा है।

### एफएटीएफ ग्रे लिस्ट में जायेगा पाकिस्तान!

यही वजह है कि नरेंद्र मोदी सरकार का जोर पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में शामिल करवाने पर है। दिल्ली की ओर से लगातार ये कोशिश हो रही है। इसके साथ ही, इस्लामाबाद को मिलने वाली बहुपक्षीय फंडिंग की समीक्षा करने की मांग भी भारत सरकार की ओर से जा रही है।

# पाक ने पहले तोड़ा सीजफायर फिर किया मिसाइल का परीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत से जारी तनाव के बीच पाकिस्तान ने एक और मिसाइल का टेस्ट किया है। पाकिस्तान ने सोमवार को 120 किमी रेंज वाली मिसाइल का टेस्ट किया। पाकिस्तान ने फतह सीरीज की मिसाइल का परीक्षण ऐसे समय में किया है जब भारत के साथ उसकी दुश्मनी चरम पर है। पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता होने के कारण भारत ने उसके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। सिंधु जल समझौते को भारत ने निलंबित कर दिया। पाकिस्तान के लोगों के देश से भारत छोड़ने का आदेश दिया गया। भारत की इन सब कार्रवाई के बाद पाकिस्तान अपनी अकड़ दिखाने में लगा है।



इससे पहले पाकिस्तान में हाल में ही अपनी एक बैलिस्टिक मिसाइल की टेस्टिंग की है। शनिवार को पाकिस्तान ने 450 किलोमीटर रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल की टेस्टिंग की थी। वहीं, पाकिस्तान ने लगातार 11वें दिन सीजफायर तोड़ा है। पाकिस्तानी सेना ने 4-5 मई की रात एलओसी के आसपास कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर इलाकों में फायरिंग की। भारतीय सेना ने इसका जवाब दिया और हल्के हथियारों से फायरिंग की।

# 11 हजार वोल्ट की चपेट में आने से जिंदा जले बाप-बेटे

## शादी की खुशियां मातम में बदली, घर में आने वाली थी बारात, जेनरेटर के लिए डीजल लेने जा रहे थे दोनों, रास्ते में टूटकर गिरा था तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू में 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आने से बाप-बेटे की जान ले ली। घटना उत्तर कोयल मुख्य नहर स्थित मुखर्जी पुल के समीप खरगड़ा गांव के पास घटी है। इस हादसे में सिमरसोत गांव निवासी 45 वर्षीय बिंदु मेहता व 12 वर्षीय उनका बेटे बिपिन मेहता की जान चली गयी। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर हैदरनगर-जपला मुख्य पथ को जाम कर दिया। जानकारी के मुताबिक सोमवार को बिंदु मेहता की भतीजी की शादी थी। बारात आने वाली थी। इसी को लेकर दोनों जेनरेटर के लिए अहले सुबह डीजल लाने जा रहे थे। जिस रास्ते वे बाइक से जा रहे थे, वहीं 11 हजार वोल्ट का तार गिरा हुआ था। दोनों उसी की चपेट में आ गये। तार में करंट होने की वजह से आग लग गयी और दोनों वहीं जल गये।



### विद्युत विभाग की घोर लापरवाही

इस हादसे पर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह ने गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि यह विद्युत विभाग की घोर लापरवाही है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं परिजनों को हर संभव मदद व मुआवजा दिलाने की बात कही है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने घटना पर दु:ख व्यक्त करते हुए विद्युत विभाग के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने व कड़ी कार्रवाई कराने की मांग की है।

**बिजली विभाग को ग्रामीणों ने दी थी सूचना :** घटना से ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग को लगातार सूचना देने के बावजूद तार को दुरुस्त नहीं किया जाता है। जिससे इस तरह की घटनाएं होती हैं। घटना की सूचना मिलते ही हैदरनगर के अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार, थाना प्रभारी अफजल अंसारी पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है।

घटना की सूचना मिलते ही बिंदु मेहता के परिवार सहित गांव के लोग घटना स्थल पर पहुंच गये। घटना से गांव में मातम का माहौल है। बिंदु मेहता के घर शादी की खुशी मातम ने बदल गयी है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही हैदरनगर के अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही हैदरनगर के अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे।

# शादी से लौट रहे मां-बेटे कंटेनर में दबे, घंटों की मशक्कत के बाद बाहर निकाले गये शव

**बरकट्ठा (हजारीबाग)।** हजारीबाग जिले के बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गोरहर में शादी समारोह से लौट रहे मां-बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। घटना सोमवार सुबह 9:30 बजे के करीब जीटी रोड पर हुई। बगोदर की ओर से आ रही मोटर साइकिल (जेएच 11 एजी 2115) को पीछे से कंटेनर (एचआर 55 एसी 7885) ने टक्कर मार दी। बाइक पर सवार दोनों लोग नीचे गिर गये। इसके बाद कंटेनर अनियंत्रित होकर दोनों के ऊपर पलट गया। हादसे में कंटेनर के नीचे दबकर दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी।

**परिजनों का रो-रोकर है बुरा हाल, गांव में मातम :** घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, गांव में मातम का माहौल है। पुलिस ने दोनों के शवों को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए बरही भेज दिया है। मृतक मां-बेटा अपने संबंधी के घर ग्राम परसिया बगडो बगोदर से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। इसी दौरान यह दुर्घटना हो गयी।

### 2 क्रेन और जेसीबी से कंटेनर को हटाकर शव निकाले

मामले की सूचना मिलते ही गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार घटनास्थल पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने 2 क्रेन और जेसीबी मशीन की मदद से काफी मशक्कत के बाद कंटेनर को हटाने के बाद दोनों शवों को बाहर निकाला। मृतकों की पहचान ग्राम बंडासिंघा बरकट्ठा निवासी गेनसी देवी उर्फ भूषी (55) पति भोला साव और उनके पुत्र मोनू कुमार साव (25) के रूप में हुई है।

# हर अस्पताल होगा सुरक्षित, सुरक्षा से नहीं होगा कोई समझौता: स्वास्थ्य मंत्री

**कहा- स्वास्थ्य व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, सिस्टम में आयेगा बड़ा बदलाव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर की हालिया घटना से मर्माहत स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा, अब यदि रिम्स या किसी भी अस्पताल में किसी मरीज की मौत सुरक्षा कारणों से होती है, तो उसकी पूरी जवाबदेही मेरी होगी। राज्य के हर अस्पताल को पूरी तरह से सुरक्षित बनाया जायेगा।

डॉ अंसारी ने निर्देश दिया है कि राज्य के सभी सदर अस्पताल, रिम्स और मेडिकल कॉलेज तीन दिन के भीतर अपने भवनों की स्थिति पर रिपोर्ट सौंपें। कौन-से भवन मरम्मत योग्य हैं, कौन-से जर्जर हैं या ध्वस्त किये जाने चाहिए। इसकी विस्तृत जानकारी दी जाये। रिपोर्ट मिलते ही मरम्मत एवं निर्माण कार्य के लिए तुरंत बजट जारी किया जायेगा।

### किसी की जान से खिलवाड़ नहीं होने देंगे

उन्होंने कहा कि जमशेदपुर जैसी घटना दोबारा न हो, यह मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह वे खुद पीड़ित परिवारों से मिलेंगे और हरसंभव सहायता सुनिश्चित करेंगे। डॉ अंसारी ने भावुक होते कहा कि पूर्व में क्या हुआ, मैं उसमें नहीं जाना चाहता, लेकिन जब इतनी बड़ी ज़िम्मेदारी मुझे मिली है और खासकर जब मैं खुद एक डॉक्टर हूं, तो मैं अपनी आंखों के सामने किसी को मरते नहीं देख सकता। हमें इस व्यवस्था को मजबूत और बेहतर बनाना है, और मैं चाहूंगा कि इसमें आप सभी मेरा साथ दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से जमशेदपुर में राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है और पूरी टीम तैनात कर दी गयी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.5 °c | 19.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.18 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.13 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 मई, 2025
www.azadsipahi.in



### कांग्रेस पार्टी पर भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी का बड़ा हमला

# इंडी गठबंधन की सरकारें पाकिस्तानियों को भारत से बाहर भेजने में नहीं कर रहीं सहयोग : वाजपेयी

- पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेस पार्टी का दोहरा चरित्र उजागर
- राहुल गांधी देश विभाजन से लेकर सारे संविधान विरोधी निर्णयों के लिए माफी मांगें
- वक्फ संशोधन कानून से आदिवासी जमीन होगी सुरक्षित, भगवान बिरसा मुंडा की धरती से खड़गे करें समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन की सरकार पर बड़ा निशाना साधा। डॉ वाजपेयी सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

डॉ वाजपेयी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को झारखंड के सभी जिलों में प्रदर्शन कर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और मांग किया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार राज्य में रह रहे पाकिस्तानियों को चिह्नित कर अविलंब वापस पाकिस्तान भेजा जा। भारत सरकार ने पहलगाम आतंकवादी घटना के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के 14 प्रकार के वीजा को रद्द करते हुए अटारी बॉर्डर को इसी कार्य केलिए खोल रखा है।

कहा कि जहां-जहां देश में इंडी गठबंधन की सरकारें हैं वहां पाकिस्तानियों को चिह्नित कर उन्हें उनके देश भेजने के लिए राज्य सरकार तत्परता नहीं दिखा रही। ऐसा लगता है उन पर तुष्टीकरण का भूत सवार है।

कहा कि इतना ही नहीं कांग्रेस नेताओं के सुर रोज बदल रहे। भारत सरकार द्वारा आयोजित सर्वदलीय बैठक में वे मोदी सरकार के निर्णयों के साथ आतंकवाद और पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई का समर्थन करते हैं। वहीं कई वरिष्ठ नेता केंद्र सरकार, सेना की कार्रवाई पर सवाल खड़ा करने लगे। जो इनकी पुरानी आदत है।



कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धा रमैया और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी का बयान इसी से मिलता जुलता है।

कहा कि आज तो यूपी के कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सेना और भारत की सैन्य शक्ति का मजाक उड़ा दिया। राफेल जैसे उच्च कोटि के लड़ाकू विमान को खिलौना बताया। जिसका हाइवे पर विगत दिनों प्रदर्शन कर सेना ने देश का गौरव बढ़ाया है।

कहा कि राफेल पर स्वास्तिक बनाकर पूजा करने का भी मजाक उड़ाया। यह कांग्रेस का पुराना सनातन विरोधी चरित्र है। जिसने राम के अस्तित्व को मानने से इनकार किया है। राम और रामसेतु दोनों को काल्पनिक बताया है।

कहा कि पहलगाम में हिंदू पहचान के कारण धर्म पूछ कर आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या की। लेकिन सवाल पूछ कर कांग्रेस इन लोगों को, सेना को अपमानित करने में पीछे नहीं हट रही। पहले भी सर्जिकल स्ट्राइक पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किये हैं।

कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर संविधान बचाओ की बात करने आ रहे। जिस कांग्रेस ने संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर का बार-बार अपमान किया।

कांग्रेस पार्टी ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की, 370 लगातार राष्ट्र की एकता अखंडता पर चोट की, देश का विभाजन स्वीकार किया।

कहा कि बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न से वंचित रखा, मंडल कमीशन को ठंडे बस्ते में डाल दिया, पिछड़ा आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं दिया, आरक्षण खत्म करने की बात की, धर्म आधारित आरक्षण का समर्थन किया, वही कांग्रेस संविधान बचाने की बात कर रही। 100 चूहे खाकर बिल्ली हज पर जाने सोच रही।

कहा वक्फ संशोधन कानून आज शेड्यूल 5 के तहत आनेवाले झारखंड राज्य के आदिवासी समाज की जमीन को सुरक्षित करने के लिए कवच बना है लेकिन तुष्टीकरण नीति में कांग्रेस इसके खिलाफ दुष्प्रचार कर रही।

कहा कि राहुल गांधी को अब कांग्रेस का पाप याद आ रहा। अगर उन्हें माफी मांगनी है तो टुकड़ों में क्यों मांग रहे पूरी जिम्मेवारी लें। कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को लूटने और दिग्भ्रमित करने के अलावा कुछ नहीं किया।

प्रेसवार्ता में प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज उपस्थित थे।

# संविधान बचाओ रैली को विजय सभा के रूप में मनायेगी कांग्रेस : प्रदेश प्रभारी

पुराना विधानसभा मैदान में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार 6 मई को रांची के ओल्ड विधानसभा मैदान में कांग्रेस की राज्य स्तरीय 'संविधान बचाओ रैली' का आयोजन होना है। कांग्रेस पार्टी ने इसे विजय सभा के रूप में मनाने का फैसला लिया है। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के प्रदेश प्रभारी के राजू, सह प्रभारी बेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, एआइसीसी के प्रशासक गुरदीप सिंह सप्पल व अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराने के लिए तैयार होने को कांग्रेस पार्टी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के संघर्ष की जीत बताया। साथ ही बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दबाव में आकर जातीय जनगणना कराने के लिए यू-टर्न लिया है। इसलिए कांग्रेस पार्टी इस मांग पर जीत होने पर विजय सभा के रूप में संविधान बचाओ रैली करेगी। कांग्रेस अगले एक सप्ताह तक जिला स्तर पर इसी तरह के कार्यक्रम करेगी।

प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि संसद में जातीय जनगणना की मांग करने वालों को बीजेपी के सांसद अर्बन नक्सल कहते थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा यह फैसला लेना कांग्रेस और विपक्ष का दबाव ही है। के राजू ने कहा कि अब हमारी मांग है कि तेलंगाना की तर्ज पर देशभर में जातीय जनगणना करायी जाये। क्योंकि तेलंगाना में जो जातीय जनगणना की गयी है, उसमें बहुत सारा इन्फॉर्मेशन एकत्रित किया गया है।



## संघर्ष तेज करेगी कांग्रेस: के राजू

प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि अब पार्टी जनसरोकार के तीन मांगों को लेकर जनता के बीच जायेगी और केंद्र की मोदी सरकार पर दबाव बनायेगी। आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीलिंग हटाने की मांग। इसके लिए एआइसीसी ने प्रस्ताव भी पास किया है। नेशनल बजट के एलोकेशन में एसटी/एससी के लिए बजट कम किया जा रहा है, उसे बढ़ाया जाये और पॉपुलेशन के आधार पर बजट हो। सभी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी युवाओं को प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण दिया जाये। के राजू ने बताया कि 2006 में यूपीए की सरकार ने संविधान के आर्टिकल 15(5) में इसका प्रावधान भी किया है। उन्होंने कहा कि सरकारी में तो लाभ मिल रहा है, लेकिन निजी संस्थान में आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। के राजू ने कहा कि पब्लिक को न्याय दिलवाने के लिए संविधान का जीवित होना जरूरी है। लेकिन भाजपा, आरएसएस संविधान खत्म करने की कोशिश कर रही है। जिसका विरोध कांग्रेस पार्टी करेगी।

## पीएम मोदी के इस यूटर्न का स्वागत करते हैं: गुरदीप सिंह सप्पल

एआइसीसी के प्रशासक गुरदीप सिंह सप्पल ने कहा कि राहुल गांधी को धन्यवाद देना इसलिए बनता है, क्योंकि जातीय जनगणना के चैंपियन राहुल गांधी ही हैं। गुरदीप सप्पल ने कहा कि रहुल गांधी ने कहा था कि उनके जीवन का मिशन यही है। उन्होंने कहा कि 2021 के चिंतन शिविर में पहली बार जातीय जनगणना का फैसला लिया गया था कि इसके लिए निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे। सप्पल ने कहा कि केंद्र सरकार ने जातीय जनगणना न करवाने को लेकर कोर्ट में एफिडेविट लिखकर दिया था। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार की जातीय जनगणना से जुड़ी जानकारी और डाटा मोदी सरकार से साझा करने को तैयार हैं।

**ये बड़े नेता रैली में होंगे शामिल** : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया मंगलवार की रैली के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी के राजू, गुरदीप सप्पल, श्रीबेला प्रसाद आदि शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना की घोषणा सिर्फ हेडलाइन बनकर न रहे, बल्कि इसकी डेडलाइन भी तय हो। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मंगलवार की रैली के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक होगी। जिसमें मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव केसी वेणुगोपाल भी शामिल होंगे।

### पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की मांग

# पूर्व सीएम रघुवर दास ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को शीघ्र भारत से बाहर भेजने की मांग को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन शुक्रवार को भाजपा द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला कार्यालय पहुंचकर सौंपा गया। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर राज्य सरकार से मांग की कि केंद्र सरकार द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के आलोक में इस निर्णय को सख्ती से लागू किया जाये। इस संबंध में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता रघुवर दास ने कहा, राज्य सरकार को केंद्र सरकार के निर्देशों का कड़ाई से पालन करना चाहिए और अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें शीघ्र देश से बाहर किया जाना चाहिए। देश की सुरक्षा और नागरिकों के हित में यह आवश्यक कदम है।



## डीएमओ ऑफिस का कंप्यूटर ऑपरेटर घूस लेते गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** डीएमओ ऑफिस में एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार को एसीबी रांची की टीम ने कार्रवाई करते हुए कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए विंदेश तिर्की को दो हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि एसीबी को सूचना मिली थी कि कंप्यूटर ऑपरेटर के द्वारा खनन संबंधी डाटा एंट्री के नाम पर घूस की मांग की जा रही थी। जबकि वादी घूस देने की तैयार नहीं था। जिसके बाद इसकी शिकायत एसीबी की गयी। जिसके बाद एसीबी के द्वारा मामले का सत्यापन किया गया, सत्यापन में घूस मांगे जाने की बात सही पायी गयी। जिसके बाद एसीबी ने कार्रवाई करते हुए कंप्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार कर लिया।

# साहिबगंज में व्यवसायी की हत्या के विरोध में बाजार बंद



पूर्व विधायक अनंत ओझा ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

राज्य में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और प्रशासन पूरी तरह विफल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज जिले में शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान संचालक की दिनदहाड़े गोली मारकर की गयी हत्या के विरोध में स्थानीय व्यापारियों ने सोमवार को अपने दुकानों को बंद रखा। घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए प्रशासन से अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। व्यवसायी की सरेशाम हत्या ने शहर की कानून व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने इसे व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरे की घंटी बताया।

वहीं, राजमहल विधानसभा के पूर्व विधायक अनंत ओझा ने भी इस घटना को लेकर राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और प्रशासन पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। उन्होंने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

## राज्य में आम नागरिकों की जान की कोई कीमत नहीं : बाबूलाल

**रांची (आजाद सिपाही)।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की विधि व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि साहिबगंज के नगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने फिल्मी अंदाज में दुकानदार संजीव साह की गोली मारकर हत्या कर दी। राज्य में आम नागरिकों की जान की कोई कीमत नहीं रह गयी है। पुलिस प्रशासन आम गरीब जनता पर रौब झाड़ने और वसूली करने में मशगूल है, जबकि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले अपराधी बेधड़क वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। बाबूलाल ने सीएम से पूछा कि आखिर कब तक बेकसूर जनता अपनी जान गंवाते रहेगी। यदि अपराधी दुकानदारों को लक्षित कर इसी प्रकार निशाना बनाते रहे तो झारखंड में व्यवसाय करना भी मुश्किल हो जायेगा। उन्होंने साहिबगंज पुलिस से तत्काल आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

### भाजपा ने राज्य भर में चलाया पाकिस्तानियों भारत छोड़ो कार्यक्रम

# आतंकी हमला हम न भूलेंगे, न माफ करेंगे : बाबूलाल

ज्ञापन सौंपकर सभी पाकिस्तानियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा की ओर से सोमवार को पाकिस्तानियों भारत छोड़ो कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान भारत सरकार के समर्थन में अलग-अलग जिलों से सभी पाकिस्तानियों को बाहर किये जाने की मांग को लेकर आक्रोश प्रदर्शन किया। जिलों के डीसी को ज्ञापन सौंपकर सभी वैध, अवैध पाकिस्तानियों की पहचान कर उन्हें बाहर करने की मांग की। रांची में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी, सीपी सिंह, नवीन जायसवाल सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी प्रदर्शन में मौजूद रहे। बाबूलाल ने कहा कि पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है। देश की जनता प्रधानमंत्री के साथ आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में एकजुट होकर खड़ी है। सरकार ने आतंकवाद का पोषक पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए अनेक कठोर निर्णय लिये हैं। इसी क्रम में गृह मंत्रालय भारत सरकार ने विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3(1) के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए वीजा को निलंबित किया है। भाजपा राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोच्चता देती है। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति केंद्र ने अपनायी है। पहलगाम आतंकी हमला हम सब न भूलेंगे, न माफ करेंगे। पाकिस्तान लगातार आतंकी गतिविधियों में शामिल है। पहलगाम में किये गये हिंदू नरसंहार के खिलाफ भाजपा रांची जिला के द्वारा पाकिस्तानियों भारत छोड़ो नारे के साथ आयोजित आक्रोश प्रदर्शन बेहद महत्वपूर्ण है।



पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि पहलगाम में 28 बेगुनाह को धर्म पूछ कर हत्या करने वाले आतंकी, जो पाकिस्तान से आये थे, उनके इस कायरतापूर्ण कार्य को लेकर भारत सरकार ने यहां रह रहे सभी पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द कर दिया है। ऐसे में पूरे देश से पाकिस्तानियों की पहचान कर उन्हें वापस पाकिस्तान भेजने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन झारखंड सरकार ने अभी तक किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को पाकिस्तान भेजने की पहल शुरू तक नहीं की है। उन्हें जानकारी मिली है कि रांची स्थित कई मोहल्ले में वर्षों से पाकिस्तानी नागरिक अपने बेटे-बेटियों, नाती नतिनी और पोते-पोतियों के साथ सरकारी लाभ लेते हुए गुजर बसर कर रहे हैं। उन्होंने रांची डीसी को ज्ञापन के माध्यम से मांग करते कहा कि इन सभी पाकिस्तानियों को चिह्नित करें और अविलंब पाकिस्तान भेजने की व्यवस्था राज्य सरकार करे।

# आइसीएसइ 10वीं बोर्ड की टॉपर शांभवी के घर पहुंचे शिक्षा मंत्री, गिफ्ट किया आइपैड



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** आइसीएसइ 10वीं बोर्ड की नेशनल टॉपर सह जमशेदपुर के लोयला स्कूल की छात्रा शांभवी जायसवाल से राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने उनके कदमा स्थित घर पर पहुंच कर मुलाकात की। इस दौरान शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने इस सफलता के लिए शांभवी जायसवाल को झारखंड सरकार की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ की शांभवी के पिता डॉ अभिषेक जायसवाल और मां डॉ ओजस्वी शंकर को भी बेटी की इस सफलता के लिए बधाई दी। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने शांभवी का हौसला वर्धन करते हुए उन्हें अपनी ओर से आइपैड भेंट किया।

वहीं भविष्य में शिक्षा संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता का आश्वासन भी दिया। इस दौरान शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर शांभवी और उनके परिजन भी काफी प्रसन्न हुए। इसे लेकर जेएमएम नेता कुणाल षाणंगी ने भी अपने एक्स हैंडल पोस्ट से जानकारी साझा की है। जिसमें शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के साथ जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, पोटका विधायक संजीव सरदार, बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती, पूर्वी सिंहभूम की जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू समेत अन्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 मई, 2025
www.azadsipahi.in
04

# कलशयात्रा के साथ हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता







**हजारीबाग।** हजारीबाग कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत कुद में शिवमंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ सोमवार को पांच दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार संग राम दरबार हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हुआ प्रारंभ ग्राम के सनातनी धर्मावलंबियों ने पारम्परिक परिधानों में कलश यात्री पंक्तिबद्ध होकर पारंपरिक ढोल, गाजे-बाजे और परिधान के साथ भव्य व विराट शोभायात्रा निकली। कलश यात्रियों ने हर-हर महादेव और ओम नमः शिवाय का पट्टा धारण कर माथे में कलश लेकर भगवत जयकारा का उद्घोष किया। उद्घोष से संपूर्ण क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा। पारंपरिक भक्ति गीतों की गुनगुनाहट के साथ भक्तिमय महौल बन गया। शोभायात्रा का प्रारंभ नवनिर्मित मंदिर परिसर से हुआ हुआ इसके बाद रेलवे स्टेशन विष्णुपुरी होते हुए सनातनी भक्तों की कलश यात्रा स्थानीय शनि मंदिर पहुंचे जहां गोदा नदी के तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ पुरोहित ने वरूण देवता का आवाहन पुजन कर सभी कलश यात्रियों ने अपने अपने कलश में गोंदा नदी के पवित्र जल को कलश में भर कर भक्ति के वातावरण में झुमते नाचते गाते भगवान का जयकारा लगाते पुनः मंदिर परिसर पहुंचे, बताते चलें कि इस प्रकार के यज्ञ का आयोजन पहली बार इस गांव में हो रहा है वर्षों पुरानी हसरत आज ग्रामीणों की पुरी हो रही है पांच दिवसीय यज्ञ में प्रत्येक दिन बनारस से आये कथा वाचक द्वारा संध्या में प्रवचन होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अध्यक्ष, अवध किशोर साव, सचिव उमेश साव, कोषाध्यक्ष, सिकेन्द्र कुमार, दर्शन राणा, दिलीप साव, योगेंद्र कुमार, गोलू राणा, प्रकाश कुमार, विजय साव, गोपी साव, अंशु कुमार, बालेश्वर साव इत्यादि सैकड़ों की संख्या में लोग लगे हुए हैं।

## महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** यमुनिया डैम के हनुमान धारा में नवनिर्मित सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा हेतु आयोजित सात दिवसीय महायज्ञ में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ आया है। प्रतिदिन अयोध्या धाम से आए आचार्य अनिरुद्ध जी महाराज के द्वारा वैदिक पूजन हवन आरती की जा रही है। महिलाएं भारी संख्या में सुबह से लेकर रात्रि तक महायज्ञ मंडप में फेरी लगा रही हैं। भंडारा रोज चल रहा है। प्रसाद के रूप में खिचड़ी खीर पुड़ी बुंदिया का वितरण श्रद्धालुओं के बीच महायज्ञ समिति के द्वारा रोज किया जा रहा है। दानदाताओं के द्वारा प्रतिदिन दान देकर पुण्य के भागी बन रहे हैं। पूरा विष्णुगढ़ को लाइट गेट और झंडे से पाट दिया गया है। प्रतिदिन आरती के पश्चात वृंदावन से आई कथाकार मानस पुत्री दीदी पुष्पांजलि के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का प्रवचन किया जा रहा है। वृंदावन धाम से आये बृजराज रासलीला के कलाकारों की टोली के द्वारा प्रतिदिन रासलीला दिखाया जा रहा है। बच्चों के लिए झूला और महिलाओं के लिए मीना बाजार भी लगा हुआ है। महायज्ञ परिसर के चारों ओर प्राकृतिक छटा श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है। पूर्व में बहती यमुनिया नहर, पश्चिम में यमुनिया नदी, उत्तर में पक्की सड़क तथा दक्षिण में ऐतिहासिक यमुनिया डैम के कल कल हनुमान धारा में बना भगवान भास्कर का मंदिर लोगों को आकर्षित कर रहा है। श्रद्धालु बताते हैं कि आने वाले दिनों में यह स्थल शादी विवाह और मनोरंजन की दृष्टिकोण से असीम संभावनाएं दिख रही हैं। महायज्ञ का समापन नो मई को होगा। महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के लोग पूरी तन मन के साथ लगे हुए हैं। समिति सभी लोगों के बीच कार्यों का बंटवारा कर महायज्ञ को सफल करने हेतु संकल्पित है। इस कार्य में मुख्य रूप से समिति के रामेश्वर सिंह, आनंद राम, नवल किशोर वर्मा, प्रयाग सोनी, शंकर गोस्वामी, अजय कुमार बबलू, अजय साव, बबलू सिंह, मोहन बरनवाल, जगदीश बर्मन, निर्मल कुमार, चमारी नायक, शिव प्रकाश, पूरन साव, अनुज सोनी, विनोद सिंह, अनूप कसेरा, शेखर सुमन, प्रयाग सोनी, राजेंद्र सिंह, सुरेश भगत, हेमलाल साव, युगल स्वर्णकार, बबीता बरनवाल, गुरु प्रसाद साव समेत स्थानीय जन प्रतिनिधि शामिल हैं।

## युवती ने यौनशोषण और फोटो वीडियो वाइरल करने का आरोप लगाया

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पंचायत चेचकप्पी के हेडली डेबो गांव में एक युवक के द्वारा एक युवती का यौनशोषण कर फोटो और वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। इस बाबत युवती ने 19 अप्रैल को बरकट्ठा थाना में लिखित आवेदन दिया। आवेदन में लिखा कि निर्मल पंडित पिता हेमलाल पंडित ग्राम गमहरिया, बगोदर निवासी ने मुझे शादी का झांसा देकर एक साल से यौन शौषण किया। जब हमने शादी का दबाव दिया तो उसने बताया कि हम दुसरे जात का हैं। जब वह दुसरे जात का होने के वजह से हमारे घर वालों ने दुसरे जगह पर शादी तय कर दी। मेरी शादी 5 मई को तय हुई। जिसके पश्चात उक्त युवक ने अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मेरे साथ यौन शौषण करते रहा। इस मामले में पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने पर 4 अप्रैल की रात को उक्त युवक ने लड़की के घर जाकर हो हंगामा करने लगा। बोला जब-तक हम रहेंगे तब तक तुम्हारी शादी नहीं होने देंगे। वहां पर उपस्थित ग्रामीणों ने उक्त युवक को पकड़ कर रात में पुलिस को सौंप दिया। इस बाबत युवती के पिता ने बरकट्ठा थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगायी है। इस बाबत थाना प्रभारी गौतम उरांव ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा फोन करने पर हमने युवक को थाना में लाया। आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई करेंगे।

## सड़क निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पतरा गांव से मां अष्टभुजी मंदिर कांडेबर तक लगभग 7.5 किलोमीटर तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास सोमवार को बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी ने नारियल फोड़कर किया। इस सड़क का निर्माण 5 करोड़ 93 लाख रुपये की लागत से होगा। सड़क बनने को लेकर लोगों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। शिलान्यास के बाद ग्रामीणों ने सासंद व विधायक को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा केरेडारी मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि कर्मचारी साव, महामंत्री नरेश महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा, आजसू पार्टी से केंद्रीय सदस्य लीलाधन साव, मनोहर कुमार, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष जागेशवर कुमार, भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह उर्फ शेरू सिंह, चंद्रदेव साहू, आजसू युवा प्रखंड सचिव प्रभु साव, चोलेश्वर साव, चंद्रिका रजक, अशोक कुमार, कृष्ण कुमार सिंह, विनोद सिंह, रामचंद्र राम आदि उपस्थित थे।

## नाली का गंदा पानी महीनों से बह रहा सड़कों पर



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** दैनिक बाजार के समीप राधा कृष्ण मंदिर समीप अरविंद मालाकार की दुकान के पास से नाली का गंदा पानी पिछले कई महीनो से सड़कों पर बह रहा है। दैनिक बाजार में प्रतिदिन आने जाने वाले राहगीरों को नाली का गंदा पानी वाहनों के चलने से कपड़ों में छींटे पड़ जा रहे हैं। आसपास के दुकानदार और बाजार आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, दुकानदार अरविंद मालाकार ने बताया कि नटराज नगर जाने वाली गली का पुल के अंदर में टूट गया है जिसके कारण अंदर कचरा भर गया है और नाली जाम हो गया है। यही वजह है कि नाली का पानी सड़कों पर बह रहा है। पश्चिमी पंचायत के मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार ने बताया कि नाली जाम होने की जानकारी मेरे संज्ञान में है और बहुत जल्द इसका निराकरण किया जायेगा।

## उप विकास आयुक्त ने बड़कागांव प्रखंड का किया दौरा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद और जिला परियोजना पदाधिकारी प्रभात रंजन बड़कागांव प्रखंड के दो अलग-अलग पंचायत का दौरा कर मनरेगा योजना से संचालित होने वाली योजना बागवानी के लिए गड्ढा खोदो अभियान का शुभारंभ किया गया। उप विकास आयुक्त अहमद बड़कागांव प्रखंड के बादम पंचायत और परियोजना पदाधिकारी रंजन गोंदलपुरा पंचायत में गड्ढा खोदो अभियान की शुरुआत की गयी। इसके अलावा पंचायत में संचालित पुराने बागवानी का भी अवलोकन और पंचायत में चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ योजना का भी निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात दोनों पदाधिकारी ने बड़कागांव प्रखंड सभागार में प्रखंड के सभी पंचायत सेवक रोजगार सेवक और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रगति रिपोर्ट से अवगत हुए। बैठक में अधूरे आवास योजना को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष बड़कागांव प्रखंड को 235 एकड़ भूमि पर बागवानी करने का लक्ष्य दिया गया है जिसमें अब तक 128 एकड़ भूमि का चिन्हित किया जा चुका है। चिह्नित भूमि पर ही बागवानी योजना का गड्ढा खोदो अभियान की शुरुआत की गयी। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, बीपीओ हीरो महतो, अरुण कुमार, सहायक अभियंता ओमप्रकाश,कनीय अभियंता शमसुद्दीन अंसारी, रोजगार सेवक फजरुल रहमान, तूफानी कुमार गड्ढा खोदो अभियान में शामिल थे। वही समीक्षा बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीओ सहित प्रखंड कोऑर्डिनेटर आशीष कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भास्कर राज, प्रखंड कृषि पदाधिकारी पंकज गुप्ता, आवास कोऑर्डिनेटर विकास कुमार, बीटीएम श्याम नंदन कुमार सहित संबंधित पंचायत सचिव रोजगार सेवक और अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## बिजली तार की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**बरकट्ठा ( आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बेडोकला में सोमवार को 11 हजार वोल्ट लाइन के संपर्क में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। बेडोकला के जमसोती मोड़ पर स्थित राणा फर्नीचर एण्ड स्टील वर्कशॉप के मालिक ग्राम मस्केडीह चलकुशा निवासी धानेश्वर राणा 30 वर्ष पिता भुनेश्वर राणा बिजली तार के संपर्क में आ गये। धानेश्वर राणा अपने दुकान के बाहर टेंपो पर अल्युमिनियम से बनी सामान को रख रहे थे। इसी बीच नीचे से गुजरी 11 हजार वोल्ट जर्जर लाइन की तार के संपर्क में आकर उनकी मौत हो गयी। बेडोकला में रोड के किनारे 11 हजार वोल्ट बिजली तार काफी जर्जर और नीचे से होकर गुजरा है। जिसके बराबर किसी अनहोनी घटना की आशंका बनी रहती है. ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से मामले में अविलंब संज्ञान में लेकर इसे दुरुस्त करने की मांग की है।

# हजारीबाग जिला अध्यक्ष और केंद्रीय नेता को झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी समिति में मिली जगह

आजाद सिपाही संवाददाता





**हजारीबाग।** गत दिन पूर्व रांची में संपन्न झामुमो के केंद्रीय महाधिवेशन के आधार पर केंद्रीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है। इस संबंध में पार्टी के अध्यक्ष और सीएम हेमंत सोरेन के स्तर से कार्यालय आदेश सोमवार को जारी कर दिया गया। इसमें शिबू सोरेन को संस्थापक संरक्षक बनाया गया है जबकि हेमंत सोरेन को अध्यक्ष। हजारीबाग के दो झामुमो के वरिष्ठ नेता जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया और केंद्रीय सदस्य डॉ कमल नयन सिंह को केंद्रीय कार्यकारिणी में जगह दी गयी है। इससे पहले संजीव बेदिया केंद्रीय सचिव के पद पर भी थे, जबकि डॉ कमल नयन सिंह बुद्धिजीवी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। इनके अलावा इसके अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेताओं को पार्टी में बड़े पद दिए गई है। नलिन सोरेन, स्टीफन मरांडी, सविता महतो, सरफराज अहमद, मथुरा प्रसाद महतो, बैद्यनाथ राम और रामदास सोरेन को उपाध्यक्ष बनाया गया हैं। विनोद कुमार पांडेय और सुप्रियो भट्टाचार्य महासचिव और प्रवक्ता और फागु बेसरा, जोबा मांझी, मिथिलेश ठाकुर को महासचिव बनाया गया है। नंदकिशोर मेहता, अभिषेक प्रसाद पिंटु और समीर मोहंती को सचिव पद दिया गया है। विनोद कुमार पांडेय को कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गयी है हेमलाल मुर्मू, कुणाल षाडंगी और मनोज कुमार पांडेय प्रवक्ता बनाये गये हैं। इसके अलावा पार्टी के विधायक, मंत्रियों, सांसदों और अन्य समेत 40 लीडरों को कार्यकारिणी सदस्य की जवाबदेही दी गयी है। इनमें हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी शामिल हैं।

## बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने आठ योजनाओं की रखी आधारशिला



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने रविवार को देर शाम आंधी तूफान और तेज बारिश के बीच बड़कागांव प्रखंड के आठ विकाश योजनाओं की रखी आधारशिला। जिसमें से ग्रामीण कार्य विभाग से सीसीएल उरीमारी चेक पोस्ट से तिलैया तक सड़क सुदृदीकरण कार्य जिसका लंबाई 2.300 किलोमीटर है। भवन प्रमंडल हजारीबाग से डीएमएफटी मद अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय जरजरा, शिवाड़ीह पंचायत में पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवाडीह और उत्क्रमित मध्य विद्यालय नालापार हरली बड़कागांव के उन्नयन कार्य का शिलान्यास। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग द्वारा प्रखंड के पुंदौल से मरदूसोती तक पथ सुदृदीकरन कार्य जिसकी लंबाई 2.020 किमी है। लघु सिंचाई विभाग प्रमंडल हजारीबाग डीएमएफटी मद अंतर्गत प्रखंड बड़कागांव के ग्राम अंबाजीत में राजकीय मध्य विद्यालय का उन्नयन कार्य। लघु सिंचाई प्रमंडल विभाग से चंदौल पंचायत के ग्राम महंगाई खुर्द में रानी तालाब का जीर्णोद्धार कार्य। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग टी 02 से सुकुल खपिया तक पद का सुदृदीकरण कार्य जिसकी लंबाई 2.800 किमी है। मौके पर मुख्य रूप से आजसू रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, आजसू केंद्रीय सचिव कोलेश्वर गंझू, मुखिया बेबी देवी, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, रामचंद्र साहू, पूर्व जिप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, आजसू जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार, जिला सचिव वीरेंद्र प्रसाद, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, सचिव मनोज दांगी, दिनेश दागी, मुरली दांगी, वरिष्ठ आजसू नेता केदार महतो, जगदीश महतो, मुखिया प्रतिनिधि सनित महतो, चिंतामणि महतो, पूर्व मुखिया भीखन महतो, अशोक महतो सहित सैकड़ों भाजपा आजसू कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## बीडीओ ने की पीडीएस डीलरों के साथ की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने विष्णुगढ़ प्रखण्ड के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की उपस्थिति में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को निर्देश दिया कि वैसे सभी कार्डधारी जो अपवर्जन मानक में आते हैं परंतु राशन प्राप्त कर रहे हैं उन्हें चिन्हित कर सूची प्रखंड कार्यालय को जल्द से जल्द उपलब्ध कराये, और संपन्न राशन कार्डधारी को राशन कार्ड सरेंडर करने हेतु प्रेरित करें जांच में पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। साथ ही सभी विक्रेताओं को यह निर्देश दिया गया कि प्रत्येक माह राशन का वितरण निगरानी समिति जो पूर्व से गठित है की उपस्थिति में की जाये बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सभी विक्रेताओं को लाभुकों का ई-केवाईसी विस्तारित तिथि 30 जून 2025 तक करने का निर्देश दिया गया। जिन लोगों का ई केवाईसी किसी कारणवश नहीं हो पा रहा है उससे संबंधित कारण का प्रतिवेदन भी जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि सुधार का कार्य किया जा सके। जिन विक्रेताओं का वितरण प्रतिशत कम पाया गया उन्हें वितरण में सुधार करने का निर्देश दिया गया।

## बेलतु में निकली भव्य कलश यात्रा



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बेलतु गांव में आयोजित श्री रूद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पहले दिन सोमवार को भव्य व आकर्षक कलश यात्रा निकाली गयी। बेलतु से गाजे बाजे और गगनभेदी उद्घोष के साथ श्रद्धालु माथे पर कलश ले कर दुर्गा मंडप में भक्तगण दर्शन करते हुए घाघरा डेम पहुंचे जहां पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन कर कलश में जल भरवाया तत्पश्चात कई गांवों का भ्रमण करते हुए श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर पहुंचे इस कलश यात्रा में विधायक रोशन लाल चौधरी भी शामिल हुए यज्ञ की सफलता की कामना करते हुए भक्तों को सुंदर आयोजन हेतु बधाई दिया। वहीं ग्रामीणों ने भगवा रंग के शॉल देकर विधायक रोशनलाल का स्वागत किया। यज्ञ के दौरान सुबह पूजन, सायं आरती व प्रसाद वितरण व रात्रि में प्रवचन का आयोजन किया गया है। आज से अब अगले एक सप्ताह तक क्षेत्र में भक्ति की बयार बहेगी। यज्ञ की सफलता को लेकर यज्ञ समिति के पदाधिकारी, सदस्य और ग्रामीण रात दिन मेहनत में जुटे हैं। मौके पर भाजपा केरेडारी मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि कर्मचारी साव, महामंत्री नरेश महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा, आजसू पार्टी से केंद्रीय सदस्य लीलाधन साव, मनोहर कुमार, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष जागेशवर कुमार, भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह उर्फ शेरू सिंह, पहरा से भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रदेव साहू, आजसू युवा प्रखंड सचिव प्रभु साव और अन्य एनडीए पदाधिकारी, कार्यकर्ता गण और समस्त बेलतू के ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पाक नागरिकों को वापस पाकिस्तान भेजने को लेकर भाजपा ने सौंपा ज्ञापन




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार द्वारा पाकिस्तानियों को देश से बाहर निकालने का फैसला लिया गया है। जिसके बाद पाकिस्तानी नागरिक वापस जा रहे हैं। झारखंड बीजेपी का आरोप है कि गैर भाजपा शासित राज्य इस फैसले का पालन नहीं कर रहे हैं। जिसके विरोध में सोमवार को भाजपा ने सभी जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। हजारीबाग में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह के नेतृत्व में राज्यपाल और मुख्यमंत्री को उपायुक्त हजारीबाग के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है। भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि हजारीबाग समेत कई इलाकों में भी पाकिस्तान रह रहे हैं। केंद्र सरकार सभी को वापस भेजने का आदेश निर्गत किया है। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है वहां आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। सरकार को ज्ञापन सौंप मांग किया गया है कि जल्द से जल्द कार्रवाई करें। हजारीबाग में दो पाकिस्तानी बहु है। इनमें एक बिहार के कैबिनेट मंत्री रहे कांग्रेस के कद्दावर नेता एचएच रहमान के छोटे भाई आजाद नगर हजारीबाग के सफीकुर्र रहमान की पत्नी अनिका रहमान हैं। सफीकुर्र रहमान ने 1994 में अनिका रहमान से शादी की थी। इनका लॉन्ग टर्म विजा 2014 तक था। 2014 के बाद इनका विजा रिनुअल होने की कार्रवाई प्रक्रिया में है। अनिका रहमान ने कहा कि पाकिस्तान में मायके में कोई नहीं है। पिछले 5 साल से पाकिस्तान नहीं गई है। दूसरी शहर के पेलावल थाना क्षेत्र के बारी कॉलोनी निवासी मिराज अख्तर की पत्नी फातिमा तंजीम हैं। मिराज अख्तर ने 2010 में पाकिस्तान की फातिमा तंजीम से शादी की थी। उनका लॉन्ग टर्म विजा 2021 तक का है। आगे का रिव्यू प्रक्रिया में है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि दोनों के बारे में गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय को जानकारी दी गयी है। जैसा आदेश निर्गत किया जायेगा वैसा किया जायेगा।

## जयनगर में प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15 वें वित्त आयोग, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम, पेंशन, बाल विकास परियोजना, पशुपालन सहित अन्य विभागों से संबंधित समेकित समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पशुपालन पदाधिकारी, सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, बीएफटी, कृषि पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, आकांक्षी प्रखंड फेलो अशोक कुमार, आवास समन्वयक सुमित कुमार झा, पंचायती राज प्रखंड समन्वयक विवेक कुमार सहित विभागीय पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

# कोडरमा में भाजपा कार्यकर्ताओं का आक्रोश प्रदर्शन

# पाकिस्तानियों को देश से बाहर करो: डॉ नीरा यादव

आजाद सिपाही सवांददाता



**कोडरमा।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने बजरंग बली मंदिर चौक से कोडरमा समाहरणालय तक रैली निकाली। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक नीरा यादव थीं जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने की। जुलूस में पाकिस्तान हाय हाय, पाकिस्तान मुर्दाबाद, झारखंड सरकार हाय हाय झारखंड सरकार अवैध घुसपैठियों को संरक्षण देना बंद करो, पाकिस्तानियों को बाहर करो आदि नारों के साथ जुलूस कोडरमा समाहरणालय उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि पहलगाम में निर्दोषों की निर्मम हत्या के विरोध में भारत सरकार ने पाकिस्तानियों को विदेशी अधिनियम के 1946 के तहत पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा निलंबित करने का आदेश दिया था। लेकिन झारखंड सरकार कार्यवायी नहीं कर रही है। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा झारखंड सरकार अवैध घुसपैठियों की शरणगाह बनी हुई है। आज पूरा देश पाकिस्तान के कृत्य से गुस्से में है। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, नीतीश चन्द्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, देवनारायण मोदी, जिला महामंत्री विजय यादव, शिवेंद्र नारायण, जिला मंत्री दिनेश सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश सिंह, सुभाष मोदी, हरी पंडित, प्रवीण पांडेय, पप्पू मंडल, बैजनाथ यादव, नरेंद्र पाल, अजय पांडेय, मुकेश राम, सुधीर सेठ, द्वारिका राणा, नवीन चौधरी, नरेश यादव, दीपू सिंह, उत्तम कुमार, संजय पासवान, अरसद खान, विनोद सिन्हा, राजेश सिंह राजू भैया, सचिन्द्र कुमार शर्मा, सन्दीप कुमार, राजू यादव, मुकेश यादव, मुन्ना वर्णवाल, रवींद्र कुमार, नरेन्द्र सिंह, दिलीप सिन्हा, रमेश भारती, महेंद्र राजवंशी, राजा बाबू, सुनील मण्डल, विक्रम सिंह, ब्रह्मदेव यादव, भगवान दास साहू, मनीष यादव, प्रेम कुमार, देवराज पांडेय, रवि कुमार सिंह, दिलीप कुमार, नगीना पासवान, अंकित गुप्ता, संजय वर्मा आदि ने ज्ञापन सौंपा।

## राजा खान ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के महुंगाईकला पंचायत के बलोदर गांव में बीते दिनों ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना आम जनों से बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी को मिली। जिसपर विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी से बात कर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का निर्देश दिया। तत्पश्चात विधायक के आदेशानुसार 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। इसके बाद आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजा खान के द्वारा फिता काटकर व नारियल फोड़कर विधिवत्त ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। बिजली बहाल होने से लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। मौके पर आजसू नेता राजा खान ने कहा कि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी का एक ही उद्देश्य है की बड़कागांव का कोई भी गली मोहल्ला अंधेरे में ना रहे। ट्रांसफार्मर कहीं भी खराब होता है तो विधायक को सूचना दें यथाशीघ्र उसे बदलकर बिजली बहाल कर दिया जायेगा। बिजली बहाल होते ही ग्रामीणों ने विधायक रोशन लाल चौधरी को धन्यवाद दिया। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजा खान, प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, वरिष्ठ आजसू नेता अनिल प्रसाद, अखिलेश वर्मा, मेगनाध महतो, कुनीत महतो, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, उदय कुमार, कमलेश कुमार, शिमा देवी, शबीता देवी कबुतरी देवी, वासुदेव महतो, नरेश महतो राम, विलास महतो, बाबुलाल महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 मई, 2025
www.azadsipahi.in
05

## भाजपा नेता की धर्मपत्नी पंचतत्व में हुई विलीन

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी के धर्मपत्नी चुनर देवी (68 वर्ष) चितरपुर सांडी निवासी का 4 मई को अचानक तबीयत खराब होने के कारण निधन हो गया था, भाजपा नेता की धर्मपत्नी का निधन होने से पूरे क्षेत्र में मातम छा गया, निधन के बाद पास पड़ोस के सैकड़ों लोग पैतृक आवास सांडी पहुंचकर परिजनों से मुलाकात किया, शोक संवेदना व्यक्त किया, दु:खद के बेला में परिजनों को ढाढ़स दिया गया, मृतक का अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयी, उनके निधन से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, मृतक मृतक के पार्थिव शरीर को 5 मई को अंतिम दर्शन किया गया, रजरप्पा क्षेत्र के भैरवी नदी बमनदरहा श्मशान घाट पर अंतिम दाह संस्कार किया गया। मृतक के पति भाजपा नेता चंद्रशेखर चौधरी ने अमृत पत्नी को मुखाग्नि दी। मृतक का पार्थिव शरीर पंचतत्व में हुआ विलीन भैरवी नदी के श्मशान घाट पर अंतिम दास संस्कार में जुटे सैकड़ों लोग जिनमें मुख्य रूप से सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, नीलकंठ रतन चौधरी, राजेंद्र नाथ चौधरी, गोपाल चौधरी, गजेंद्र चौधरी, तीर्थ नाथ चौधरी, देवनारायण चौधरी, दुर्गाचरण चौधरी, चितरंजन चौधरी, मेनन चौधरी, विजय प्रताप, चौधरी राजदीप चौधरी, जितेंद्र चौधरी, शिवधर चौधरी, समाज सेवी पियूष चौधरी, विनोद बिहारी चौधरी दाह संस्कार में हुए शामिल।

### पाकिस्तानी भारत छोड़ो के नारों के साथ भाजपाइयों ने किया विरोध प्रदर्शन

# पहलगाम आतंकवाद ना भूलेंगे, ना माफ करेंगे, बदला लेकर रहेंगे: प्रदीप वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में पाकिस्तान भारत छोड़ो नारों के साथ समाहारणालय के समीप पैदल मार्च कर भारत सरकार के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के महामंत्री व राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने मुर्शिदाबाद और पहलगाम की घटना की निंदा किया।

प्रदीप वर्मा ने कहा कि पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठा रही है। देश की जनता प्रधानमंत्री के साथ आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में एकजुट होकर खड़ी है। वहीं पाकिस्तान से व्यापार बंद करने, अटारी बॉर्डर को बंद करने सहित पाकिस्तान से हर तरह के संबंध समाप्त किये जा रहे हैं। वहीं वैध और अवैध तरीके से रह रहे पाकिस्तानियों को भारत छोड़ने का आदेश जारी किया गया है। इसी क्रम में गृह मंत्रालय भारत सरकार ने विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3 एक के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए पाकिस्तानियों का वीजा को निलंबित किया है।

**प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने भी प्रदर्शन में अपनी बात रखी:** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने भी प्रदर्शन में अपनी बात रखी और जेहादी घटना की निंदा की। कार्यक्रम के अन्त में उपायुक्त के नाम के ज्ञापन सौंपागया। जिसकी प्रतिलिपि राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भी प्रेषित किया गया।

प्रदर्शन में प्रदेश, जिला, मंडल और शक्ति केन्द्र के वरिष्ठ नेता और सक्रिय सदस्य के अलावा प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रणंजय कुमार, डॉ संजय कुमार सिंह अनिल कुमार राय, डॉ संजय प्रसाद सिंह, रंजन फौजी, राजेन्द्र कुशवाहा, दिनेश प्रसाद, महेन्द्र प्रजापति, राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, जिला मंत्री संजीव कुमार बबला, लक्ष्मी देवी, संजय प्रभाकर, अशोक सोनी, राजीव पामदत्त, प्रवीण कुमार सोनू, भीमसेन चौहान, देवानंद कुमार, अखिलेश प्रसाद, पंकज कुमार गुप्ता, मोर्चा जिला अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव, शीतल सिंह, सनी कुशवाहा, वारिश खान, रूपा देवी, मनोज गिरि, सूर्यवंश श्रीवास्तव, बबलु साव, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, अशोक कुमार, नरेश साव, प्रो आलोक कुमार, सहदेव ठाकुर, मनोज कुमार महतो, सुशांत पांडेय, ऋषिकेश सिंह, ब्रजेश पाठक, राजेश ठाकुर, अर्जुन यादव, सत्यजीत सिंह आदि मौजूद थे।

### आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है केंद्र सरकार

**श्री वर्मा ने कहा कि सरकार ने राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोच्चता देते हुए आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह संकल्प है पहलगाम आतंकवाद ना भूलेंगे, ना माफ करेंगे! बदला लेकर रहेंगे। उन्होंने सेना को खुली छूट दी है वो खुद रणनीति तय करें।**

## 'पाकिस्तानियों भारत छोड़ो' नारे के साथ भाजपा ने किया प्रदर्शन, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



चतरा (आजाद सिपाही)। पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार 5 मई को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया गया। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा थाना मोड़ जतराहीबाग चौक से 'पाकिस्तानी भारत छोड़ो' का नारा लगाते हुए आक्रोश मार्च निकाला। जो समाहरणालय के मुख्य द्वार पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। सभा के पश्चात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्री राय ने कहा कि भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है। देश की जनता प्रधानमंत्री के साथ आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में एकजुट होकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने आतंकवाद का पोषक 'पाकिस्तान' को सबक सिखाने के लिए अनेक कठोर निर्णय लिए हैं, इसी क्रम में केंद्र सरकार ने विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए वीजा को निलंबित कर दिया है। जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोच्चता देते हुए मोदी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता, महामंत्री मिथलेश गुप्ता, डॉ मृत्युंजय सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक शर्मा, जिला प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अक्षयवट पांडेय, उपाध्यक्ष सुजीत जयसवाल, विद्यासागर आर्य, कपिल पासवान, नवीन साह, शिवकुमार चौबे, गोपाल सोनी, प्रमोद यादव, राजेंद्र साव, ओबीसी जिलाध्यक्ष सुनील चौरसिया, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष पोसन भारती, टुनटुन सिंह, अमित सिंह, बब्लू सिंह, मंडल अध्यक्ष दयानिधि सिंह, जीतेन्द्र सिंह, सतीश दांगी, महेन्दर नायक, बीरेंद्र सिंह मुन्ना, रौनक सिंह, प्रदीप रावत, जितेंद्र पांडेय, बिनय पाठक, काली यादव, चंचल पासवान, विकाश यादव, राजू श्रीवास्तव, दिनेश्वर भारती, चम्पा देवी, सूर्यदेव सिंह भोगता, युवा मोर्चा जिला मंत्री मनीष सिंह, संजय प्रजापति, दीपक शर्मा, प्रदीप दांगी, दिनेश गोप, अजित लाल, गणेश सिंह, सूरजबली प्रसाद, सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महायज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा



मांडू (आजाद सिपाही)। मांडू प्रखंड अंतर्गत आदर्श ग्राम गरगाली में आयोजित श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र पांच दिवसीय महायज्ञ को लेकर सोमवार को कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक निर्मल महतो और विशिष्ट अतिथि राजकुमार महतो, रविंद्र कुमार, मुखिया अनीता देवी, बैजनाथ राम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। साथ ही इससे पूर्व सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक श्री महतो ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन से अपने धर्म के प्रति लोगों की आस्था बढ़ती है। राजकुमार महतो ने कहा कि महायज्ञ होने से क्षेत्र में शांति का माहौल बनता है, और नकारात्मक भावनाएं दूर होती है। इस कलश यात्रा के दौरान गाजे बाजे के साथ 1001 महिलाएं कलश यात्रा में शामिल सभी कलश यात्री पैदल चलते हुए हर-हर महादेव, जय श्री राम, जय राम, जय जय राम के गगन भेदी जयकारों के साथ 15 माईल स्थित दूधी नदी पहुंचे। कलश यात्रा में महायज्ञ के मुख्य पुजारी में संजय महतो, शर्मिला देवी, सुरेंद्र महतो, दिलेश्वरी देवी, बालदेव ठाकुर, निर्मला देवी, मुंशी महतो, अनीता देवी, परमेश्वर ठाकुर, अनीता देवी, जयनाथ महतो, उर्मिला देवी, गुरुदयाल गंझू, फूलमती देवी, विजय गंझु, राखी देवी, गोपाल महतो, लाखो देवी, प्रदीप साहू, पुतुल देवी, लखन महतो,लोकनाथ, यशोदा देवी, दशरथ ठाकुर, किरण देवी, शंकर राम,सीता देवी, रामेश्वर, रामदुलारी देवी, बसंत महतो, सुमित्रा देवी शामिल थे।

## नशे के खिलाफ चलाया गया जागरूकता अभियान



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने समाज में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए नशे के विरोध जागरूकता अभियान चलाकर नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसके लिए पतरातू एसडीपीओ (आइपीएस) गौरव गोस्वामी के द्वारा पतरातू स्थिति एसएस प्लस टू हाई स्कूल में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर एसडीपीओ ने छात्रों को नशा से दुर रहने के लिए प्रेरित किया व इससे होने वाली बुराइयों व शारीरिक नुकसान, गलत संगत व दुष्प्रभाव के बारे में अवगत कराया। इस दौरान एसडीपीओ ने विभिन्न स्कूलों में एक बॉक्स लगाने की बातें भी कहीं जिसमें नशे के व्यापार करने वाले लोगों के खिलाफ सूचना बॉक्स के माध्यम से या उनके कार्यालय में आकर मिलकर दे सकते हैं। इस दौरान एसडीपीओ ने छात्र छात्रों से बातें की और उनके विचारों को भी जाना। छात्र छात्रों ने एसडीपीओ से उनकी सफलता के बारे में सवाल करते हुए तैयारी का मार्गदर्शन मांगा। जिस पर एसडीपीओ ने विद्यार्थियों को सिविल सर्विस परीक्षा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्र छात्रों को इस परीक्षा के प्रारूप के बारे में बताया व उन्हें सफलता के मंत्र भी दिए। इस दौरान एसडीपीओ ने छात्र छात्रों से कहा कि वह रोजाना अखबार जरूर पढ़ें। अखबार पढ़ने से उन्हें देश और दुनिया में होने वाली घटनाओं के बारे में जानकारी मिलती है, जिससे सामान्य ज्ञान मजबूत होता है। मौके पर पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, प्राचार्य रविंद्र रविदास विनेशवर महतो, पीपी सिंह, एके चितलांगिया, अंजय कुमार, निर्मला कुमारी, नूर आलम, आजमी विनोद, कुशवाहा विवेक उराव, अंशु नीलम तिर्की, नीतू कुमारी, श्वेता कुमारी, सुप्रिया रानी, राजीव रंजन सिंह, मृत्युंजय गुप्ता, अजीत कुमार सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## संभागीय खेल कूद प्रतियोगिता में केवी चतरा के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

चतरा (आजाद सिपाही)। हजारीबाग केंद्रीय विद्यालय में आयोजित संभागीय खेल कूद प्रतियोगिता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिमरिया चतरा के 24 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान कब्बडी और क्रिकेट में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर बोकारो, द्वितीय स्थान पर चतरा तो तृतीय स्थान पर पतरातू की टीम रही है। हालांकि पूरे प्रतियोगिता में ओवरऑल बेहतर प्रदर्शन के आधार पर कबड्डी अंडर 17 में विरोधी टीम को धूल चटा देने वाले हिमांशु कुमार, शिवम कुमार और आयुष राज का चयन रांची रीजन संभागीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। ये तीनों खिलाड़ी बंगलोर में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इतना ही नहीं अंडर 17 क्रिकेट प्रतियोगिता में विरोधी टीम के गेंदबाजों की बखिया उधेड़नेवाले बल्लेबाज हिमालय राज और सत्यम राज का चयन भी नेशनल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। ये दोनों अहमदाबाद में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में झारखंड की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगें। खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन खेल शिक्षक डी खलखो के कुशल मार्गदर्शन में निखरकर सामने आया है। वहीं संभागीय प्रतियोगिता में चतरा केवी का झंडा बुलंद करने वाले खिलाड़ियों को विद्यालय के प्राचार्य मंटू कुमार ने बधाई देते हुवे नेशनल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर चतरा केवी के साथ साथ झारखंड का नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विद्यालय के शिक्षक विकास कुमार, लोकेश कुमार, आशीष कुमार यादव सहित अन्य ने बधाई दी है।

## उज्ज्वला फाउंडेशन का सिलाई-कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू

### उच्च शिक्षा के साथ कौशल प्रशिक्षण जरूरी : मनोज मंजीत

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में सोमवार को स्वंयसेवी संस्था उज्जवला फाउंडेशन का सिलाई और कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ जिला कौशल सह नियोजन पदाधिकारी मनोज मंजीत ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर की। साथ ही, सिलाई मशीन व कंप्यूटर का अनावरण किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ डीके मिश्रा शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने आगत अतिथियों का स्वागत बुके व अंग वस्त्र भेंट कर किया। इस अवसर मनोज मंजीत ने कहा कि किसी भी संस्था का तीन साल पूर्ण होने पर कौशल विभाग से जुड़ कर सामाजिक कार्य करने का प्रावधान है। उन्होंने फाउंडेशन के अबतक किये गये कार्यों की सराहना की। कहा कि महिलाएं सिलाई प्रशिक्षण तक अपने आप को सीमित न रखें। सरकार द्वारा कुटीर उद्योग के लिए कम ब्याज पर मिलने वाले लोन लेकर अपने आपको आत्मनिर्भर बनाये। जिससे आप अभी सशक्त बन सकेंगे। वहीं, फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने सदस्यों को प्रशिक्षण प्रक्रिया का शुभारंभ की बधाई देते हुए कहा कि संस्था का पहला प्रयास सफल रहा। आने वाले दिनों में यह प्रशिक्षण सदस्यों के लिए आर्थिक रोजगार रूपी वरदान साबित होगा। इधर, उमा डेंटल केयर, कुजू के चिकित्सक डीके मिश्रा द्वारा दर्जनों सदस्यों का शिविर में निःशुल्क दंत जांच किया गया। जबकि बालाजी मेडिकल, कुजू का निःशुल्क जांच शिविर में कई सदस्यों ने जांच कराया। इस अवसर पर दंत चिकित्सक अभिमन्यु प्रसाद, बालाजी मेडिकल संचालक अमित अग्रवाल, रंजीत सिन्हा, तोकेश सिंह, रतन प्रसाद साहू, सुनील साहू, डिंपल प्रजापति, आशा कुमारी, शांति देवी, वीणा देवी, अनिता देवी, जनक प्रसाद, प्रकाश केशरी, सुखदेव सोनी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, गुड़िया देवी, संगीता देवी, सुमन देवी, रिंकी देवी, छोटन प्रजापति समेत दर्जनों सदस्य शामिल रहे।

## आगामी 10 मई को रैयत विस्थापित मोर्चा आयोजित

**टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के गाड़ीलौग में रविवार को रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिप सदस्य सुभाष यादव और संचालन विनोद गंझू ने किया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। जिसमें रैयत विस्थापित मोर्चा का क्षेत्रिय सम्मेलन दस मई को मगध के देवलगड़ा मेला टांड में करने का निर्णय लिया गया। जिसमें मगध परियोजना से प्रभावित विस्थापित रैयत एवं रैयत विस्थापित मोर्चा के पदाधिकारी और सदस्य भाग लेंगे। बैठक में निर्णय लिया कि सीसीएल द्वारा अधिग्रहित खाली पड़ी भूमि और उत्खनन के बाद खाली जमीन को सीसीएल द्वारा समतलीकरण कर के भू स्वामी 10 रैयतों को वापस किया जाये। क्षेत्र में 75 प्रतिशत आउटसोर्सिंग कंपनी में विस्थापितों को बहाल किया जाये। जिन रैयतों का जमीन में खनन हो चुका है। वैसे रैयतों को जल्द से जल्द नौकरी दिया जाये। उच्च शिक्षा प्राप्त विस्थापितों को सीधा नौकरी दिया जायें।**

## किसानों को धान बीज के बारे में दी गयी जानकारी

हंटरगंज (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बलुरी पंचायत के गांव परशुराम नगर चोखड़ा के दुर्गा मंडप परिसर में विश्व के अग्रणी बीज कंपनी पायोनियर के द्वारा सोमवार को एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में उपस्थित हजारीबाग के जोनल मैनेजर आशुतोष कुमार, इम्तियाज और चतरा जिला का टेरेटरी मैनेजर निवारण पांडेय द्वारा किसानों को पायोनियर का 27 पी37 धान के बीज बारे में बताया गया। मौके पर किसानों को 27पी37 धान के गुन और विशेषताएं के बारे में जानकारी दी गयी। जिसमें पायोनियर 27 पी37 धान 2 नंबर खेत में सबसे ज्यादा उपज देने वाली धान है और हंटरगंज प्रखंड के क्षेत्रीय प्रतिनिधि श्रीकांत कुमार द्वारा किसानों को जागरूक करते हुए बताया कि 27 पी किस्मत37 बहुत है उपजाऊ धान है और उसे गांव के किसान सही तरीके से बिचड़े करने का जानकारी भी दी गयी और मौके पर उपस्थित किसान विजय सिंह, सुबोध सिंह, पंकज सिंह, कारू सिंह, लोकेश सिंह समेत दर्जनों किसान उपस्थित थे तथा उसे गांव के समृद्धि के लिए एक विजय रैली भी निकल गया।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 101 दिनांक 03.04.2025 । मैं हीरालाल महतो पिता मोती महतो, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी ग्राम-करमा (टोला बलिया), पो०- करमा, थाना -माण्डू जिला - रामगढ़ (झारखण्ड) राष्ट्रीयता - भारतीय निम्नलिखित ब्यान शपथ पूर्वक करता हूँ कि -
1. यह कि मेरी पुत्री का सही वास्तविक नाम RAWINA KUMARI है जो आधार कार्ड में दर्ज है जिसका आधार संख्या 7937 4617 6105 है।
2. यह कि, मैं अपना पुत्री का नाम से पोस्ट ऑफिस रामगढ़ में सुकन्या समृद्धि योजना का खाता खोलवाया था जिसमें मेरी पुत्री का नाम RAVIAN KUMARI दर्ज हो गया है। जिसको खाता संख्या 8223601183 है। यह कि RAWINA KUMARI व RAVIN KUMARI एक ही बच्ची का नाम है जो मेरी पुत्री है।
यह की यह शपथ पत्र मै अपनी पुत्री का नाम पोस्ट ऑफिस का खाता में RAVIN KUMARI के स्थान पर RAWINA KUMARI करने हेतू बना रहा हूं।
यह कि उपरोक्त लिखित कथन सत्य व सही है।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 81 date 16.04.2024, I Kunti Devi W/o. Suraj Kumar Singh R/o. Vill.- Sandi, Po.- Bharechnagar, P.o- Mandu, Dist.- Ramgarh, Jharkhand, do hereby solemnly affirm as under :- 1. That my true and correct Name is Kunti Devi, which is mentioned in my Voter ID Card No. GLM8643827. 2. That in my Aadhar Card no. 3071 8600 3549 my name is wrongly written as sonali Devi. 3. That I am know and called by kunti devi for all purposes. 4. That my true and correct name is kunti Devi . 5. That the statements made above are ture and correct.

## एनडीआरएफ टीम ने प्राकृतिक आपदा से बचाव का दिया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में सोमवार को 9 बटालियन एनडीआरएफ की टीम ने क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के आपदा से निपटने के लिए लोगों को तत्काल रिलीफ कार्य करने का प्रशिक्षण दिया। जिसकी अध्यक्षता अंचल अधिकारी अरुण कुमार मुंडा ने की। प्रशिक्षण में बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप, बाढ़ आपदा प्रबंधन के एसआइ उदय सिंह सहित एनडीआरएफ की टीम मौजूद थी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हंटरगंज प्रखेड सह अंचल के कर्मचारी, मुखिया, पंचायत सदस्य, स्वयं सेवक और आमलोगों ने बढ़ - चढ़कर भाग लिया। टीम का नेतृत्व कर रहे बटालियन के निरीक्षक उदय सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागी सदस्यों को बाढ़ से पूर्व की तैयारी, भूकंप सुरक्षा, बाढ़ बचाव तकनीक, सर्पदंश प्रबंधन, अस्पताल पूर्व चिकित्सा तकनीक आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। एनडीआरएफ के एसआई उदय सिंह ने बताया कि अन्य देशों के मुकाबले हमारे देश में कम जहरीले सांप होते हैं। फिर भी हमारे यहां सर्पदंश से अधिक लोगों की मौत होती है। इसका कारण लोगों में जानकारी की कमी है। उन्होंने बाढ़ से बचाव के बारे लोगों को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि बाढ़ के दौरान बीमारी से बचने के लिए पानी को गर्म कर पीना चाहिए। इस दौरान प्रशिक्षण टीम ने अग्नि और ठनका के बारे में बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया। मौके पर बीपीओ बिनोद कुमार गुप्ता, योगेश शर्मा, नजीर सुबोध कुमार, तौफीक आलम समेत अन्य मौजूद थे।

# संविधान बचाओ रैली रांची के धुर्वा में आज रामगढ़ से सैकड़ों लोग होंगे शामिल

### 2014 के बाद से संविधान की मर्यादा को तार-तार किया जा रहा है: शहजादा

### संविधान बचाने के लिए उतरे सड़क पर, भाजपा छीन रही लोगों की अधिकार: ममता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रांची के धुव में मंगलवार को आयोजित संविधान बचाव रैली में रामगढ़ से सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल होंगे, हमारे नेता राहुल गांधी संविधान बचाने के लिए सदन के अंदर और बाहर लड़ाई लड़ रहे हैं एक योद्धा की तरह, भाजपा की नेतृत्व वाली सरकार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। 2014 के बाद से संविधान की मर्यादा को तार-तार भाजपा के द्वारा किया जा रहा है, जो देश हित के लिए अच्छी नहीं है। उक्त बातें सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कही। उन्होंने कहा कि राज्यों में केंद्रीय प्रतिनिधित्व कर रहे राज्यपाल को राजनेता के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। सीबीआइ जैसे संस्था में भी बड़ा अंतर देखा जा रहा है। जब सुप्रीम कोर्ट के चार न्यायाधीशों को प्रेस वार्ता करना पड़ा। उन्होंने कहा कि देश में सुनियोजित तरीके से संस्थाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है और विपक्ष को परेशान किया जा रहा है। जबकि संविधान बनाने में कांग्रेस ने बलिदान दिया है। संविधान खतरे की वजह से समाज के सभी वर्गों में खतरा मंडरा रहा है।

**संविधान बचाने के लिए उतरे सड़क पर, भाजपा छीन रही लोगों की अधिकार: ममता:** प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा कि संविधान को बचाने के लिए हमारे नेता राहुल गांधी सड़क से लेकर सदन तक लड़ रहे हैं और अपनी विपक्ष की भूमिका भी अदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर लोगों के अधिकार छिनने का काम बीजेपी कर रही है। इसे बचाने के लिए भी हम सभी को आगे आने की जरूरत है। उन्होंने जिले के कांग्रेसियों से आह्वान करते हुए कहा कि रैली में ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल होकर संविधान बचाने में अपनी एक जुटता दिखायें।

**2014 के बाद से विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की स्थिति ठीक नहीं: जेपी पटेल:** प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मांडू विधानसभा के पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि 2014 के बाद से विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र देश की स्थिति ठीक नहीं है, देश की जनता कष्ट में है। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्णय लेने से पहले सरकार अधिकारियों के साथ बैठक का निर्णय लेती है। लेकिन भाजपा की सरकार बिना अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्णय ले लेती है, जिससे देश की जनता परेशान होती है। जातीय जनगणना के लिए राहुल गांधी ने सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन किया था। देश हित के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में संविधान बचाओ रैली पूरे देश में चलाया जा रहा है।

प्रेस वार्ता में ये थे उपस्थित

प्रेस वार्ता में जिला कार्यकारी अध्यक्ष पंकज तिवारी 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, बलजीत सिंह बेदी, सीपी संतन, रणधीर गुप्ता, खोगेंद्र साव, शहजाद खान, शिबू दांगी, बलराम साहू आदि उपस्थित थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं. पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2025/13, दिनांक 02.05.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय (पांचवीं मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डनरीच रोड, कोलकाता-700043 द्वारा 'ई' प्रोक्योरमेंट प्रणाली के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे निम्नानुसार वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। सभी निविदाएं अपराह्न 2.00 बजे बंद कर दी जाएंगी। **क्रमांक एवं निविदा सं., खुलने की नियत तारीख, संक्षिप्त विवरण, मात्रा, ईएमडी रकम** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **(1) 33253065;** 30.06.2025; फिएट आईआर बोगी के लिए प्राइमरी वर्टिकल डम्पर; 14170 अदद; रु. 13,87,830/-। **(2) 33253017;** 26.06.2025; एक्सल बॉक्स पाइवोट बुश; 10318 अदद; रु. 10,52,740/-। **(3) 33253092;** 20.06.2025; इंटर कार गैंगवे माउंटिंग; 1370 अदद; रु. 10,94,620/-. **(4) 33253012;** 18.06.2025; बॉल ज्वाइंट ट्रैक्शन लीवर; 15042 अदद; रु. 3,47,160/-। **(5) 33253013;** 16.06.2025; बॉल ज्वाइंट रोल लिंक; 12847 अदद; रु. 4,62,360/-। **(6) 33251479;** 12.06.2025; प्राइमरी सस्पेंशन के लिए टीपीयू रिंगों का सेट; 1150 सेट; रु. 5,25,430/-। **(7) 33255005;** 10.06.2025; रेट्रोफिटमेंट की आपूर्ति एवं स्थापना; 345 सेट; रु. 13,37,730/-। **(8) 33253477;** 04.06.2025; एफआईबीए का आवश्यक रूप से बदलाव किया जाने वाला किट; 1620 सेट; रु. 10,24,620/-। **(9) 38250050;** 27.05.2025; 3 मद सम्मिलित एमके-50 उच्च क्षमता ड्राफ्ट गीयर के लिए पीओएच किट-1; 140 सेट; रु. 2,29,550/-। **(10) 38251527;** 29.05.2025; कैसनब 22 एचएस बोगी (डिजाइन ए) इत्यादि के लिए 3 मद सम्मिलित पीयू पैड का किट; 12700 सेट; रु. 20,00,000/-। **(11) 38253343;** 02.06.2025; अपग्रेडेड एचटी-सीबीसी इत्यादि के लिए लॉक लिफ्ट लीवर असेम्बली; 16800 अदद; रु. 2,78,630/-। **(12) 38251523;** 23.06.2025; कैसनब 22 एनएलबी एवं कैसनब 22 एचएस बोगियों के लिए 3 बोगी सेंटर पाइवोट टॉप (स्फेरिकल टाइप); 3630 अदद; रु. 5,00,300/-। **(13) 38251517;** 07.07.2025; काट्रिड्ज रोलर बीयरिंग के लिए (सकरा जॉ एवं चौड़ा जॉ के लिए) साइड फ्रेम की; 268870 अदद; रु. 7,23,370/-। **(14) 38253048;** 10.07.2025; उच्च क्षमता ड्राफ्ट गीयर पैड इत्यादि; 12800 अदद; रु. 2,16,590/-। **(15) 38253344;** 14.07.2025; उन्नत एचटी-सीबीसी इत्यादि के लिए स्ट्राइकर कॉस्टिंग वीयर प्लेट; 82470 अदद; रु. 4,37,570/-। **(16) 60255123;** 29.05.2025; प्री स्ट्रेस्ड मोनो ब्लॉक कंक्रीट स्लीपर इत्यादि का निर्माण एवं आपूर्ति; 510 सेट; रु. 20,00,000/-। **(17) 60255092;** 30.05.2025; स्पेशल फ्लैट बीयरिंग प्लेट; 2702 सेट; रु. 20,00,000/-। **(18) 60255119;** 02.06.2025; प्रीस्ट्रेस्ड मोनो ब्लॉक कंक्रीट स्लीपर इत्यादि का निर्माण एवं आपूर्ति; 2000 सेट; रु. 11,32,800/-। **(19) जीईएम बोली सं. जीईएम/2025/बी/6183817;** 22.05.2025; कार्यकारी वोल्टेज के लिए एक्सएलपीई केबल तथा 1.1 केवी सहित आईएस 7098 (पार्ट1) (क्यू 2) के अनुसार, नियत तारीख 22.05.2025 तक; 15000 मीटर; रु. 1,18,500/-। **(20) 29244855;** 21.05.2025; वाइंडिंग वायर फ्लैट एफआई सीयू एफओ 13 सीआर; 4800 किग्रा; रु. 1,64,770/-। **(21) 25253578**; 28.05.2025; पावर सर्किट अर्थ फॉल्ट रिले क्यूओपी; 105 अदद; रु. 1,88,080/-। **(22) 29253815;** 03.06.2025; लैबीरिंथ एवं बीयरिंग कैप का सेट; 2134 सेट; रु. 18,32,180/-। **(23) 25253622;** 17.06.2025; माइक्रोप्रोसेसर आधारित इलेक्ट्रॉनिक स्पीड सह इनर्जी मोनिटरिंग सिस्टम; 78 अदद; रु. 4,46,670/-। **(24) 29251318;** 01.07.2025; कॉनवर्टर/ट्रांसफॉर्मर के लिए ऑयल कूलर रेडिएटर; 77 अदद; रु. 6,90,540/-। **(25) 29251319;** 03.07.2025; मेन कॉमप्रेशर (ऑयल लुब्रिकेटेड); 46 अदद; रु. 6,85,070/-। **(26) 29251317;** 09.07.2025; ग्रॉसएड मेन गीयर-107 टीथ; 129 अदद; रु. 3,60,620/-। **(27) 29253816;** 07.08.2025; लेबिरिंथ तथा बीयरिंग कैप का सेट; 1050 सेट; रु. 9,01,940/-। **(28) 29250031;** 30.05.2025; सिलिंड्रिकल रोलर बीयरिंग का सेट; 824 सेट; रु. 11,45,390/-। **(29) 72253053;** 26.05.2025; टी.सी. इंसर्ट न्यूट्रल अपेंडेड, 30 मिमी लंबा; 11630 अदद; रु. 2,27,530/-। इच्छुक निविदादातागण निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए तथा इसके उपरांत प्रकाशित किसी भी संशोधन हेतु नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-115)**

# भारत के लिए बड़ा मौका

एपल का प्लान कि अमेरिका में बिकने वाला हर आइफोन भारत में बना हो, मेक इन इंडिया के लिए एक बड़ा मौका है, लेकिन ग्लोबल सप्लाई चेन में चीन की जगह लेने के लिए भारत को बहुत कुछ करना होगा, जिसका मौका डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर की वजह से उसे मिला है। भारत में आइफोन की कहानी बड़ी कारोबारी सफलताओं में से एक रही है। इस साल अभी तक भारत ने एपल के लिए 25-30% आइफोन बनाये हैं, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 18% था। यह तरक्की बढ़िया खबर है, लेकिन एक सच यह भी है कि भारत में जितना प्रॉडक्शन हो पाता है, अमेरिका में आइफोन का बाजार उससे कहीं बड़ा है। 2024 में अमेरिका में 7.59 करोड़ आइफोन बिके थे, जबकि इस साल मार्च में भारत से 31 लाख यूनिट वहां भेजी गयी थीं। यानी एपल के चीफ टिम कुक की प्लानिंग के हिसाब से अगर भारत को पूरे अमेरिका की मांग को पूरा करना है, तो मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी को बढ़ाना होगा। अच्छी बात यह है कि तमिलनाडु के होसुर और बेंगलुरु में दो नयी फैसिलिटी तैयार हैं और इनके जल्द शुरू होने की उम्मीद है। भारत के पास कुछ साल पहले भी ऐसा मौका आया था - कोरोना, 2018 के ट्रंप के चीन के साथ ट्रेड वॉर और दक्षिण चीन सागर में उभरते तनाव के मद्देनजर जब दुनिया चीन प्लस वन ऑप्शन की तलाश कर रही थी। उस समय वियतनाम जैसे देशों ने बाजी मार ली थी।

**आइफोन की सफलता वैश्विक स्तर पर भारत की हैसियत बढ़ायेगी और तब इन आंकड़ों को भी बदला जा सकेगा। इस वक्त अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर भी बात चल रही है। इसके अंजाम पर पहुंचने से नयी दिल्ली के पास अमेरिकी कंपनियों को लुभाने का एक और कारण होगा।**

उसे कम कॉरपोरेट टैक्स रेट, निवेश में आसानी और सस्ते श्रम का फायदा मिला। मौजूदा टैरिफ वॉर से भारत को जो मौका मिला है, उसे हाथ से नहीं निकलने देना चाहिए। खास कर यह देखते हुए कि दुनिया का कारोबारी माहौल उसके पक्ष में है। कोरोना के वक्त से अमेरिकी कंपनियों पर चीन से बाहर निकलने का जो दबाव था, वह हाल में ट्रंप के टैरिफ वॉर से और बढ़ गया है। ट्रंप प्रशासन ने चीन पर 245%, जबकि भारत पर 26% का आयात शुल्क लगाया है, और इसे भी फिलहाल 90 दिनों के लिए टाल रखा है। एपल की भारत में दिलचस्पी की बड़ी वजह यही है। फिर पीएलआइ जैसी सरकारी योजनाओं ने भारत में उत्पादन को सस्ता बना दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में भारत की हिस्सेदारी 8.4% है और चीन की 76.6%। आइफोन की सफलता वैश्विक स्तर पर भारत की हैसियत बढ़ायेगी और तब इन आंकड़ों को भी बदला जा सकेगा। इस वक्त अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर भी बात चल रही है। इसके अंजाम पर पहुंचने से नयी दिल्ली के पास अमेरिकी कंपनियों को लुभाने का एक और कारण होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर स्वयं यह वक्तव्य दे चुके हैं कि अब दुश्मन को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है, तो उन्होंने केवल आम लोगों को खुश करने के लिए नहीं बोला होगा। सारे प्रमुख मंत्रिमंडलीय समितियां, सुरक्षा, राजनीतिक और आर्थिक मामलों को लेकर बैठकें हो चुकी हैं। विदेश मंत्री लगातार विदेशी नेताओं से बात कर रहे हैं और नयी दिल्ली स्थित प्रमुख दूतावास के लोगों से संवाद हो रहा है। सैन्य प्रमुखों से मुलाकात के बाद यही बयान आया कि सरकार ने सेना को पूरी स्वतंत्रता दी है कि वह अपने अनुसार सूचनाओं के आधार पर जैसे चाहें कार्रवाई करें उसे सरकार का हर तरह का समर्थन प्राप्त होगा।**

# भारत पाक के विरुद्ध जो कर सकता है कर रहा है और करेगा

**अवधेश कुमार**

इस समय विपक्ष का बयान है कि वह जम्मू-कश्मीर और पहलगाम मामले पर सरकार के साथ है। इससे पहली दृष्टि में आतंकवाद के विरुद्ध देश की एकता का संदेश जाता है। दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे यह कह रहे हैं कि सरकार की दिशा स्पष्ट नहीं है। यह दुर्भाग्यपूर्ण और अत्यंत चिंताजनक है कि ऐसे समय जब राजनीतिक दलों में एकता दिखनी चाहिए, आरोप-प्रत्यारोप और छींटाकशी का तीखा दौर चल रहा है। आतंकवादी हमले के मामले में स्वयं कांग्रेस का रिकॉर्ड इतना बुरा है कि अगर उस दृष्टि से देखें तो फिर उसके द्वारा प्रश्न उठाने या नरेंद्र मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा करने का नैतिक आधार नहीं होना चाहिए। हालांकि विपक्ष के द्वारा सरकार पर दबाव बढ़ाना या कमियों को सामने लाना स्वाभाविक स्थिति होती है।

हमारा दृश्य इससे अलग है। दबाव डालने और प्रश्न उठाने के पीछे स्पष्ट इरादा दुश्मन के विरुद्ध निर्णायक प्रतिकार का होना चाहिए। ध्यान से देखेंगे तो कांग्रेस सहित अनेक पार्टियां सरकार पर तो प्रश्न उठा रही हैं, यह भी कह रही हैं कि कार्रवाई के मामले में सरकार के साथ हैं, पर आपको इनमें पाकिस्तान का नाम नहीं मिलेगा। दूसरे, इस समय धीरे-धीरे जिस तरह स्वयं जम्मू-कश्मीर के अंदर आतंकवादियों और पाकिस्तान के समर्थकों, जिन्हें ओवरग्राऊंड वर्कर कहा जा रहा है, की असलियत सामने आ रही है उन पर भी विपक्षी दल मुंह खोलने को तैयार नहीं हैं। कोई भी आतंकवादी हमला बगैर स्थानीय समर्थन के संभव ही नहीं।

**चीन और तुर्की को छोड़ अन्य देशों से भी अपने संबंधों का लाभ उठाते हुए भारत पाकिस्तान की हर स्तर पर घेरेबंदी की कोशिश कर रहा है।**



सेना की विचारधारा इस्लाम मजहब की ऐसी व्याख्या पर आधारित है, जिसमें उनके लिए पाकिस्तान देश का लक्ष्य ही जम्मू-कश्मीर को इस्लामी राज्य में परिणत कर अपने साथ मिलाना है। हम आतंकवादी को मारेंगे, फिर आगे दूसरे हमले के लिए दूसरा समूह तैयार होकर आयेगा और अपने अनुसार फिर हमला कर सकता है। इसमें दुनिया में कौन हमें क्या सुझाव देता है यह मायने नहीं रखता। हमें अपनी सुरक्षा करनी है और इसके लिए कोई ताकत हमको नहीं रोक सकती।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर स्वयं यह वक्तव्य दे चुके हैं कि अब दुश्मन को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है, तो उन्होंने केवल आम लोगों को खुश करने के लिए नहीं बोला होगा। सारे प्रमुख मंत्रिमंडलीय समितियां, सुरक्षा, राजनीतिक और आर्थिक मामलों को लेकर बैठकें हो चुकी हैं।

विदेश मंत्री लगातार विदेशी नेताओं से बात कर रहे हैं और नयी दिल्ली स्थित प्रमुख दूतावास के लोगों से संवाद हो रहा है। सैन्य प्रमुखों से मुलाकात के बाद यही बयान आया कि सरकार ने सेना को पूरी स्वतंत्रता दी है कि वह अपने अनुसार सूचनाओं के आधार पर जैसे चाहें कार्रवाई करें उसे सरकार का हर तरह का समर्थन प्राप्त होगा। ऐसी स्थिति में हमें अपने देश पर विश्वास करना चाहिए। ऐसा भी नहीं है कि एनआइए की जांच धीमी हुई हो। एनआइए की जांच के लिए बनायी गयी 5-5 अफसरों की पांचों टीमें अलग-अलग पहलुओं पर काम कर रही हैं। जितनी जानकारी है एनआइए ने ओवरग्राऊंड वर्करों की पहचान कर उसकी एक सूची भी बनायी है। आतंकवादियों को हर हाल में जिंदा पकड़ने की कोशिश चल रही है। अभी तक ऐसा माना जा रहा है कि आतंकवादी 25 से 30 किलोमीटर के दायरे में ही हैं। उनको जिंदा पकड़ना इसलिए आवश्यक है, ताकि पूरे षड्यंत्र का पता चल जाये। जितनी जानकारी है, उसकी इनके माध्यम से पुष्टि भी हो जाये। अगर मिल गये तो हाल के समय में आम लोगों पर जितने हमले हुए उनमें से अनेक के षडयंत्रों का पता चलेगा?

पाकिस्तान में इनके ट्रेनिंग कैंपों और ट्रेनिंग मॉड्यूल का विवरण मिलेगा। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि जब से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद आरंभ हुआ है, तब से ऐसा पहला मामला है, जब एक ही आतंकवादी दस्ता प्रदेश के विभिन्न भागों में लगातार सुरक्षा बलों और लोगों पर हमले भी कर रहा है और बच कर निकल रहा है। आतंकवादियों ने पहलगाम के आसपास किसी विशेष जगह पर हथियार छुपाये थे। अभी तक की जानकारी के अनुसार इन्होंने अपने भागने के सभी रास्ते भी पहले से तय कर रखे थे।

आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में छानबीन कर सटीक जानकारी तक पहुंचने की सबसे बड़ी भूमिका होती है, क्योंकि इसके बाद आपके लिए कार्रवाई के लक्ष्य तय करने आसान होते हैं। इसलिए एनआइए की जांच को आतंकवाद विरोधी कार्रवाई का अभिन्न अंग न मानने की भूल नहीं होनी चाहिए। देश के लिए संतोष का विषय होना चाहिए कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, स्थानीय पुलिस, एनआइए आदि के बीच संपूर्ण समन्वय के साथ कार्रवाई आगे बढ़ रही है।

देश में आक्रोश है और सामूहिक मानस यह है कि कार्रवाई ऐसी हो, ताकि दोबारा कोई हम में से किसी एक को लहूलुहान करने की हिमाकत न करे। हम अगर 100-200 आतंकवादियों को मार गिरायें, किसी आतंकवादी ढांचे को खत्म कर दें उससे इसका समाधान नहीं हो सकता। वह भी आवश्यक है, किंतु जब तक पाकिस्तान को सीधी क्षति नहीं होगी ऐसे हमले पूरी तरह रुक ही नहीं सकते। पाकिस्तान को क्षति का मतलब मुख्य प्रायोजक सेना और वहां के राजनीतिक, मजहबी प्रतिष्ठान को क्षति नहीं होगी इस तरह का आतंकवाद रुक नहीं सकता। सेना की विचारधारा इस्लाम मजहब की ऐसी व्याख्या पर आधारित है, जिसमें उनके लिए पाकिस्तान देश का लक्ष्य ही जम्मू-कश्मीर को इस्लामी राज्य में परिणत कर अपने साथ मिलाना है। हम आतंकवादी को मारेंगे, फिर आगे दूसरे हमले के लिए दूसरा समूह तैयार होकर आयेगा और अपने अनुसार फिर हमला कर सकता है। इसमें दुनिया में कौन हमें क्या सुझाव देता है यह मायने नहीं रखता। हमें अपनी सुरक्षा करनी है और इसके लिए कोई ताकत हमको नहीं रोक सकती।

चीन और तुर्की को छोड़ अन्य देशों से भी अपने संबंधों का लाभ उठाते हुए भारत पाकिस्तान की हर स्तर पर घेरेबंदी की कोशिश कर रहा है। सबसे अंतिम कदम के रूप में भारत ने पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय या तीसरे देश से भी संभावित व्यापार पर कानून में संशोधन कर पूरी तरह रोक लगा दी है। अभी तक सरकार की दिशा में भटकाव नहीं है, संकल्पबद्धता और दृढ़ता दिख रही है। यह आपसी राजनीतिक मतभेद या वोट की संकुचित चिंता से बाहर निकल एकजुट होकर बहुस्तरीय कार्रवाई के साथ खड़ा होने का समय है।

## कोल्हान की खबरें

# प्रधान जिला जज अरविंद कुमार पांडेय ने एमजीएम अस्पताल का किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश पर सिविल कोर्ट जमशेदपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अरविंद कुमार पांडेय ने सोमवार को एमजीएम अस्पताल का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधान जिला जज के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर के सचिव धर्मेंद्र कुमार,जज इंचार्ज सिद्धांत तिग्गा, डालसा के सहायक रवि मुर्मू शामिल रहे। प्रधान जिला जज अरविन्द कुमार ने बीते शनिवार को एमजीएम अस्पताल में घटित घटना को लेकर अस्पताल प्रबंधन से वार्ता की। घटना स्थल तथा अस्पताल के जर्जर भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल के सुरिटेंडेंट डॉक्टर रमेश कुमार मंधान और वाइस सुरिटेंडेंट डॉक्टर नकुल चौधरी के साथ घटित दुर्घटना एवं अस्पताल के अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा हादसा में घायल हुए मरीज एवं मृतक के परिवार को चिन्हित कर उचित मुआवजा व अन्य लाभ दिलाने में डालसा हर संभव सहयोग करेगी। उन्होंने किसी भी तरह के समस्याओं के निदान के लिए डालसा से संपर्क करने की बात कही। जिला जज ने एमजीएम अस्पताल में घटित इस हादसे पर चिंता जाहिर करते हुए सुरिटेंडेंट को आगे से सजक रहने की बात कही, ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अस्पताल के अन्य जर्जर भवन को भी नजदीक से देखा, जिसकी दीवार एवं छत दुर्घटना से खाली नहीं था। एमजीएम अस्पताल के हादसा में घायल व्यक्ति सुनील कुमार से मिल कर उनका हाल जाने। एक दूसरी वृद्ध महिला रेणुका देवी जो टीएमएच में भर्ती है, उसे भी देखने के लिए टीएमएच गए और उनसे मिल कर वस्तु स्थिति से अवगत हुए। एजीएम अस्पताल प्रबंधन के अनुसार इस हादसे में तीन व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जिनके परिजन को डालसा के पीएलवी के सहयोग से खोज लिया गया। मृतक में श्रीचंद तांती, जो सरायकेला का रहने वाला था। उसके शव का आज पोस्टमार्टम करा कर पीएलवी नागेंद्र कुमार के प्रयास से उसके परिजन को शौप दिया गया।

# भाजपा ने जमशेदपुर में किया प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा डीसी कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया गया। सोमवार को सुधांशु ओझा की अगुवाई में साकची से डीसी कार्यालय तक पैदल मार्च किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

डीसी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने पूर्वी सिंहभूम से पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल बाहर निकालने और झारखंड में रह रहे अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे नारों के साथ आतंकवाद और घुसपैठ के खिलाफ विरोध जताया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री दास ने कहा झारखंड में घुसपैठ के कारण राज्य की संस्कृति खतरे में है। सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

सांसद विद्युत महतो ने चेतावनी दी यदि प्रशासन ने ढिलाई बरती तो भाजपा सड़क पर उतरेगी।भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने डीसी डीसी के नाम ज्ञापन सौंपकर पाकिस्तानी नागरिकों और अवैध घुसपैठियों को जिले से बाहर करने की मांग की।

# जायसवाल समाज ने शांभवी जायसवाल को किया सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जायसवाल समाज ने आइसीएसइ 10वीं परीक्षा में भारतवर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाली शांभवी जायसवाल को उनके निवास पर जाकर समाज की ओर से ट्रॉफी और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर जायसवाल समाज के वरिष्ठ सदस्य नंदजी प्रसाद,भाजपा झारखंड प्रदेश के सचिव दीपक कुमार जायसवाल, अशोक जायसवाल, युवा अध्यक्ष सुनील प्रसाद, युवा महामंत्री विमल प्रसाद, पूनम जायसवाल सहित समाज के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। नंदजी प्रसाद ने कहा शांभवी की इस उपलब्धि से न केवल जायसवाल समाज, बल्कि जमशेदपुर, झारखंड और भारतवर्ष को भी गौरवान्वित होने का अवसर मिला। वह आने वाले समय में समाज के सभी बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगी। उनके मार्गदर्शन से अनेक विद्यार्थी अपने जीवन में सफलता की राह तलाश सकेंगे। शांभवी के परिवार का शैक्षणिक पृष्ठभूमि अत्यंत सशक्त है ।उनके पिता डॉ अभिषेक जायसवाल एवं माता डॉ. ओजस्वी शंकर, दोनों डॉक्टर हैं। उनके परिवार में कुल 22 डॉक्टर हैं। इसके बावजूद शांभवी ने मेडिकल के बजाय टेक्निकल क्षेत्र में आगे बढ़ने की इच्छा जतायी है। वे जेईई परीक्षा की तैयारी में जुट गई हैं। जायसवाल समाज सहित पूरे शहरवासी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और विश्वास जताते हैं शांभवी आगे भी समाज, राज्य एवं देश का नाम रोशन करेंगी।

# सरयू राय ने तीन प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी





**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने क्षेत्र में जनसुविधा के कार्यों में पारदर्शिता, तत्परता और आम नागरिकों की सहुलियत को प्राथमिकता देते हुए तीन लोगों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी। इसकी सूचना पूर्वी सिंहभूम के डीसी को भी प्रेषित की गयी। प्रतिनिधियों में शेषनाथ पाठक को जमशेदपुर अक्षेस (पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र) के सोलर एलइडी लाइट प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया। मानगो निवासी पवन कुमार सिंह को उच्च शिक्षा एवं तकनीकी प्रतिनिधि का दायित्व सौंपा गया और बिरसानगर निवासी अमित शर्मा को असंगठित मजदूरों का क्षेत्र प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। विधायक सरयू राय ने विश्वास जताया ये प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता के साथ जनहित के कार्यों को आगे बढ़ायेंगे। साथ ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे। विधायक ने कहा इन नियुक्तियों का उद्देश्य जनसंपर्क को मजबूत करना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में जनता की भागीदारी को सुनिश्चित करना है।

# किरणमयी डे ने जो साहस और दृष्टि दी, वही हमारी प्रेरणा है : शेखर डे




**प्रीतिलता वाड्डेदार और किरणमयी डे की स्मृति में आयोजित प्रेरक कार्यक्रम**

**बिस्टुपुर श्रीलेदर्स में शौर्य-संवेदना की प्रतीक दो नारियों को दी गयी श्रद्धांजलि**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** देश के प्रतिष्ठित फुटवेयर ब्रांड श्रीलेदर्स ने अपनी प्रेरणास्रोत किरणमयी डे और स्वाधीनता संग्राम की महान वीरांगना,पहली महिला शहीद प्रीतिलता वाड्डेदार के जन्मदिवस को भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ मनाया। सोमवार को बिष्टुपुर स्थित श्रीलेदर्स शोरूम परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शहर की कई महिला संगठनों ने सक्रिय रूप से सहभागिता दी।समाजसेवी ज्योत्सना डे के नेतृत्व में शहर की विभिन्न महिला संगठनों की प्रतिनिधियों ने दीप प्रजापति व दोनों विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित की। श्रद्धा और सम्मान के वातावरण में उपस्थित सभी ने इनके योगदान को याद करते हुए प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में सिमरन और निशा ने मातृत्व और बलिदान को समर्पित एक मार्मिक गीत प्रस्तुत की। गीत की पंक्तियों ने उपस्थित सभी को गहराई तक छू लिया एवं वातावरण को संवेदना से भर दिया। इस अवसर पर श्रीलेदर्स के पार्टनर व समाजसेवी शेखर डे ने कहा 'यह आयोजन केवल स्मरण का नहीं, संकल्प का प्रतीक है। किरणमयी डे ने जो साहस और दृष्टि हमें दी, वही आज हमारी प्रेरणा है। श्रीलेदर्स इसे नारी सशक्तिकरण के उत्सव के रूप में मनाता है और इसी भावना से हम देशभर में सामाजिक सहभागिता निभा रहे हैं।मौके पर झारखंड बंगाली एसोसिएशन, जमशेदपुर महिला समिति, द मिलानी,नेताजी सुभाष मंच के महिला व पुरुष सदस्यों ने भी पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में श्यामल श्री, प्रीतिलेखा रॉय, भास्कर मित्रा, सुरोजित चटर्जी, बुलबुल घोष, मीरा शर्मा, झरना दी समेत श्रीलेदर्स परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# पाइपलाइन खुदाई के दौरान दो मजदूर गड्ढे में गिरे, एक की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना क्षेत्र के प्रधान टोला में शनिवार को पानी की पाइपलाइन बिछाने के दौरान एक दुखद घटना हुई। खुदाई के दौरान दो मजदूर गड्ढे में गिर कर मिट्टी में दब गए। इस हादसे में 24 वर्षीय कृष्णा बास्के की मौके पर मौत हो गयी। दूसरे मजदूर पांचू को गंभीर हालत में एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के समय गहरे गड्ढे में खुदाई का काम चल रहा था। मिट्टी अत्यधिक गीली होने के कारण दोनों मजदूर फिसलकर गड्ढे में गिर गये। ऊपर से मिट्टी धंसने से दोनों दब गये। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों और स्थानीय लोगों ने उन्हें निकालने का प्रयास किया, लेकिन कृष्णा को नहीं बचाया जा सका।

स्थानीय पंचायत सदस्य संतोष गुप्ता ने ठेकेदार प्रीति इंटरप्राइजेज पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उनका कहना है कि घटनास्थल पर कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी। मजदूरों को सुरक्षा उपकरण नहीं दिये गये थे। गड्ढे के आसपास न तो चेतावनी बोर्ड था और न ही बैरिकेडिंग की गयी थी।

पंचायत सदस्य ने प्रशासन से मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी या ठेकेदार स्तर पर स्थायी रोजगार की मांग भी की है।

## भाजपाइयों ने चिनियां रोड से समाहरणालय तक जुलूस निकाला

# झारखंड से पाकिस्तानियों को निकालने में कोताही बरत रही झारखंड सरकार: भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो के नेतृत्व में गढ़वा जिला के भाजपाइयों ने चिनियां रोड से समाहरणालय तक पाकिस्तानियों को झारखंड से बाहर निकालने को लेकर जुलुस निकाला। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त गढ़वा को मांग पत्र भी सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं एवम कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तानी वापस पाकिस्तान जाओ, हेमंत सरकार हाय हाय सहित कई नारे लगाये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झारखंड से हेमंत सरकार ने अबतक पाकिस्तानी लोगों को झारखंड से बाहर निकालने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं किया है। इससे हेमंत सरकार की स्थिति देश हित में दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने देश के सभी मुख्यमंत्री को पाकिस्तान से आये हुए नागरिकों को चिन्हित कर कार्रवाई करने को कहा है, लेकिन झारखंड सरकार ने अबतक कोई कार्रवाई नहीं किया। जिस तरह से पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन ने पहलगाम में नागरिकों की निर्मम तरीके से हत्या किया है। इससे पाकिस्तान का चेहरा उजागर हो चुका है। अगर झारखंड सरकार पाकिस्तानियों को झारखंड से बाहर निकालने में देर करती है तो भाजपा कार्यकर्ता देशहित में मौन नहीं रहेंगे। सड़क से सदन तक आंदोलन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, विनय चौबे, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, उमेश कश्यप, रामशीष तिवारी, धनंजय गौड़, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, ब्रजेश उपाध्याय, अरविंद तुफानी, विकास तिवारी, लक्ष्मण राम जितेंद्र चंद्रवंशी ,अंकित तिवारी, अलख निरंजन, टिंकू गुप्ता, रितेश दुबे मनोज ठाकुर सहित काफी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।



## दुगोला चैता का आयोजन आज, विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी करेंगे उद्‌घाटन

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के मुड़ल टोला स्थित शिव मंदिर के समीप मंगलवार की रात्रि में भव्य चैता दुगोला का आयोजन किया जायेगा। इसको लेकर आयोजन समिति की हुई बैठक में कार्यक्रम का रूप रेखा तैयार किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्थानीय वार्ड सदस्य और आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष विनोद चौधरी ने कहा कि सुप्रसिद्ध लोक गायक विकास तूफानी और लव बिहारी के बीच मुकाबला होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी करेंगे। बैठक में समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष लाल बहादुर चौधरी, शुकुल, रामप्रीत, सीताराम, बैजनाथ, धनंजय, वीरेंद्, कामेश्वर, सुदर्शन, रामलाल, नागेंद्र चौधरी आदि शामिल थे।

## दो युवकों के बीच हुई मारपीट, एक घायल



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के खरौंधी बजरमरवा गांव में जमीनी विवाद को लेकर सोमवार को साले और बहनोई के बीच हुए मारपीट में साला राम लाल गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे घायलावस्था में स्वजनों के द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां डॉ शैलेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया है। घटना के बारे में राम लाल ने बताया कि गांव में ही हमारे बहनोई लोग रहते है, जिनका जमीनी विवाद आपस में चल रहा है। सोमवार को मैं राजमिस्त्री का कार्य करने गया था जहां मेरे बहनोई सुमेर साह और उनकी पत्नी नील कुमारी ने ईंट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया कि बीते 25 अप्रैल को खरौंधी अंचल और थाना में आवेदन देकर विवाद को दूर करने का आग्रह किया था, जिसके बाद पंचायत अस्तर भी पंचायती की गयी थी, लेकिन कुछ निपटारा नहीं हुआ।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002**

Invitation of Proposal (e-procurement Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-04/2025-26
3rd Call NATIONAL COMPETITIVE BIDDING
e-Tender Ref No–RCD/PID/RANCHI/04/2025-26 Date:-05.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for the Preparation of Detailed Project Report (DPR) and Project Management Consultancy (PMC) for the Construction of a Sky walk /Glass bridges under Package I and II in the State of Jharkhand. |
| 2 | Tentative Length & width | 45-m-long,3-meter-wide (each bridge) |
| 3 | Period of Completion of Work | 45 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Cost of Tender Document Rs 10,000/- (Ten Thousand only) EARNEST MONEY DEPOSIT: -Rs 1 ,20,000 (One lakh twenty thousand only) irrespective of participation ineither a single package or both the packages. **As per the Departmental Letter no. -4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through eprocurement portal ( https://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e -Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no - 120 dated 03.10.2023.** |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 07.05.2025,12:00 Noon |
| 7 | Date of Pre Bid Conference | 13.05.2025 (In the Chamber of CE, CDO, RCD, 1st Floor, Nirupan Bhawan, Doranda, Ranchi-834002) |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Bid | 20.05.2025, 12:00 Noon |
| 9 | Date and Time of Technical Bid opening | 21.05.2025, 12:30 PM |
| 10 | Date & Place of Presentation of Concept Plan (Part of Technical Evaluation) | 23.05.2025 (In the office of Road Construction Department, Jharkhand, Ranchi.) |
| 11 | Bid validity | 120 days |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division,RCD,Ranchi Mob No.-9471650883 |
| 13 | Advertisement no. | PR 350551 Road(25-26)#D |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.
PR 351675 Road (25-26)D

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

## जीएन कान्वेंट स्कूल में बाल सांसद का चुनाव संपन्न

# विद्यार्थियों को संसदीय कार्यप्रणाली की जानकारी देना उद्देश्य : निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कान्वेंट स्कूल में भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आधारित गुप्त मतदान द्वारा बाल सांसदों का चुनाव हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि बाल संसद संसद का ही एक छोटा रूप है, जिसे विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संविधान की कार्यप्रणाली अपने अधिकार निर्णय लेने की क्षमता का विकास एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाना है। छात्र-छात्राएं अपने उत्तरदायित्व का बोध प्राप्त करते हैं। भारतीय परिदृश्य में बाल संसद का ही प्रतिबिंब है। गुप्त मतदान के द्वारा वर्ग दशम की छात्रा स्मृति भाग्यश्री 39 मत प्राप्त कर विजयी रही, जबकि दूसरे स्थान पर संध्या कुमारी रही। सभा का संचालन कृष्णा कुमार के अगुवाई में किया गया।

जबकि चुनाव संचालन प्रक्रिया में बीके ठाकुर, कृष्णा कुमार और विकास कुमार रहे। वहीं गुप्त मतदान में कक्षा छह वीं से लेकर 12 वीं तक के बच्चों ने बैलेट पेपर के माध्यम से किया। पोलिटिकल साइंस के शिक्षक कृष्णा कुमार ने चुनाव प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक समझाया चुनाव में पीठासीन अधिकारी का दायित्व संतोष प्रसाद ने निभायी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, वीरेंद्र साह, विकास कुमार, नीरा शर्मा, नीलम कुमारी, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी, रागिनी कुमारी, ऋषभ श्रीवास्तव आदि।



# तेज आंधी-बारिश में कई घरों के उड़े छप्पर, हजारों का नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** थाना छेत्र अंतर्गत चार मई दिन रविवार को आयी तेज आंधी बारिश में विशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय के विशुनपुरा संध्या निवासी रामचन्द्र शर्मा का कच्चा मकान का सीट उड़ने से आशियाना छिन्न-भिन्न सा हो गया है। वहीं इस विषय में रामचंद्र शर्मा ने बताया कि मकान का छप्पर उड़ने से लगभग पचास हजार रुपसे की नुकसान हुई है। वहीं अमहर खास पंचायत के अमहर खास निवासी सुनील रजक का ग्राम पतागड़ा (बसनी) में मुर्गी फॉर्म का कच्चा सीमेंटेड सीट का घर गिरने से करीब 200 मुर्गी के चूजे की मौत हुई है। वहीं इस विषय में सुनील रजक ने बताया कि मुर्गी फॉर्म का सीमेंटेड सीट उड़ने और घर गिरने से मुर्गी के चूजे की मौत से लगभग साठ हजार रुपये की नुकसान हुई है।



**प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ने क्या कहा:**
इस विषय में पूछे जाने पर विशुनपुरा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में कल आयी तेज आंधी बारिश में हुए छती की सूचना मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव के द्वारा प्राप्त हुआ है। इसके लिए हम अंचल कर्मचारी को प्रखंड क्षेत्र में मुआयना करने को भेजेंगे औरा तेज आंधी बारिश में घरों में हुई छती का रिपोर्ट तैयार कर आगे की प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू करेंगे। जिससे ससमय पीड़ितों को मुआवजा के रूप अंचल से सहायता मिल सके

## महिला ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। खरौंधी थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी अरुण सिंह की पत्नी रूपा देवी ने पारिवारिक विवाद में कारण रविवार की रात कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास की। परिजनों द्वारा उसे ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, जहां चिकित्सक सुभग सिंह के द्वारा ईलाज किया गया। घटना के संबंध महिला के पति अरुण सिंह ने बताया कि किसी बात को लेकर हम दोनो पति-पत्नी में कहासुनी होने के बाद गुस्से में आकर मेरी पत्नी रूपा ने सब्जी के खेतों में डालने वाली कीटनाशक दवा खा ली।

**Government of Jharkhand
Urban Development Housing Department
Latehar Nagar Panchayat , Latehar**

e- Procurement Notice
NIT No. - UDD/LNP/02/2025-26

Notice No. - 838 Date – 30.04.2025

| SL. No. | Tender ID | Name of Work | Approximate Value of work (Rs) | Bid Security (Rs) | Cost of Document | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15वें वित आयोग मद | | | | | | |
| 1 | UDD/LNP/02/2025-26 | Construction of Satyam, Shiavum & Sundram Market Complex and Ganga, Jamuna Shed Extension Works at Under Nagar Panchayat Latehar, Jharkhand | Rs. 60732079.09 (Rupees Six Crore Seven Lakh Thirty Two Thousand, Seventy Nine Hundred | 607330.00 | 25000.00 | 18 Month |
| 2 | Date of e-Publication of Tender | | 06.05.2025 at 5:00 PM | | | |
| 3 | Document downloading start Date | | 07.05.2025 at 10:00 AM | | | |
| 4 | Start date for seeking clarification | | 13.05.2025 at 12:30 PM | | | |
| 5 | End date for seeking clarification | | 14.05.2025 at 12:30 PM | | | |
| 6 | Pre bid meeting date, Time & Venue | | 20.05.2025 at 12:30 PM, Nagar Panchayat office | | | |
| 7 | Bid submission end Date | | 27.05.2025 upto 3:00 PM | | | |
| 8 | Technical Bid opening date (Online) | | 29.05.2025 at 2.00 PM | | | |
| 9 | Tender Bidding System | | Two Bid System (Technical Bid & Financial Bid) | | | |
| 10 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 11 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer, Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 12 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 8789131804 | | | |
| 13 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 8789131804 | | | |

NOTE : 1. Only e-Tenders will be accepted.
2. Cost of Bidding Document (Not Refundable) & Bid Security (Security Deposit) shall be payable online through http:/jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
Executive Officer
Nagar Panchayat, Latehar

PR 351690 Urban Development (25-26)_D

## पुलिस लाइन में एसपी ने किया ओपन जिम का उद्घाटन

# फिटनेस के लिए प्रतिदिन एक घंटा व्यायाम जरूरी: दीपक कुमार पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पुलिस केंद्र, गढ़वा में एसपी दीपक कुमार पांडेय (भापुसे) द्वारा सोमवार को जिला पुलिस के जवानों की बेहतर हेल्थ के लिए जिला रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आदित्य बिरला समूह, रेहला (ग्रासिम) के यूनिट हेड जितेन्द्र अवस्थी उपस्थित रहे। बताया गया कि इस ओपेन जिम का निर्माण आदित्य बिरला समूह, रेहला के सहयोग से किया गया है। एसपी ने कहा कि सभी पुलिसकर्मियों से प्रतिदिन अपने शारीरिक स्फूर्ति के लिए कम से कम एक घंटा प्रतिदिन व्यायाम जरूर करना चाहिए। मौके पर आदित्य बिरला समूह, रेहला (ग्रासिम) के यूनिट हेड जितेन्द्र अवस्थी द्वारा समाज में पुलिसकर्मियों के योगदान की सराहना की गयी और गढ़वा पुलिस को हर संभव सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता जतायी गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), गढ़वा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा, पुलिस उपाधीक्षक (मु०) गढ़वा, पुलिस उपाधीक्षक (परिक्ष्यमान) गढ़वा, परिचारी प्रवर, थाना प्रभारी गढ़वा, उपस्कर परिचारी, परिवहन परिचारी, पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं पुलिस मेंस एशोसिएशन के पुलिसकर्मी और आदित्य बिरला समूह के नितेश पांडेय, अनिल गिरि, विकास सिंह और गढ़वा जिलाबल के कई पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहें।



## स्वास्थ्य का लाभ राज्य के सेवानिवृत्त पेंशनरों को भी शीघ्र लागू करे सरकार : केके यादव



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पेंशनर समाज के अध्यक्ष के के यादव ने कहा है कि राज्य कर्मियों के साथ-साथ पेंशनरों एवं अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा का लाभ देकर एक सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य किया है, परंतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा पेंशनरों से संबंधित स्वास्थ्य बीमा को अभी तक चालू नहीं किये जाने से राज्य के पेंशनरों में संतोष उत्पन्न हो रहा है। इस उम्र में स्वास्थ्य बीमा पेंशनरों के लिए सरकार का एक नया तोहफा है, लेकिन विभाग एवं बीमा कंपनी के उदासीन रवैया से हम सभी पेंशनर्स नाखुश हैं। इस विषय पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज चाहता है कि पेंशनरों को भी राज्य कर्मियों की भांति शीघ्र बीमा योजना का लाभ माह जून 2025 से चालू कर दिया जाये । हमारे खाते से भी 500/रुपये प्रति माह कटौती कर ली जाये। इसके लिए जो भी प्रावधान सरकार द्वारा निर्धारित किया जायेग , हमें मंजूर होगा। स्वास्थ्य बीमा के लिए आवेदन की प्रक्रिया को सरलीकरण किया जाये। अधिकांश पेंशनर फैमिली पेंशनर काफी उम्र दराज है। उनके पीपीओ को आधार मानकर जांच की प्रक्रिया को सरल किया जाये। आनाआवश्यक प्रक्रिया से पेंशनर इस योजना से उदासीन हो रहे हैं हाल ही में अधिवक्ताओं को बीमा का लाभ मिला है जिससे वह काफी खुश हैं ठीक इसी प्रकार सरकार द्वारा ऑप्स लागू करने से सारे कर्मचारी भी खुश हैं। अतः पेंशनरों के लिए भी यह योजना अति महत्वपूर्ण है। इसे लागू होने से पेंशनर/फैमिली पेंशनर और उनके परिवार भी सरकार का आभार प्रकट करना चाहेंगे।

**झारखण्ड सरकार,कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,राँची पूर्व,राँची**

अति अल्पकालिन निविदा सूचना – 31/2025–26

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, राँची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल,राँची पूर्व राँची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समयः 13.5.2025 अपराहन 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 14.5.2025 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 14.5.2025 अपराहन 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, रॉंची अंचल, रॉंची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Annual repairand maintenance of Domestic /commercial RO/Water Purifier with cooler of different models installed at different location of MLA Bungalow ,Staff Quarters,and Other Govt. Residential Bungalow/Quarters Doranda Ranchi under D.W&S Division ,Ranchi East Ranchi For the yr 25-26. | 1200712.00 | 24100.00 | 2500.00 | 1 Year |
| 2 | Repair and Maintenance of Iron &turbidity Removal filter plant with Alum pot,Oxidization Chamber Filter with multiple valves and necessary water supply pipe and its allied work at different location of High court Bungalow and other High court pool Qtr. Doranda Ranchi under D.W&S Division ,Ranchi for Yr.20025-26 | 1005109.00 | 20200.00 | 2500.00 | 1 Year |
| 3 | Annual repair and maintenance of Domestic /commercial RO/Water Purifier with cooler of different location of High Court building , judge bungalow , registrar's Quarter,Judge's Guest House &High court Pool quarters etc.under D.W&S Division ,Ranchi East Ranchi For the yr 25-26. | 1273212.00 | 25500.00 | 2500.00 | 1 Year |
| 4 | Annual repair and maintenance of Domestic /commercial RO/Water Purifier with cooler of different models installed at Vidhyak Awas, Vidhan Sabha Guest House &Vidhan Sabha Pool Quarters etc. under D.W&S Division ,Ranchi East, Ranchi For the yr 25-26. | 1668911.00 | 33400.00 | 5000.00 | 1year |
| 5 | Repair and Maintenance of Iron &turbidity Removal filter plant with Alum pot,Oxidization Chamber Filter with multiple valves and necessary water supply pipe and its allied work at different location of MLA Bungalow, Staff Quarters, and Other Govt.Residential Bungalow/Quarters Doranda Ranchi under D.W&S Division ,Ranchi East,Ranchi for Yr.20025-26 | 1169313.00 | 23400.00 | 2500.00 | 1 Year |
| 6 | Annual Repair and Maintenance of Domestic & Commercial Water Purifier with cooler of different models installed at different location of Yojana Bhawan Building , Jharkhand Mantralaya (Nepal House ) Campus and other Govt. offices Doranda Ranchi under D.W. & S.Division Ranchi East Ranchi For the year 2025-2026. | 961545.00 | 19300.00 | 1250.00 | 1 year |

आवश्यक शर्तो के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉंची पूर्व रॉंची

PR 351685 Drinking Water and Sanitation(25-26).D

## गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पूर्व मंत्री ने किया सम्मानित

# राजनीति से दूर रखकर ही हो सकता है खेल का समग्र विकासः मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्रिकेट संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, सचिव सहित सभी प्रमुख पदाधिकारियों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में जिले के कई खेल प्रेमियों, संघ के सदस्यों और खिलाड़ियों ने भी भाग लिया।पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत निर्वाचित होकर जो अध्यक्ष और पदाधिकारी चुने गये हैं, वे अब आगामी तीन वर्षों तक क्रिकेट संघ से जुड़े रहेंगे। उन्होंने पदाधिकारियों से अपेक्षा जतायी कि वे जिले में क्रिकेट को नयी दिशा देंगे और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान करेंगे।उन्होंने कहा कि आज गढ़वा की बेटियां हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। पूर्व मंत्री ने खेल में बढ़ती राजनीति पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर खेल को राजनीति में घसीटा गया, तो इसका बुरा असर सीधे खिलाड़ियों और खेल के भविष्य पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि खेल में राजनीति नहीं होनी चाहिए। अगर ऐसा होता रहा, तो क्रिकेट जैसी लोकप्रिय खेल भी जिले में पूरी तरह से ठप हो जायेगी। इस अवसर पर नव-निर्वाचित अध्यक्ष सह जिला के अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने कहा कि वे पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभायेंगे। वहीं सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि यह चुनाव गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के इतिहास में सबसे चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के समर्थन से यह संभव हो सका। कार्यक्रम का संचालन झारखंड झामुमो के केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने किया। सम्मानित होने वालों में गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राज महेश्वरम, सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, उपाध्यक्ष आलोक मिश्रा, डॉक्टर पंकज प्रभात, रेखा चौबे, कोषाध्यक्ष रवि शंकर, सहसचिव कुमार गौरव, गौरव सिंह, अंकित सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम में गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के संरक्षक उदय नारायण तिवारी, अनिता दत्त, वालीबाल संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे, तीरंदाजी संघ के सचिव धर्मेंद्र पाल, राइफल संघ के सचिव सतेंद्र यादव, कीक बॉक्सिंग सह सचिव मनोज संसाई, फुटबॉल संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ राम, हॉकी संघ से संतोष शुक्ला, कबड्डी संघ के शिवकुमार, शारीरिक शिक्षक सुशील तिवारी, विकास पांडे, अराधना सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।



# उड़ुमुड़ू में घर की दीवार गिरने से 8 लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुड़ू / लोहरदगा।** कुड़ू प्रखंड के उड़ुमुड़ू गांव में विवाह समारोह के दौरान दीवार गिरने से आठ लोग जख्मी हो गये। हादसा रविवार की देर शाम करीब सात बजे की है। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से सात घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। घायलों में उड़ुमुड़ु निवासी सुरजी उरांव 70 पति मंगरा उरांव, कैली उरांव 35 पति काली उरांव, हुड़ु गांव निवासी पितरों उरांव 45 पिता मंगरा उरांव, मखदली उरांव 50 पति स्व बिरसु उरांव, पोकोल उरांव 56 पिता परना उरांव, सिम्मी उरांव 46 पति कांडे उरांव, परमेश्वरी कुमारी 18 पिता लोचन भगत और कदमटोली निवासी शांति उरांव 35 पति गोबरा उरांव शामिल हैं।

**साड़ी पहनाने की रस्म होने के वक्त हुआ हादसा :** जानकारी के अनुसार उड़ुमुड़ू गांव निवासी मनी उरांव की बेटी की हुड़ु गांव निवासी पच्चु उरांव के बेटे से शादी तय हुई थी। उसी को लेकर रविवार की शाम लड़का पक्ष के लोग साड़ी पहनाने की रस्म अदा करने उड़ुमुड़ू पहुंचे थे। खाने पीने के साथ नाच - गाने और शादी की रश्म चल रही थी इसी बीच शाम में बारिश के साथ आयी जोरदार आंधी में जिस दीवार में टेंट बांधा गया था वो नीचे खड़े लोगों के ऊपर गिर गयी। देखते ही देखते शादी की खुशी औरतों और बच्चों की चीख पुकार में बदल गयी।

# पाकिस्तानी नागरिकों को देश से वापस भेजने की मांग को लेकर भाजपा ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी, लोहरदगा जिला इकाई ने जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में उपायुक्त, लोहरदगा को एक ज्ञापन सौंपते हुए जिले में वैध एवं अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर, उनका वीजा रद्द कर उन्हें अविलंब देश से बाहर भेजने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि दिनांक 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद केंद्र सरकार ने विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा 3 (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर उन्हें देश से निष्कासित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल द्वारा सौंपे गये ज्ञापन में आग्रह किया गया है कि लोहरदगा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे सभी पाकिस्तानी नागरिकों (चाहे वे वैध रूप से हों या अवैध रूप से) की शीघ्र पहचान की जाये तथा राष्ट्रीय सुरक्षा निर्देशों के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें पाकिस्तान वापस भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। ज्ञापन में कहा गया है कि यह विषय अत्यंत संवेदनशील है और इससे जनता की सुरक्षा और राष्ट्र की एकता-अखंडता सीधी तौर पर जुड़ी हुई है। अतः आवश्यक है कि प्रशासन त्वरित कार्रवाई करें, जिससे जनमानस में विश्वास सुदृढ़ हो और सुरक्षा को लेकर व्याप्त चिंताओं का समाधान हो सके। ज्ञापन की एक प्रति राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री, झारखंड को भी प्रेषित की गयी है। मौके पर मनीर उरांव, राजकिशोर महतो, राकेश प्रसाद, जगनन्दन पौराणिक, संजय प्रसाद, बालकृष्ण सिंह, त्रिवेणी दास, राजकुमार वर्मा, ओम गुप्ता, राममोहन साहू, पवन तिग्गा, सत्यम कुमार, सचिन कुमार, दुबराज वर्मा, जीवन उरांव, दिलीप उरांव, राजकुमार मुंडा, विवेक चौहान, विश्वजीत भारती, पंकज भारती, अशोक चौहान, मदन साहू आदि शामिल थे।

## अभिषेक पोद्दार बने मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा क्षेत्र में मारवाड़ी युवा मंच अपनी जनसेवा और सहयोग को लेकर लगातार काम करती रही है। मंच के नए अध्यक्ष के रूप में सर्व सम्मति से अभिषेक पोद्दार को चयनित किया गया। निवर्तमान प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंच संविधान के अनुसार अध्यक्ष का कार्यकाल मात्र दो वर्षों का ही होता है, प्रत्येक दो वर्ष उपरांत चुनाव करा कर नया अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। इस बार सर्वसम्मति से अभिषेक पोद्दार को निर्विरोध अध्यक्ष मनोनित किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया का कार्यकाल समाप्त हो गया। अभिषेक पोद्दार कोरोना काल में उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए मंच को अपना भरपूर सहयोग दिया था और आम लोगों की सेवा की थी, जिससे लोहरदगा शाखा को प्रांतीय और राष्ट्रीय स्तर पर एक नयी पहचान मिली थी और बहुत से पुरस्कार भी शाखा को मिले थे। उनके नेतृत्व में जल्दी ही एक बैठक बुला कर संगठन विस्तार कर जनसेवा के कार्यक्रमों को गति देने का काम किया जायेगा।

## 10 को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई 2025, शनिवार को किया जायेगा। यह लोक अदालत झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार गुमला जिला न्यायालय परिसर में आयोजित होगी, जिसमें न्यायालय में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सहमति से समाधान किया जायेगा। लोक अदालत को लेकर गुमला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। संबंधित विभागों, बैंकों, बीमा कंपनियों और अन्य संस्थानों से समन्वय स्थापित किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक मामलों का निपटारा बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के किया जा सके। इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस पर पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक लोहरदगा व्यवहार न्यायालय (कचहरी) में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय में आकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा (मोबाइल नंबर 9431318932) से संपर्क किया जा सकता है। लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए विशेष न्यायिक पीठों का गठन किया जायेगा, जिसमें न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता और संबंधित पक्षों के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जिनके मामले अदालत में लंबित हैं या जिन्हें कोई कानूनी विवाद है, वे इस अवसर का लाभ उठायें और शांति, त्वरित समाधान और आपसी सहमति से विवादों का निपटारा करें।

# नशा असामाजिक गतिविधियां और मानसिक तनाव को जन्म देता है: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त ने कहा अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के अवैध उत्पादन, संग्रहण और व्यापार पर की जा रही है सख्त कार्रवाई। अफीम एवं अन्य नशीले पदार्थों की रोकथाम और इसके दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु जिला प्रशासन लातेहार द्वारा व्यापक स्तर पर अभियान शुरू किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि नशा युवाओं के जीवन को बर्बाद कर देता है और समाज में अपराध, असामाजिक गतिविधियां तथा मानसिक तनाव को जन्म देता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के अवैध उत्पादन, संग्रहण और व्यापार पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन, उत्पाद विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से गांव-गांव में छापेमारी की जा रही है। इसके साथ ही स्कूल, कॉलेज और पंचायत स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिनमें युवाओं को नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी जायेगी। उपायुक्त ने आम जनता, अभिभावकों एवं शिक्षकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों पर निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी प्रशासन को तुरंत दें। कहा हम सब मिलकर ही नशामुक्त, स्वस्थ और सुरक्षित लातेहार का निर्माण कर सकते हैं।

## एसडीओ ने क्षेत्र में विदेशी नागरिकों की जानकारी इकट्ठा करने का दिया निर्देश

**महुआडांड़/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे ने बताया कि हमारा अनुमंडल क्षेत्र पर्यटन के रूप में भी विश्व प्रसिद्ध है और यहां विदेशों से भी विदेशी नागरिक आते हैं। भारत सरकार के द्वारा हाल ही में हुए आतंकी घटना के बाद विशेष रूप से पाकिस्तानी वीजा रद्द कर दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर अनुमंडल में भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। एसडीओ श्री दुबे ने पुलिस पदाधिकारी से अनुमंडल क्षेत्र में रह रहे विदेशी नागरिकों की जानकारी इकट्ठा करने एवं विशेष रूप से पाकिस्तान एवं बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करने का निर्देश दिया।

# अवैध रूप से जन्म प्रमाण पत्र जारी करने की शिकायत पर छापेमारी, प्रज्ञा केंद्र सील

आजाद सिपाही संवाददाता




**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में अवैध तरीके से जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जाने की शिकायत के बाद अंचल प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। चाकुलिया में करीब तीन हजार अवैध जन्म प्रमाण पत्र निर्गत होने की खबर के बाद पूरे राज्य में प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी क्रम में आईटीडीए निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, भंडरा अंचल अधिकारी (सीओ) दुर्गा कुमार और थाना प्रभारी अरविंद सिंह के नेतृत्व में भंडरा डालबंगला के पास स्थित सतीश उरांव के प्रज्ञा केंद्र पर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान केंद्र से संबंधित सभी दस्तावेज जब्त कर लिये गये और केंद्र को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।

सीओ दुर्गा कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में अवैध रूप से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। प्रशासन ने प्रखंड के ग्रामीणों से अपील की है कि यदि किसी अन्य प्रज्ञा केंद्र में भी इस प्रकार की गतिविधियां हो रही हैं, तो इसकी सूचना तुरंत अंचल कार्यालय को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। इस कार्रवाई से प्रखंड में अवैध कार्यों के खिलाफ प्रशासन की सक्रियता का संकेत मिला है।

## वज्रपात से मवेशी की मौत, मुआवजे की मांग



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हरिया अंबा टोली में सोमवार को आकाशीय बिजली गिरने (वज्रपात) की घटना में एक दुधारू मवेशी की मौत हो गयी। यह घटना उस समय घटी जब अचानक, बिना बारिश के वज्रपात हुआ। मृत मवेशी किसान तेतरा उरांव का था, जिसे घर के बाहर बांधा गया था। इस अप्रत्याशित घटना से किसान को लगभग 60 हजार का आर्थिक नुकसान हुआ है। तेतरा उरांव ने बताया कि मवेशी से प्राप्त दूध ही उनके परिवार की जीविका का मुख्य साधन था। मवेशी की मृत्यु से उनके समक्ष रोजमर्रा की आवश्यकताओं की पूर्ति में संकट उत्पन्न हो गया है। पीड़ित किसान ने घटना की सूचना पंचायत मुखिया को दी है तथा अंचल कार्यालय में आवेदन देकर मुआवजे की मांग की है। किसान ने प्रशासन से यथाशीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की अपील की है। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को राहत पहुँचाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण मामला है, जिस पर संबंधित विभागों द्वारा त्वरित संज्ञान लिए जाने की आवश्यकता है।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए 75 छात्राओं का चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में वर्ष 202526 में वर्ग 6 में नामांकन हेतु सोमवार को कस्तूरबा गांधी विद्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय चयन समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता चयन समिति के अध्यक्ष प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी और प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज समेत 12 सदस्यीय चयन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में हुई। नये सत्र में नामांकन हेतु प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय कार्यालय में 250 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। जिसमें नये सत्र के लिए 75 बालिकाओं का चयन करना था। जिसमें उपस्थित सदस्यों के सर समिति से अनुसूचित जनजाति के 52, अनुसूचित जाति के 13 एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के 10 छात्रों का वर्ग 6 में नामांकन हेतु अनुमोदित किया गया। प्रखंड स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदित 75 बालिकाओं की सूची जिला स्तरीय चयन समिति को भेजने हेतु सूचीबद्ध किया। जिसे अंतिम रूप देने हेतु जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष जायेगा। जिस पर मुहर लगने के बाद चयनित छात्रों का वर्ग 6 मे नामांकन किया जायेगा। चयन समिति की प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सिंह, सांसद प्रतिनिधि ईश्वरी सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, जिप सदस्य कन्हाई सिंह, संतोषी शेखर, विद्यालय के वार्डन संगीता कुमारी, शिक्षिका उषा कुमारी, शिक्षा विभाग के अशोक कुमार, श्याम मनोहर यादव समेत अन्य लोग शामिल थे।

## विक्षिप्त वृद्ध का शव तालाब में मिला, दो दिनों से था लापता

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के नावाडीह पनारी पंचायत क्षेत्र के जजलो बाजार के समीप रविवार देर शाम एक वृद्ध का शव तालाब में तैरता हुआ मिला। ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को ग्रामीणों के सहयोग से तालाब के बाहर निकलवाया, और पंचनामा कर शव को परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौप दिया। वृद्ध की पहचान जबड़ा पंचायत के खिजुरिया गांव निवासी 60 वर्षीय मुंशी दास के रुप में हुई। ग्रामीणों ने बताया कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त था। दो दिन पहले घर से बगैर बताए निकला था। उसके बाद से कोई पता नहीं चल रहा था। तालाब से बरामद किया गया।

# स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) के तहत ठोस और तरल अवशिष्ट प्रबंधन के सफल क्रियान्वयन के लिए शहरी क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से आज नगर पंचायत लातेहार के वार्ड नंबर एक में जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, लातेहार के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जिले को सुंदर, स्वच्छ रखने के साथ-साथ घरों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखने का संदेश दिया गया। कलाकारों द्वारा गीले कचरे को हरे रंग के डस्टबिन में डालने एवं सूखे कचरे को लाल रंग के डस्टबिन में डालने हेतु जागरूक किया गया। मौके पर कलाकारों द्वारा सड़क सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक कर जीवन रक्षा के तरीके भी बताये गये।

## भौंरो पंचायत में दूसरे जगह नाली निर्माण को लेकर ग्रामीणों में रोष

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत भौंरो पंचायत में प्रस्तावित स्थल से हटकर अन्यत्र नाली निर्माण किये जाने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में नाराज ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), भंडरा प्रतिमा कुमारी को एक आवेदन पत्र सौंपा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत समिति मद अंतर्गत जयप्रकाश साहू के घर से बृजकिशोर मिश्रा के घर तक नाली निर्माण की योजना स्वीकृत हुई थी, जिसके लिए पूर्व में स्थल का चयन भी किया गया था। परंतु, वर्तमान में इस योजना का क्रियान्वयन चयनित स्थल के बजाय अन्य ऐसे स्थान पर किया जा रहा है जहां नाली निर्माण की आवश्यकता नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि बस्ती क्षेत्र में जल निकासी की गंभीर समस्या है और वहां नाली निर्माण अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार योजना को वास्तविक आवश्यकता वाले क्षेत्र में न लागू कर, अनावश्यक स्थान पर कार्य कराए जाने से सार्वजनिक हित की अनदेखी की जा रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने ग्रामीणों की शिकायत का संज्ञान लेते हुए नाली निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाते हुए जांच का आदेश जारी किया है। आवेदन देने वाले प्रमुख ग्रामीणों में रूपेश कुमार मिश्रा, बृजकिशोर मिश्रा, राजेश कुमार, अंजनी कुमारी, दीपेश मिश्रा सहित कई अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर शामिल हैं। प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लेकर की गयी यह कार्रवाई पारदर्शिता एवं जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जांच उपरांत आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

# एक देश, एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में एक भारत, एक चुनाव विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सामेला भगत के तत्वावधान में हुआ। संगोष्ठी को सफल बनाने में विद्यालय परिवार की अहम भूमिका रही। संगोष्ठी में प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी द्वारा प्रस्तावित वन नेशन, वन इलेक्शन की अवधारणा पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस विषय पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रीति कुमारी गुप्ता ने बताया कि एक साथ चुनाव होने से देश को आर्थिक रूप से बड़ी राहत मिल सकती है और चुनावी खर्च में भारी कटौती संभव है।

जिला अध्यक्ष सामेला भगत ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इस विषय पर अपने घरों और समाज में चर्चा करें ताकि जागरूकता बढ़े। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय पंकज ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए एक साथ चुनाव की आवश्यकता और इसके लाभों पर प्रकाश डाला। भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद प्रारंभिक वर्षों में लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ होते थे, लेकिन समय के साथ यह परंपरा टूट गये। वर्तमान में लगातार चुनाव होने से न केवल आर्थिक बोझ बढ़ता है बल्कि आचार संहिता के कारण विकास कार्य भी बाधित होते हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, एक आम चुनाव में लगभग 4000 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। ऐसी स्थिति में वन नेशन, वन इलेक्शन एक कारगर उपाय हो सकता है। संगोष्ठी का संचालन आचार्य नीतू कुमारी ने किया। कार्यक्रम में रितेश कुमार पाठक, सनोज कुमार साहू सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। छात्रा राधिका कुमारी और छात्र उज्ज्वल देवघरिया ने भी विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

# हेडुम में मनरेगा योजना के सोशल ऑडिट का सामाजिक अंकेक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**लावालौंग/ चतरा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत हेडुम में एक सप्ताह से चल रहे सोशल ऑडिट का सामाजिक अंकेक्षण हेडुम पंचायत भवन के सभागार में ग्राम सभा आयोजित कर ग्रामीणों के बीच बारी-बारी से योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। पंचायत में लगभग मनरेगा के तहत लगभग 250 योजनाएं शामिल है। जिसमें कूप, डोभा, आम बागवानी, टीसीबी जैसे योजनाएं शामिल है। जनसुनवाई में कई योजनाओं में कमी पायी गयी। जिसका ज्युरी मेंबर द्वारा संबंधित प्राधिकारियों को दंडित करते हुए निर्देश दिया गया कि इस तरह की छोटी-मोटी गलतियां दोबारा ना हो। ऑडिट के नेतृत्व कर रहे विवेक कुमार पांडे ने बताया कि जांच के दौरान कई योजनाओं में कमियां पायी गयी सुधार करने की आवश्यकता है। वहीं मुखिया संतोष राम ने बताया कि हमारे पंचायत में चल रहे मनरेगा योजनाओं में जो भी कमी मिली है, उसे तत्काल सुधार किया जायेगा। मौके पर लावालौंग जेएसएलपीएस के पीआरपी ललीता कुमारी, उप प्रमुख महमूद खान, पंचायत समिति सदस्य प्रदीप तूरी, मुखिया संतोष राम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## स्कूल रूआर अभियान से जुड़े ड्रॉपआउट बच्चों को फिर से विद्यालय से जोड़ा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में चलाये जा रहे स्कूल रूआर अभियान के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपचो में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राधा सिंह, एवं आकांक्षी ब्लॉक फेलो अशोक कुमार विद्यालय पहुंचे और अभियान के तहत चल रही गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने विद्यालय की कक्षाओं में जाकर बच्चों से पढ़ाई संबंधी जानकारी ली और शिक्षकों एवं बच्चों को आवश्यक निर्देश दिए। बीडीओ गौतम कुमार ने बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए प्रेरणादायक संवाद किया तथा उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने और पढ़ाई में रुचि बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल रूआर अभियान से जुड़े ड्रॉपआउट बच्चों को पुन: विद्यालय से जोड़ा साथ ही उनके बीच स्टडी किट का वितरण किया गया। बीडीओ द्वारा सभी कक्षाओं का भ्रमण करते हुए पठन-पाठन व्यवस्था की समीक्षा की एवं शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने हेतु दिशा-निर्देश दिए। उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपचो के प्रधानाध्यापक सकलदेव राम एवं प्रबंधन समिति के लोगों ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपचो को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने की मांग अधिकारियों के समक्ष रखी जिसे बीडीओ ने गंभीरता से संज्ञान में लिया।

# अधिकारी तय करें कि पलामू में पेयजल संकट उत्पन्न न हो : राधाकृष्ण किशोर

**पलामू में अनाबद्ध निधि से खराब चापानल एवं जलमीनार होंगे दुरुस्त**

**कार्यालय अवधि के द्वितीय पाली में क्षेत्र भ्रमण करें अधिकारीः उपायुक्त**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वित्त, योजना एवं विकास, वाणिज्यकर तथा संसदीय कार्य विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि पेयजल संकट के निवारण हेतु विभागीय अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। औपचारिकता नहीं निभायें, बल्कि संबंधित गांव/मुहल्लों में जाकर वास्तविकता को जाने और समस्या का निदान करना सुनिश्चत करें। जिले में जल संकट बढ़ रहा है। ऐसे में कई दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य चल रहा है, लेकिन वर्तमान समय में अल्पकालीन समस्याएं दूर करने से जल संकट की समस्याएं बहुत हद तक ठीक हो जाएगी। गर्मी के मद्देनजर पेयजल संकट पर तत्काल कार्य करने की आवश्यकता है। ऐसे में प्राथमिकता के आधार पर जिले के खराब पड़े चापाकलों एवं जलमीनारों को दुरूस्त कराना सुनिश्चित करें। मंत्री सोमवार को पलामू में पेयजल समस्या एवं उसके निदान हेतु समाहरणालय के ब्लॉक ए स्थित सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने प्रखंडवार खराब चापाकल एवं जलमीनार की अद्यतन स्थित से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि अनाबद्ध राशि से जिले के खराब चापाकलों एवं जलमीनारों को दुरूस्त किये जायेंगे। पलामू राज्य का पहला जिला होगा, जहां अनाबद्ध राशि से पेयजल समस्या का निदान किया जायेगा। उन्होंने आवश्यकता अनुसार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से भी पेयजलापूर्ति करने का निदेष दिया। उन्होंने कहा कि जिले में पेयजल की सुविधा मुहैया कराने में कोई कोताही नहीं बरती जाए। अगले 15 दिनों तक पेयजल को फोकस करें। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सभी अभियंता क्षेत्र भ्रमण कर वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए खराब चापाकल एवं जलमीनार को दुरूस्त कराएं, ताकि जिले के लोगों को पेयजल संकट से निजात मिल सके।

उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पेयजल संकट के निवारण के लिए खराब चापाकल एवं जलमीनार की सूचना उपलब्ध होने के लिए प्रखंड कार्यालय में शिकायत पेटी लगाने एवं प्राप्त शिकायतों को दूर करने का निदेश दिया।

मंत्री ने ग्रामीण एवं शहरी जलापूर्ति योजनाओं को लेकर चल रहे कार्यो की अद्यतन स्थिति को भी जाना। साथ ही स्थलीय निरीक्षण कर संवेदक के कार्यो की समीक्षा कर कार्य में गति लाने का निर्देश दिया, ताकि योजनाएं ससमय पूर्ण किया जा सके।

पलामू डीसी शशि रंजन ने मंत्री का स्वागत किया। साथ ही विषय प्रवेश कराते हुए पलामू जिले में पंयजल संकट के निवारण हेतु अबतक किये गये कार्यो की अद्यतन जानकारी दी। उपायुक्त ने जिले के सभी पदाधिकारियों को अगले 15 दिनों तक कार्यालय अवधि के द्वितीय पाली में क्षेत्र भ्रमण कर पेयजल संकट निदान के लिए व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूचि व विभागीय समन्वय से बेहतर परिणाम सामने आएंगे। उपायुक्त ने कहा कि खराब चापाकल एवं जलमीनार को ठीक करने में गैंगमैन लगे हैं। इसके बावजूद कार्य नहीं हो पाने की स्थिति में स्थानीय स्तर पर गैंगमैन से कार्य कराकर 15 दिनों में खराब चापाकल एवं जलमीनार को दुरूस्त करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सहायक अभियंता एवं अन्य अभियंता को चेतावनी देते हुए सक्रियता पूर्वक कार्य करते हुए प्रगति लाने का सख्त निदेश दिया। बैठक में डीडीसी शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार सहित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधीक्षण अभियंता, जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं सहायक कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

# तोलरा गांव के चार घरों में जेवर समेत 20 लाख से ज्यादा की संपत्ति की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/ पलामू।** रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव में रविवार की रात चार घरों में भीषण चोरी की घटना हुई। इस घटना में नकद, जेवरात सहित बीस लाख से भी ज्यादा की संपति चोर उड़ा ले गये। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीण तोलरा गांव में लगातार हो रहे चोरी की घटनाओं से आक्रोशित थे।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात तोलरा गांव निवासी रेलवे टीआइ अनिल तिवारी, सेवानिवृत डीएसपी सुधीर तिवारी, शिक्षक ओंकार तिवारी और एलआइसी एजेंट अमरेश तिवारी के घरों में चोरी हुई। घटना के समय तीन घरों में कोई नहीं था। जबकि एक घर में गृहस्वामी के बुजुर्ग पिता थे। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने जब घर का ताला टूटा हुआ और सामान बिखरा पड़ा देखा तो गृहस्वामियों को फोन पर घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि अनिल तिवारी रेलवे में ट्रैफिक इंस्पेक्टर हैं और वे वर्तमान में सपरिवार मेदिनीनगर में रहते हैं। सेवानिवृत डीएसपी सुधीर तिवारी बिहार की राजधानी पटना में सपरिवार शिफ्ट हो गये है। जबकि शिक्षक ओंकार तिवारी और अमरेश तिवारी भुरकुंडा में रहते हैं। पीड़ित चारों परिवार की माने तो इन सभी घटनाओं में कुल बीस लाख से भी ज्यादा की संपति की चोरी हुयी है। सूचना मिलने पर रेहला पुलिस थाना के एसआइ रोशन किंडो पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जहां उन्हें ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीण गांव में आये दिन हो रहे चोरी की घटनाओं से आक्रोशित थे। काफी समझने बुझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए, पुलिस मामले के अनुसंधान में जुट गयी है।

**चोरों को पकड़ने के लिए खोजी कुत्ता का सहारा :** तोलरा गांव में हुई चोरी की घटना का उद्भेदन करने के लिये पुलिस ने खोजी कुत्ता का सहारा लिया। लेकिन इससे भी पुलिस को कुछ हासिल नहीं हुआ। रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि मामले का अनुसंधान तीव्र गति से किया जा रहा है। जल्द ही मामले का उद्भेदन करते हुए चोरों को पकड़ कर जेल भेजा जायेगा।

**ग्रामीणों का शक रिफ्यूजी परिवारों पर :** ग्रामीणों ने शक जाहिर किया है लगातार हो रही चोरी की घटना में तोलरा स्टेशन के पास रह रहे रिफ्यूजी परिवारों की ही संलिप्तता है। मालूम हो कि तोलरा स्टेशन के पास दर्जन भर रिफ्यूजी परिवार वर्षो से रहता है। रिफ्यूजियों का पूरा परिवार ही आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहता है। ग्रामीणों की माने जाने यह सभी रिफ्यूजी परिवार बंग्लादेशी हैं,जो यहां आकर बस गये हैं और अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं।

# नौगढ़ा के पास बाइक से गिर कर महिला घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/ पलामू।** रेहला - ब्रह्मोरिया मुख्य पथ पर नौगढ़ा गांव के पास एक महिला चलते मोटरसाइकल से गिरकर जख्मी हो गयी। घायल महिला की पहचान गढ़वा जिला के नेनुआ -खुरा गांव निवासी सुचिंति देवी (37) के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार सुचिंति देवी एक शादी समारोह में शामिल होने नावा बाजार जा रही थी। इसी बीच एक रोडब्रेकर पार करने के दौरान मोटरसाइकिल थोड़ा डगमगा गया। जिससे वह गिर गयी। घायल अवस्था में उसे नजदीक के फोर्टिज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत खतरे से बाहर है।

# स्वच्छता और माय भारत आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना है : डॉ प्रदीप

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** एके सिंह कॉलेज जपला में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) इकाई के तत्वावधान में स्वच्छता एक्शन प्लान एवं माय भारत आउटरीच कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर पलामू के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ प्रदीप कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करना और उन्हें स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ सूर्यमणि सिंह ने किया। इसके पूर्व प्राचार्य डॉ सूर्यमणि सिंह, मुख्य अतिथि डॉ प्रदीप कुमार, एम के कॉलेज पांकी के प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार राम, जीसीपीए कॉलेज छतरपुर के प्राचार्य डॉ राजकिशोर लाल, गढ़वा के नोडल पदाधिकारी प्रो कमलेश कुमार सिन्हा, कार्यक्रम पदाधिकारी सह पलामू जिला के एनएसएस नोडल पदाधिकारी प्रो राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर पर एनएसएस के स्वयंसेवकों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य डॉ सूर्यमणि सिंह ने कहा कि स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों, अभियानों और कार्यक्रमों को आयोजित किया जा रहा है। स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतों को बढ़ावा देना, पर्यावरण को स्वच्छ बनाना, स्वास्थ्य में सुधार करना आदि उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि माय भारत आउटरीच कार्यक्रम के कई फायदे हैं। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम को एनएसएस के नोडल पदाधिकारी प्रो कमलेश कुमार सिन्हा, प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार राम, प्राचार्य प्रो राजकिशोर लाल, प्रो राकेश कुमार शुक्ला, प्रो पुरुषोत्तम आदि ने संबोधित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा स्वच्छता जागरूकता को लेकर के एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया। रिंकी कुमारी ने स्वच्छता एक्शन प्लान पर अपना संभाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सहभागी सभी छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों को अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र देकर उत्साह बढ़ाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में फलदार पौधे लगाये गये तथा स्वच्छता कार्यक्रम भी चलाया गया। इस अवसर पर प्रो अरुण कुमार सिंह, प्रो अशोक कुमार सिंह, डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रिंस कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी गण, स्वयंसेवक एवं अन्य छात्र छात्राएं शामिल हुए।

# वाहन की चपेट में आने से केतात के युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता




**विश्रामपुर/ पलामू।** केतात पहुंच पथ पर बड़का पुल से कुछ आगे रविवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान रेहला थाना क्षेत्र के केतात गांव निवासी अनिमेष चौबे (35) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार केतात गांव के अनिमेष चौबे उर्फ बड़ू चौबे रविवार की रात लगभग नौ बजे विश्रामपुर से स्कूटी से अपने घर केतात वापस जा रहे थे। इसी बीच वे किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये। जिससे वे सड़क किनारे गिरकर अचेत हो गये। कुछ लोगों की मदद से उन्हें लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। उसके बाद घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी गयी। प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल पहुंचे परिजन उन्हें मेदिनीनगर एमएमसीएच ले गये। जहां उनका फर्द बयान दर्ज किया गया। जिसके बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स ले जाने के क्रम में लातेहार के निकट उनकी मौत हो गयी। सोमवार को दोपहर बाद मृतक का शव गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। घटना के बाद से परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है। इधर विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने बताया कि फर्द बयान आने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में करियर काउंसलिंग का आयोजन



**इन्फोसिटी टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस के विशेषज्ञों ने छात्राओं को करियर का मार्गदर्शन किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पूर्व निर्धारित योजना के तहत पीएम श्री प्लस टू कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, हुसैनाबाद में सोमवार को करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 10वीं एवं 12वीं की छात्राओं को शैक्षणिक और व्यावसायिक क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं की जानकारी देना और उन्हें करियर निर्माण हेतु प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में इन्फोसिटी टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन्स के विशेषज्ञों ने छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी और उनके बीच कौशल विकास, उच्च शिक्षा के अवसर, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, तकनीकी शिक्षा व उद्यमिता से जुड़े पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपने भविष्य से जुड़े सवालों के जवाब विशेषज्ञों से प्राप्त किए।

इस अवसर पर विद्यालय की वार्डेन किरण कुमारी सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में छात्राओं को समय रहते सही दिशा में मार्गदर्शन मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बालिकाओं को आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करते हैं।

विशेषज्ञ आनंद कुमार ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि आधुनिक दौर में तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ संवाद कौशल और आत्मविश्लेषण भी करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारण और निरंतर अभ्यास के महत्व को समझाया।

इन्फोसिटी टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन्स के निदेशक सतीश अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राएं भी यदि सही मार्गदर्शन और संसाधन प्राप्त करें, तो वे किसी भी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को डिजिटल युग के अनुरूप खुद को तैयार करने की सलाह दी।

# विद्यार्थी सीमित संसाधन में भी विज्ञान को समाजसेवा और नवाचार से जोड़ते हैं, यही असली शिक्षा है : रामदास सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिया में साइंस ओलंपियाड एग्जीबिशन 2025 का भव्य आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन शामिल हुए। इस अवसर पर विज्ञान मेले में जमशेदपुर एवं आसपास के 20 विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। इन्होंने 65 वर्किंग मॉडल्स के माध्यम से अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचारों का प्रदर्शन किया। मौके पर झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने सभी स्टॉल का निरीक्षण कर विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच और कॉलेज के प्रयासों की सराहना की। मंत्री श्री सोरेन ने कहा सीमित संसाधनों में भी विद्यार्थी जब विज्ञान को समाजसेवा और नवाचार से जोड़ते हैं। यही असली शिक्षा है। मौके पर विशिष्ट अतिथि घाटशिला एसडीएम सुनील चंद्रा ने कहा आज की शिक्षा को रचनात्मकता और नवाचार से जोड़ना आवश्यक है। बच्चों के मॉडल्स में सामाजिक चेतना और वैज्ञानिक सोच स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही थी। कॉलेज के चेयरमैन डॉ एसके सिंह ने कहा इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों को विज्ञान के प्रति उत्साहित करना, रचनात्मकता को प्रोत्साहन देना और टीम वर्क की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान निर्णायक मंडली में स्कायला सॉफ्टवेयर निदेशक मितलेश चौधरी,चांडिल पॉलिटेक्निक के प्राचार्य डॉ. नीरज प्रिय दर्शी, अल-कबीर पॉलिटेक्निक के प्राचार्य डॉ वारिस एस इमाम शामिल रहे। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा प्रथम पुरस्कार टीपीएस डीएवी, बहरागोड़ा (मॉडलः मल्टी टास्किंग सोलर कार्ट), द्वितीय पुरस्कार एग्रो टेक पब्लिक स्कूल कदमा,तृतीय पुरस्कार भारती चिन्मया विद्यालय टेल्को (मॉडलः पनेशिया एआई हेल्थ असिस्टेंट) को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या डॉ. प्रत्यंक्षा प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत किया और बिहार एसोसिएशन के महासचिव सीपीएन सिंह ने आभार प्रकट करते हुए भविष्य में ऐसे आयोजनों के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

# भाजपा ने पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ निकाली आक्रोश रैली

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** भाजपा की ओर से सोमवार को वैध और अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकाली गयी। पार्टी कार्यकताओं डीसी कार्यालय पहुंचकर सरायकेला एसडीओ निवेदिता नियति को ज्ञापन सौंपा और ऐसे नागरिकों की तत्काल पहचान कर देश से निष्कासन की मांग की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता आक्रोशित दिखे और नारेबाजी करते हुए डीसी कार्यालय परिसर पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंहदेव ने कहा 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दी। उन्हें भारत छोड़ने का आदेश दिया है। उसके बावजूद इसके कई पाकिस्तानी नागरिक अब भी देश में रह रहे हैं जो चिंता का विषय है। उन्होंने प्रशासन से मांग की जिले में जहां भी ऐसे नागरिक रह रहे उन्हें चिन्हित कर कानूनी कार्यवाही करते हुए भारत से डिपोर्ट किया जाए। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाये गये तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने प्रशासन से राष्ट्रीय दिशा-निर्देशो के अनुरूप त्वरित और ठोस कार्रवाई की अपेक्षा जतायी। ज्ञापन की एक-एक प्रति राज्यपाल और मुख्यमंत्री झारखंड को भी प्रेषित की गयी। मौके पर जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंहदेव, उपाध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, आवेदनकर्ता राकेश सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रैली का समापन राष्ट्रगान और भारत माता की जय के नारों के साथ हुआ।

# पीएचइडी कार्यालय बंद रहने पर ग्रामीणों में रोष



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला प्रखंड के वृंदा पंचायत अंतर्गत बहवारटोली के ग्रामीण सोमवार की दोपहर करीब 12:30 बजे पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल कार्यालय गुमला पहुंचे। ग्रामीणों द्वारा दो सप्ताह पूर्व गांव में पेयजल की किल्लत को लेकर आवेदन सौंपा गया था और अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही समस्या का निदान किया जाएगा लेकिन किसी तरह का जवाब नहीं मिलने से नाराज ग्रामीण मुखिया सत्यवती देवी और सामाजिक कार्यकर्ता बसंत कुमार लोहरा के नेतृत्व में कार्यालय पहुंचे लेकिन कार्यालय में ताला लटका हुआ था और सभी कर्मी नदारत थे। यह देख कर ग्रामीण काफी नाराज हुए। तत्काल उन्होंने वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दी। मुखिया ने बताया कि विभागीय अभियंता के द्वारा डीप बोरिंग का आश्वासन दिया गया था लेकिन कोई पहल नहीं हुई और ना ही ग्रामीणों को कोई सूचना दी गयी। अक्सर अधिकारी कार्यालय से नदारत रहते हैं ऐसे में ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कैसे होगा। विभाग के पदाधिकारी से संपर्क नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं रखा जा सका।

# संयुक्त सचिव ने इंटरनेट कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाये रखने पर दिया बल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नीति आयोग के अंतर्गत आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा के लिए दो दिवसीय दौरे पर गुमला पहुंचे भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं केंद्रीय प्रभारी अधिकारी अमित सतीजा ने आज समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान जिले में चल रहे विकास कार्यों की गहन समीक्षा की गयी और आवश्यक निर्देश भी दिए गए। बैठक की शुरूआत पीडी आइटीडीए रीना हांसदा के स्वागत भाषण से हुई। जिसके पश्चात उन्होंने एडीपी और एबीपी कार्यक्रम के सभी संकेतकों को पावरप्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। समीक्षा के क्रम में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आधारभूत संरचना, पेयजल, वित्तीय समावेशन समेत अन्य प्रमुख क्षेत्रों में हो रहे कार्यों पर चर्चा की गयी।

**गुमला के कृषि क्षमता की सराहना :** संयुक्त सचिव श्री सतीजा ने गुमला जिले के कृषि स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यहां मड़ुआ, मक्का, सब्जी और फलों का उत्पादन बेहतरीन हो रहा है। उन्होंने फूलों की खेती की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि मिट्टी की जांच कराकर इस दिशा में कदम बढ़ाये जाने चाहिए।

**डिजिटल और वित्तीय समावेशन पर जोर :** संयुक्त सचिव ने ग्राम पंचायतों में इंटरनेट कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाये रखने पर बल दिया। फाइनेंशियल इंक्लूजन के तहत मुद्रा योजना के प्रभावी कार्यान्वयन और लाभार्थियों की नियमित निगरानी की बात कही। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई। साथ ही पीवीटीजी समुदाय द्वारा बनाए जा रहे बांस उत्पादों को सराहा गया, जिन्हें आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गुमला जिले में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत सराहनीय कार्य हो रहे हैं। इसका श्रेय उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी सहित जिला प्रशासन की प्रतिबद्ध टीम को जाता है। बैठक में उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, पिरामल फाउंडेशन की टीम एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रवासी मजदूरों की शिकायत पर श्रम अधीक्षक कार्यालय पहुंची मिशन बदलाव की टीम, सौंपा ज्ञापन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कुछ दिन पहले गुजरात में काम करने गये झारखंड के घाघरा प्रखंड के प्रवासी मजदूरों ने वीडियो संदेश के माध्यम से सामाजिक संगठन मिशन बदलाव से मदद की अपील की थी। मजदूरों ने आरोप लगाया था कि उन्हें महीनों तक काम कराने के बावजूद मजदूरी नहीं दी गई। इस मामले को लेकर मिशन बदलाव के विधि सलाहकार अधिवक्ता सच्चिदानंद गोप सोमवार को श्रम अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और वहां उपस्थित अधिकारियों को मजदूरों की समस्याओं से अवगत कराया। अधिवक्ता श्री गोप के साथ मजदूर राजू, विष्णु, मदन उरांव और संजय उरांव भी मौजूद थे। मजदूरों ने बताया कि उन्हें सिर्फ एक महीने की मजदूरी दी गयी, जबकि तीन से चार महीने तक काम कराने के बाद उन्हें कोई भुगतान नहीं किया गया। जब वे अपने पैसे की मांग करते हैं, तो ठेकेदार और मैनेजर उन्हें फोन पर गाली-गलौज करते हैं और पैसे देने से इनकार कर रहे हैं। मिशन बदलाव की ओर से अधिवक्ता श्री गोप ने मजदूरों को आश्वासन दिया कि उनके मामले को गंभीरता से लिया जायेगा और उन्हें न्याय दिलाने की पूरी कोशिश की जायेगी। वहीं श्रम विभाग के अधिकारियों ने भी मामले की गंभीरता को समझते हुए जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# कंटेनर और डीजे की गाड़ी की टक्कर, चालक घायल



**भरनो (आजाद सिपाही)।** स्कूल चौक श्रीराम केशरी के घर के समीप एक कंटेनर, एक डीजे गाड़ी और स्विफ्ट जो की भरनो थाना के एसआइ अभिनंदन कुमार की थीं आपस मे टकरायी कंटेनर और डीजे गाड़ी के चालक को हलकी चोट आयी है। मौके पर भरनो पुलिस मौके पर पहुंच कर दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो ले गयी जहा डॉक्टर ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार उपरांत छुट्टी दे दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुमला के ओर से आ रही कंटेनर और नगड़ी के ओर से आ रही डीजे गाड़ि सामने से टकरा गयी और वहीं सड़क के किनारे खड़ी भरनो थाना के एसआइ अभिनंदन कुमार के स्विफ्ट कार को टकर मारने हुए कुछ दुर ले गयी। गनीमत थी की भरनो थाना के एसआइ कार को साइड मे लगाकर कुछ सामान खरीदने दुकान गये हुए थे जिस कर वह बाल बाल बच गये। घटना के बाद सड़क पर मे जाम लग गया। भरनो थाना हाइड्रा के मदद से तीनो गाड़ियों को हटवाकर जाम को हटवाने के बाद क्षतिग्रस्त वाहन को जब्त कर आगे की कारवाई के लिए थाने ले गयी।

# सशिविमं में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह अयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला ने एक सराहनीय पहल करते हुए सोमवार को दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन न सिर्फ एक कार्यक्रम था, बल्कि एक भावनात्मक मिलन था, जिसमें पारिवारिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति और पीढ़ियों के बीच गहरे रिश्तों का अद्भुत प्रदर्शन हुआ। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें विद्यालय के स्थानीय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह, प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा, वरिष्ठ अधिवक्ता शंभु सिंह, प्रसिद्ध व्यवसायी अनिल प्रसाद तथा सामाजिक कार्यकर्ता सिद्धेश्वरी देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नन्हे-मुन्ने छात्रों ने नृत्य, गीत और कविताओं के माध्यम से अपने बुजुर्गों के प्रति प्रेम और आभार प्रकट किया। उनके सजीव प्रदर्शन ने न सिर्फ दर्शकों का दिल जीता, बल्कि कई बुजुर्गों की आंखें नम कर दीं। करीब 130 दादा-दादी और नाना-नानी की गरिमामयी उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी विशिष्ट बना दिया। बच्चों से मिले स्नेह और अपनापन देखकर कई बुजुर्ग भावुक हो उठे और विद्यालय की इस पहल को यादगार करार दिया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि बुजुर्ग हमारे परिवार की जड़ें हैं। उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद बच्चों को जीवन की दिशा देता है। ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और उनमें भारतीय संस्कृति के बीज बोते हैं। वहीं मुख्य अतिथि शंभु सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अनिल प्रसाद ने विद्यालय की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। सचिव विजय बहादुर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में जब परिवारों में बुजुर्गों की उपेक्षा देखी जा रही है, ऐसे आयोजनों से बच्चों के मन में उनके प्रति प्रेम और सम्मान की भावना मजबूत होती है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ शांतिपूर्वक और भावपूर्ण वातावरण में हुआ।

# बोटका में ठनका गिरने से वृद्ध घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बोकटा गांव में सोमवार की अपराह्न करीब 4 बजे अचानक मौसम में बदलाव होने व बारिश होने के बाद भींगे बछड़े का पेड़ के नीचे खड़े होकर पानी पोंछने के दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आने से 65 वर्षीय किसान भैयाराम उरांव 90 प्रतिशत झुलस गया। उसकी स्थिति गंभीर है। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। ऐसे समाचार लिखे जाने तक उसका सदर अस्पताल में ही इलाज जारी था। बताया जाता है कि घटना के वक्त भैया राम उरांव अपने घर के पास लगे बारी में सब्जियों की रखवाली कर रहा था।तभी अचानक बूंदाबांदी होने लगा।इस बूंदाबांदी में किसान के मवेसी का एक बछड़ा भींग गया। इसके बाद वह बछड़े का पानी पोछने लगा। तभी इसी दौरान बारिश तेज हो गयी और बिजली चमकने लगी। यह देख किसान की पोती छाता लेकर उसे घर चलने के लिए बुलाने आ गयी। लेकिन दादा पीछे से आने की बात कहकर उसे लौटा दिया।

# जिग्गा सुसारन होरो ने आवास योजना में गड़बड़ी को लेकर जतायी नाराजगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** सिसई प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को क्षेत्रीय विधायक जिगा सुसारन होरो ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों की धीमी गति और अनियमितताओं पर गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगायी। ग्रामीणों द्वारा ऑनलाइन रसीद तथा दाखिल-खारिज सुधार प्रक्रिया में अवैध वसूली की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने अंचलाधिकारी को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि जनता से रिश्वत लेना और उनका शोषण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वहीं अबुआ आवास योजना में सामने आयी अनियमितताओं पर विधायक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को सख्त लहजे में निर्देश दिया कि सभी गड़बड़ियों को सुधारते हुए योजना का लाभ केवल पात्र और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जाये। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए विधायक श्री होरो ने कहा कि योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन अनिवार्य है, अन्यथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के तौर पर हो और योजनाओं का लाभ उन्हें पूरी पारदर्शिता के साथ मिले।

# पिकअप का चक्का चढ़ने से महिला का पैर टूटा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के विशुनपुर थाना क्षेत्र के कोटठोकवा चढ़ान में सोमवार दिन के 11 बजे ओवरलोडिंग के कारण एक पिकअप वाहन के चढ़ने के दौरान पीछे लुढ़कने से उसमें सवार 40 वर्षीय महिला बसंती नगेशिया गिरने के बाद पिकअप का चक्का चढ़ जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका बायां पैर चक्का के चढ़ जाने से चकनाचूर हो गया। वह जुड़वानी गांव की रहने वाली है। इधर पिकअप के लुढ़कने के दौरान चालक के सूझबूझ से एक बड़ा हादसा भी टल गया। चालक ने पिकअप को किसी तरह नियंत्रित किया। जिससे पिकअप लुढ़कने के बाद पलटने से बच गया।नही तो पिकअप में सवार करीब दो दर्जन से अधिक लोगो के जान भी जा सकती थी। चूंकि जिस चढ़ान पर पिकअप लुढ़का था उसके अगल बगल में खाइ है। इधर घायल बसंती को स्थानीय लोगो के मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशुनपुर में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में बसंती का इलाज चल रहा है।

## महिला से मारपीट मामले में प्रशासन ने लिया संज्ञान

# एसडीपीओ ने महिला का लिया फर्द बयान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत खोरा पाकईर टोली गांव में रविवार को गांव के कुछ लोगों ने 40 वर्षीय महिला सोमारी देवी के साथ डायन बिसाही का आरोप लगाकर मारपीट की थी। इसके बाद महिला का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। आजाद सिपाही में खबर लगने के बाद प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लिया। गुमला एसपी शंभु कुमार सिंह के निर्देश पर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव सोमवार की अपराह्न 3 बजे सदर अस्पताल पहुंचे और महिला का फर्द बयान लिया। इसके बाद मामले के जांच का अधीनस्थों को निर्देश दिये। एसडीपीओ ने कहा मामला गंभीर है किसी भी हाल में अंधविश्वास को लोगों पर हावी नहीं होने दिया जायेगा। आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही खोरा पाकईर टोली गांव में डायन बिसाही और अंधविश्वास को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। वहीं महिला के बयान के बाद पुलिस गांव पहुंची और कार्रवाई में जुट गयी है।

# पाकिस्तानियों को वापस भेजने की मांग को लेकर भाजपा ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भाजपा जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल के नेतृत्व में गुमला उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें वैध एवं अवैध रूप से निवास कर रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल भारत छोड़ने हेतु कार्रवाई करने के लिए उपायुक्त, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को आग्रह किया गया। विनय लाल ने कहा कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में घटित आतंकवादी घटना में 26 निर्दोष नागरिकों के निर्मम हत्या ने संपूर्ण राष्ट्र को स्तब्ध कर दिया है। इस घटना के बाद केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण और ठोस निर्णय लेते हुए पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा को रद्द करने एवं उन्हें देश से निर्वासित करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। मौके पर उपस्थित पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा गृह मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त आदेश संख्या 25022/ 28/ 2025 एफआइ 25 /4/ 2025 के आलोक में विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3(1) के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा सेवाओं को निलंबित करने का निर्णय लिया गया है। जिले के अलग-अलग क्षेत्र में जो भी पाकिस्तानी नागरिक बिना वीजा या वैध दस्तावेजों के या वीजा की अवधि समाप्त हो जाने के बावजूद भारत में निवास कर रहे हैं उनका शीघ्र पहचान करें। यह देश की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे पाकिस्तानी नागरिकों को सूचीबद्ध कर तत्काल आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की आवश्यकता है। मौके पर मुनेश्वर साहू सबिन्द्र कुमार सिंह, निर्मल गोयल, भाजयुमो जिला अध्यक्ष संदीप कुमार, चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह, सुरेश सिंह, अशोक कुमार ,भोला चौधरी, हरमीत सिंह, पायल तिवारी, गौरी किंडो, बबलू वर्मा, विकास कुमार सिंह, दिनेश्वर साहू, किशोर मिश्रा, सुबा अल्बूम तिग्गा, शंभू नायक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सिमडेगा से बारात आये व्यक्ति का शव कुएं से मिला, हत्या की आशंका




**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिमडेगा जिला के बानो थाना क्षेत्र के कटिका महाबुआंग गांव से भाइ का बरात में आये 40 वर्षीय युवक जतरु सोरेंग का जिले के पालकोट थाना क्षेत्र के तपकरा गांव में संदेहास्पद स्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर जतरु का शव बरात स्थल से 500 मीटर दूर एक सुनसान जगह स्थित कुआं से बरामद किया है। परिजनों ने शव की शिनाख्त जतरु के रूप में करते हुए उसकी हत्या की आशंका जाहिर की है। साथ ही कहा है उसके शरीर मे चोट के निशान है। परिजनों ने कहा कि जतरु सीधा साधा था।उसकी किसी से कोई दुश्मनी भी नही थी।और वह नशा पान भी नही करता था।शादी स्थल भी उसके लिए अनजान जगह था। परिजनों ने थाना में लिखित आवेदन देकर हत्या की आशंका जाहिर करते हुए कार्रवाई की मांग की है।मृतक का भगिना सन्नी सोरेंग ने बताया कि उसके मामा जतरु सोरेंग 3 मई को रिश्ते में लगने वाला भाई अनूप सोरेंग का बाराती बनकर पालकोट थाना क्षेत्र के तपकरा गांव आये थे। तपकरा गांव में उन्हें अंतिम बार साथ गये अन्य बरातियों ने खाना खाते देखा था। इसके बाद वे अचानक गायब हो गये थे। दूसरे दिन गांव वापस लौटे बरातियों ने उनके गायब होने की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन तपकरा गांव पहुच कर खुद से खोजबीन की।बावजूद उनका पता नही चला।इसके बाद वे लोग पालकोट थाना पहुंच कर गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए खोजबीन की गुहार लगायी। इसी बीच पुलिस को तपकरा गांव में एक शव मिलने की सूचना मिली।फिर जाकर देखा तो शव उनके मामा की थी। शव कुआं में था। हत्या कर शव को कुआं में डाला गया था। भगिना ने यह भी बताया कि उसके मामा विवाहित थे। मगर उनकी पत्नी का चार वर्ष पूर्व देहांत हो गया था। दोनो का एक बेटा भी है।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के खरका गांव में घटित दुर्घटना का है। जहां पर घाघरा थाना क्षेत्र के बड़काडीह गांव के तीन युवक बाइक समेत एक पेड़ से जा टकराये। इस टक्कर में आनंद केवट, पंकज महली और उनका एक दोस्त घायल हो गये। जिस दोस्त का नाम पता नही चल सका वह सदर अस्पताल में इलाज करवाकर लौट गया। जबकि आनंद और पंकज का सदर अस्पताल में इलाज जारी है। इनमे आनंद का एक पैर टूट गया है। जबकि पंकज को शरीर के कई हिस्सों में चोट है। बताया जाता है कि तीनों दोस्त नशे में धुत थे और तीनों में कोई भी हेलमेट नही पहना था। दूसरी घटना सदर थाना क्षेत्र के खरका नदी के समीप का है। जहां बाइक से घूमने निकले सदर थाना क्षेत्र के दारु टोली गांव के दो दोस्त प्रभात केरकेट्टा और एक अन्य दोस्त एक बाइक में सवार होकर घूमने निकले थे। तभी उन्हें एक काला रंग का अज्ञात स्कॉर्पियो टक्कर मारकर भाग निकला। जिसमे दोनो घायल हो गये। टक्कर में प्रभात को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## स्पोर्ट्स



प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न स्थानों से विभिन्न आयु वर्गों में लगभग 400 से ऊपर प्रतिभागी लिया। दो दिवसीय योग प्रतियोगिता के अलावा पेंटिंग, निबंध, रंगोली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुई।

# दो दिवसीय सत्यानंद ओपन योग चैंपियनशिप संपन्न

**रांची की संचिता राय और जमशेदपुर के अभिषेक बने चैंपियन ऑफ चैंपियंस**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के बिशप स्कूल में सत्यानंद योगा एसोसिएशन एवं श्री अरबिंदो आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सत्यानंद ओपन योग चैंपियनशिप रविवार को संपन्न हुई। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न स्थानों से विभिन्न आयु वर्गों में लगभग 400 से ऊपर प्रतिभागी लिया। दो दिवसीय योग प्रतियोगिता के अलावा पेंटिंग, निबंध, रंगोली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित की गयी। योग प्रतियोगिता में रांची योग जीनियस की संचिता राय और बालक वर्ग में रॉयल योग जमशेदपुर के अभिषेक कुमार ने चैंपियन ऑफ चैंपियंस के खिताब पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक स्कोरिंग का प्रयोग की गयी। कोलकाता से पहुंचे मानिक प्रधान के नेतृत्व में झारखंड के निर्णायकों के सहयोग से प्रतियोगिता को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायें। संस्था के निर्देशक आदित्य कुमार सिंह एवं सचिव रूपम कुमारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड पर्यटन विभाग की निदेशक अंजलि यादव, अतिथि सेवा भारती रांची महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत यादव, नीलू भाटिया, आशी भाटिया, अरविंद सोसाइटी के सचिव रमेश भाई, सामाजिक कार्यकर्ता रंजन कुमार मिश्रा, डॉ परिणीता सिंह, आदित्य कुमार सिंह, संजय कुमार झा, पंकज प्रसाद,डॉ रूपम सिंह ने खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। इस मौके सपन साह, रजनी बक्शी, राहुल पोद्दार, डॉ कृष्ण कुमार राय, सुशीत बनर्जी, अन्नु झा, वंदना कुमारी, शीतल महतो, सीमा राय, कुमारी सृजन, सारिका कुमारी, विवेक कुमार, गोवर्धन कुमार, संजय कुमार सहित योग प्रेमी और योग प्रशिक्षक उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय मिनी और यूथ टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मिनी बालिका को गोल्ड एवं बालक को रजत पदक



**रांची (आजाद सिपाही)।** 2 से 4 मई 2025 तक गोपाबंधु स्टेडियम परादीप पोर्ट, परादीप जगतसिंहपुर ओड़िशा में आयोजित 26वीं राष्ट्रीय मिनी एवं यूथ बालक बालिका टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित हो रही थी। जिसमें टेनिस वॉलीबॉल संघ झारखंड के मिनी एवं यूथ बालक बालिका टीम भाग ले रही थी। जिसमें झारखंड के मिनी बालिका वर्ग ने फाइनल मैच में महाराष्ट्र को डायरेक्ट 2 सेटों में 21-10 एवं 21-16 से पराजित कर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया एवं मिनी बालक ने फाइनल मैच में कड़े मुकाबले में महाराष्ट्र से 3 सेट में 2 सेट में 21-18, 21-15 से पराजित हो कर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 06 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग, डीसी को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर अध्यक्ष सरवन राय और ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर की अध्यक्षता में संयुक्त रूप से 'पाकिस्तानियों भारत छोड़ो' के नारे के साथ कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत में रह रहे अवैध पाकिस्तानी नागरिकों के विरुद्ध अविलंब कड़ी कार्रवाई के लिए आक्रोश प्रदर्शन करते हुए धनबाद उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। धनबाद महानगर अध्यक्ष सरवन राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सहित सभी हिंदुस्तानी नागरिकों में पाक समर्थित आतंकियों के खिलाफ आक्रोश एवं उबाल है, धनबाद उपायुक्त



महोदय को भाजपा धनबाद महानगर द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में जो भी पाकिस्तानी नागरिक वैध और अवैध रूप से निवास कर रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में घटित आतंकवादी हमले में 27 निर्दोष और मासूम भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या ने संपूर्ण राष्ट्र को स्तब्ध कर दिया है। इस दुखद घटना के पश्चात केंद्र सरकार ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने और उन्हें देश से डिपोर्ट यानी निर्वासित करने की प्रक्रिया आरंभ की है। गृह मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त आदेश संख्या 25022/ 28 / 2025 एफआइ दिनांक 25/04/2025 के आलोक में विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए पाकिस्तानी नागरिकों की वीजा सेवाओं को निलंबित करने का निर्णय लिया गया है। बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि केंद्र सरकार के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता अन्य देशों के किसी भी घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगा। सिंदरी की प्रत्याशी रही तारा देवी ने कहा कि धनबाद जिले में रह रहे संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिकों की तत्काल पहचान और उन्हें चिन्हित किया जाये और इस कार्य के लिए एक उच्च स्तरीय जांच टीम गठित की जाये। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्येंद्र कुमार, चंद्रशेखर सिंह, राजकुमार अग्रवाल , धर्मजीत सिंह ने जिला प्रशासन से इस अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील मुद्दे पर कानून सम्मत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने कहा कि जिला प्रशासन इस गंभीर विषय पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करें। आक्रोश प्रदर्शन में मुख्य रूप से तारा देवी, राजकुमार अग्रवाल, चंद्रशेखर सिंह, सत्येंद्र कुमार, धर्मजीत सिंह, मानस प्रसून, विष्णु त्रिपाठी सहित सैंकडों पार्टी कार्यकर्ता एवम बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

## राम बिलास स्कूल में चोरी के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो थाना की पुलिस ने बेरमो थाना क्षेत्र के राम बिलास स्कूल मे विगत 22 मार्च, एक अप्रैल, दो अप्रैल, तीन अप्रैल, चार अप्रैल, पांच अप्रैल और सात अप्रैल को लागातार चोरी करने वाले चोर को गिरफ्तार कर तेनुघाट जेल भेज दिया है। बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने इस संदर्भ में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि रामबिलास स्कूल बेरमो में चोरी की घटना के आधार पर विद्यालय के प्रभारी प्रचार्य रामाशीष चौधरी ने बेरमो में आवेदन दिया था। इस आवेदन के आधार पर बेरमो थाना मे कांड संख्या 57/25 दिनांक 05 अप्रैल को दर्ज किया गया था। जिसका सोमवार को उद्भेदन कर कांड में शामिल अभियुक्त बेरमो थाना क्षेत्र के घुटियाटाड़ निवासी सह स्थाई पता चंबा थाना जिला गिरीडीह के रहने वाले बालमुकुंद पांडेय का पुत्र आकाश कुमार पाण्डेय को करगली से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के बयान के आधार पर चोरी किये गये सभी समान बरामद किया गया है। बरामद किए समान में सीसीटीवी कैमरा के तार, वायरिंग तार, सीलिंग पंखा, दिवाल घड़ी, तांबे का तार सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार कर तेनुघाट जेल भेज दिया गया है।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
ELECTRIC SUPPLY AREA, RANCHI
Regd. Office : KUSAI COLONY, DORANDA, RANCHI
Telephone :- 0651-2490550/2490670 & Email : gm_rncjseb@yahoo.in https:/www.jbvnl.co.in

**e-Tender Notice**

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type of Civil works and having sound financial status:

| Sl. No. | NIT No | Name of the works | Estimated Cost in Rs. | Earnest money to be deposited in Rs. | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs. | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04/PR/JBVNL/ 2025-26 | Construction of MRT Building at Kusai Colony, Doranda, Ranchi, Under Electric Supply Circle, Ranchi | 43,38,700.00 | 86,800.00 | 5900.00 | 240 Days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | From 08.05.2025 at 11.00 AM to 29.05.2025 up to 02:00 PM |
| Last date and time for uploading of e-tender | 29.05.2025 up to 02:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part -I (Technical and Commercial) | 30.05.2025 at 3.30 PM |
| Date and time for opening of Tender Part -II (Price Part) | Will be Communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | General Manager (T), Electric Supply Area, Ranchi |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (0651-2490550) during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder Shall deposit online tender fee as mentioned above for cost of BOQ and EMD as per rule of e-tendering Portal (**jharkhandtenders.gov.in**)
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
**General Manager-cum-Chief Engineer**
**Electric Supply Area, Ranchi**

PR 351708 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (25-26)_D


### बीसीसीएल पुरुष राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट 2025

# प्रथम राउंड का परिणाम : मेन ड्रॉ के लिए आरुष रॉय ने किया क्वालीफाइ

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान में झारखंड टेनिस संघ द्वारा आयोजित बीसीसीएल पुरुष राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग दौर के दूसरे दिन खेले गये मैचों के परिणाम इस प्रकार हैं। देबासिस साहू (ओडी) ने आरुष रॉय (जेएच) को 6-1,6-0 से हराया।रोहन मंडल (पश्चिम बंगाल) ने शिव प्रणय कावडी (टीएस) को 6-0,6-2 से हराया। रतुल महता (पश्चिम बंगाल) ने रणवीर एस देव (जेएच) को 7-5,6-0 से हराया।रौनक शर्मा (पश्चिम बंगाल) ने अभिषेक सिंह (बीआर) को 6-0,6-4 से



हराया। आर्यमन गोचवाल (डीएल) ने संजय कुमार (जेएच) को 6-0,6-0 से हराया। अरित्रा के सासमल (पश्चिम बंगाल) ने अदनान अली (पश्चिम बंगाल) को 6-2,6-2 से हराया।सुमित गोदियाल (यूके) ने कलश कुमार (पश्चिम बंगाल) को 6-4,7-6(1) से हराया। हर्ष मलिक (एचआर) ने रोहन साई अंकमपल्ली (टीएस) को 6-1,6-3 से हराया। सोमवार को सुबह 8बजे से मेन ड्रॉ सिंगल के मैच शुरू होंगे जिसमें 15 राज्यों के 32खिलाही आपस में प्रतिस्पर्धा करेंगे। मेन ड्रा में झारखंड के आरुष रॉय ने अपनी जगह सुनिश्चित की है। यह जानकारी धनबाद लॉन टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने दी।

# जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में न्यूट्रिशन प्रैक्टिकल प्रोग्राम



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बलियापुर रोड, कोला कुसमा, मंझीलाडीह स्थित जेपी ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस के नर्सिंग की प्रशिक्षु छात्राओं के बीच न्यूट्रिशन प्रैक्टिकल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जेपी नर्सिंग की डायरेक्टर किमी मंडल और प्राचार्या शोभना भट्टाचार्य में बताया कि नर्सिंग की छात्राओं के बीच सामान्य स्वस्थ व्यक्ति और मरीजों को पर्याप्त सुरक्षित एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थ की मात्रा के संदर्भ में प्रशिक्षित करने के लिए प्रैक्टिकल प्रोग्राम कराया गया। इसमें राइस, मिक्स वेजिटेबल समेत अन्य वेजिटेबल व्यंजन, फ्रूट सलाद, रायता बनाये गये थे। उनकी गुणवत्ता और अच्छे स्वास्थ्य बनाये रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में सेवन के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। न्यूट्रीशन प्रैक्टिकल प्रोग्रामिंग जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की डायरेक्टर डॉक्टर किमी मंडल, नर्सिंग की प्राचार्या शोभना भट्टाचार्य, फामेर्सी की प्राचार्या नीलम सिंह और शिक्षिकाओं में वर्षा रानी, शिल्पा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी समेत सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थी।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**
**e-Procurement Cell (Short e-Procurement Notice)**
Tender Reference No:- BCD/EE/HAZARIBAG/ 13 /2025-26 Date:- 03-05-2025

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Residence of S.E. BCD, Building , District-Hazaribag | 4883000/- | 96000/- | 5000/- | 4 Month |
| 2 | Renovation of Circle office Building BCD , District-Hazaribag | 4975000/- | 100000/- | 5000/- | 4 Month |
| 3 | Construction of Boundary wall & Campus Development of Commissioner Office Hazaribag . | 3276700/- | 66000/- | 5000/- | 4 Month |
| 4 | Renovation &Construction Work of Different Structure at Upgrde High School Saryiadih ,Block- Padma , Dist-Hazaribag | 4751450/- | 96000/- | 5000/- | 4 Month |
| 5 | Renovation for Utkramit Primary School, Khusiyanwa (Dumraun) , Block-Ichak at Hazaribag for the year 2024-25 | 2858600/- | 58000/- | 5000/- | 4 Month |
| 6 | Construction of Different Structure at Upgrde. Middle School Saryiachatti ,Block- Padma , Dist -Hazaribag | 2629500/- | 53000/- | 5000/- | 4 Month |
| 7 | Renovation for Utkramit Primary School, Jatrahi (Dumraun) , Block-Ichak at Hazaribag | 3159900/- | 64000/- | 5000/- | 4 Month |
| 8 | Renovation for Utkarmit Middle school ,Dariya(Ichak) ,Block – Ichak, at. Hazaribag , | 4923140/- | 99000/- | 5000/- | 4 Month |
| 9 | Renovation of Government Middle School Dumron, Block-Ichak, District- Hazaribagh. | 4946000/- | 99000/- | 5000/- | 4 Month |
| 10 | Construction of Boundary wall ,Gate and Toilet with soak pit of Government Middle School Dumron, Block- Ichak, District- Hazaribagh. | 4028100/- | 81000/- | 5000/- | 4 Month |
| 11 | Renovation Work of Different Building at Upgrade Middle School Tilaiya , Block-Barhi, District-Hazaribag | 4635350/- | 94000/- | 5000/- | 4 Month |
| 12 | Construction of Boundary Wall of Upgraded Primary School Jharnadih , Block-Bishnugrah, District-Hazaribag | 2620400/- | 54000/- | 5000/ | 4 Month |
| 13 | Renovation work for Urdu Primary school Harina, Block-Katkamsandi, Hazaribag for the year of 2023-24 | 4271700/- | 86000/- | 5000/- | 4 Month |
| 14 | Construction of Boundary Wall at Govt. Primary School , Padariya Block- Chouparn ,Dist- Hazaribag | 4386500/- | 88000/- | 5000/- | 4 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 13-05-2025 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 20-05-2025 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | **06546-225723** |

**Further details and subsequent amendments can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov.in

**Nodal Officer, e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer, Building Construction**
**Department, Building Division, Hazaribag**


PR 351643 Building (25-26)_D


### खुदरा पैसे लौटाने की बात पर दवा दुकानदार ने भाजपा नेता पर कैंची से किया हमला

# सांसद प्रतिनिधि की शिकायत पर सिराज को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** पचगढ़ी बाजार मस्जिद पट्टी स्थित सना दवा दुकानदार के मालिक सिराज और भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि प्रिंस शर्मा के बीच खुदरा पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट हो गयी। जिसमें भाजपा नेता जख्मी हो गये। सिर पर गंभीर चोट लगी सूचना पाकर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जख्मी को इलाज के लिए निचितपुर नर्सिंग होम भेजा। डॉक्टरों ने प्रिंस के सिर पर तीन टांका लगाया, प्रिंस के साथ हुई घटना की जानकारी पाकर भाजपाइयों का जमावड़ा कतरास थाना में लगा गया। वे दुकानदार को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल में जुट गयी और दवा दुकानदार को पकड़ कर थाना



ले आयी। भुक्तभोगी प्रिंस ने पुलिस को दवा दुकानदार सिराज के खिलाफ लिखित शिकायत देकर कहा की वह अपनी बेटी के लिए दवा लेने उक्त दुकान गया था। दुकानदार को दवा के मूल्य से अधिक पैसे दिये। शेष पैसा लौटाने की बात कही तो दुकानदार ने अचानक कैंची से उसके सिर पर वार कर दिया। कतरास थाना प्रभारी आसित कुमार सिंह ने बताया कि मामले की लिखित शिकायत मिलने के बाद तुरंत दवा दुकानदार सिराज को हिरासत में लेकर भदबी के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है

### इ-आइ कंपनी की सुपरवाइजर ने विद्यालय सर्टिफिकेशन के लिए कक्षा दो और तीन का स्टूडेंट असेसमेंट किया

# स्टूडेंट असेसमेंट के लिए छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत होनी जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजगंज।** सोमवार को राजगंज के पीएम आदर्श मध्य विद्यालय में झारखंड विद्यालय प्रमाणन कार्यक्रम के तहत थर्ड पार्टी के रूप में इ-आइ कंपनी की सुपरवाइजर पूजा कुमारी के द्वारा विद्यालय सर्टिफिकेशन के लिए कक्षा दो और तीन का स्टूडेंट असेसमेंट किया गया। स्टूडेंट असेसमेंट के लिए छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम से कम 75% होनी जरूरी है। साथ ही टेस्ट में भी 75% क्वालीफिकेशन मार्क्स जरूरी है। स्टूडेंट एसेसमेंट तीन दिनों तक चलेगा जिसमें सोमवार को कक्षा दो और तीन, मंगलवार को चार, पांच और छह, सात के कक्षाओं और बुधवार को कक्षा 8 के छात्रों का स्टूडेंट एसेसमेंट लिया जायेगा। इन स्टूडेंट



असेसमेंट के साथ-साथ अन्य वर्गों में स्कूल के परफॉर्मेंस के आधार पर स्कूल को गोल्ड, सिल्वर या ब्रांच कैटेगरी में रखा जायेगा। रांची में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालयों को सम्मानित किया जायेगा, साथ ही सिल्वर और ब्रांच कैटेगरी में आये विद्यालयों की कर्मियों को दूर कर सभी विद्यालयों को गोल्ड कैटेगरी में किया जायेगा। पीएम श्री आदर्श मध्य विद्यालय विद्यालय में छात्रों की औसत उपस्थिति 83% रही। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष राधव प्रसाद मुंशी, सीआरपी पवन कुमार, शिव कुमार सिंह, विद्यालय के शिक्षक सुबोध कुमार, राकेश कुमार, नागेश्वर प्रजापति, श्रीनिवास कुमार माहथा, पूनम श्रीवास्तव, अफाजुद्दीन अंसारी, कार्तिक प्रसाद महतो, कुमारी दीपिका और प्रधानाध्यापक रामानंद पासवान मौजूद थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell**
**Short e-Procurement Notice**
**Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 14 /2025-26 Date:-03-05-2025**

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Middle School Saryiadih, Block-Padma ,Dist- Hazaribag | 9167750/- | 184000/- | 10000/- | 6 Month |
| 2 | Renovation of Navsrijit Primary School Mahtoeya , Block-Bishnugrah, District-Hazaribag | 6990000/- | 140000/- | 10000/- | 6 Month |
| 3 | Repair and Beautification , Toilets ,Boundary Wall & other Construction work in Girls Middle School ,Kolhuakala, Block-Barhi, District-Hazaribag | 6452550/- | 130000/- | 10000/- | 6 Month |
| 4 | Renovation Work of Different Building at Upgrade Middle School Badiya Javad , Block-Barhi, District-Hazaribag | 8113550/- | 162000/- | 10000/- | 6 Month |
| 5 | Renovation Work of Different Existing School Building at Girls Middle School ,South, Barkatha , Block- Barkatha Hazaribag | 7014750/- | 141000/- | 10000/- | 6 Month |
| 6 | 6 Class Room & Electricity and water related Renovation work in Girls Middle School ,South Barkatha , Block-Barkatha, Hazaribag | 7367700/- | 148000/- | 10000/- | 6 Month |
| 7 | Renovation of Girls Middle School , South Barkatha , Block- Barkatha, Hazaribag | 6381650/- | 128000/- | 10000/- | 6 Month |
| 8 | Renovation Work of Different Existing School Building at Upgrde. Middle School Saryiachatti ,Block- Padma , Dist-Hazaribag | 5593500/- | 112000/- | 10000/- | 6 Month |
| 9 | Construction of Different Structure at Govt. Middle School Garukurha ,Block- Padma , Dist- Hazaribag | 6530100/- | 131000/- | 10000/- | 6 Month |
| 10 | Renovation Work of Different Existing School Building at Govt. Middle School Garukurha ,Block- Padma , Dist-Hazaribag | 5806850/- | 117000/- | 10000/- | 6 Month |
| 11 | Construction of Boundary Wall of Upgraded Middle School Barahmoriya , Block-Bishnugrah, District-Hazaribag | 6122100/- | 123000/- | 10000/- | 6 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 15-05-2025 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 22-05-2025 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | **06546-225723** |

***Further details and subsequent amendments can be seen on website*** http://jharkhandtenders.gov.in

**Nodal Officer,e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division, Hazaribag**

PR 351641 (Building)25-26*D


# पुलिस मुख्यालय में लंबित मामलों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय सभागार में सोमवार को एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार और ग्रामीण एसपी कपील चौधरी समेत सभी डीएसपी, एसडीपीओ और प्रभारी निरीक्षक मौजूद थे। मुख्यालय सभागार मे आयोजित बैठक के दौरान कई महत्पूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारियों द्वारा पुलिस अधिकारियो को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि विभिन्न थानों में दर्ज लंबित मुकदमों की जांच में तेजी लायी जाये और तय समय में चार्जशीट समर्पित की जाये। पुलिस थानों मे साल 2020 तक के लंबित सभी मामलों के जल्द



निष्पादन का निर्देश जारी किया गया। इसके अतिरिक्त डकैती, हत्या, दुष्कर्म के लंबित मामले को गंभीरता पूर्वक जांच पूरी करते हुए निर्धारित अवधि में रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश भी दिया गया। वरीय पदाधिकारियों ने पूर्व के लंबित विभिन्न मामलों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए जल्द जांच पूरी करने का निर्देश दिया। इसके अलावा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई को तेज करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में एसपी सिटी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, डीएसपी मुख्यालय धीरेंद्र नारायण बंका, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, एसडीपीओ निरसा रजत मणिक बाखला, एसडीपीओ बाघमारा पुरषोत्तम कुमार सिंह, डीएसपी मुख्यालय शंकर कामती, डीएसपी साइबर संजीव कुमार समेत कई थाना प्रभारी और निरीक्षक मौजूद थे।


### मायुमं कोयलांचल शाखा में प्रांतीय पदाधिकारियों का हुआ आगमन

# शाखा पदाधिकारियों को किया सम्मानित




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मारवाड़ी युवा मंच झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाडिया के साथ झारखंड प्रांतीय कोषाध्यक्ष युवा विकास झांझरिया, मुख्यालय उपाध्यक्ष श्वेता जलान, प्रांतीय संयोजक युवा विकास, खेलकूद युवा नीरज अग्रवाल, जीव दया, अंगदान प्रांतीय संयोजक आशिष सिंघल, प्रांतीय सहायक मंत्री राजीव सावतिया, चाइबासा जागृति शाखा चंदा अग्रवाल, निवर्तमान सहायक मंत्री विकास पटवारी का मारवाड़ी युवा मंच धनबाद कोयलांचल शाखा में सभी प्रांतीय पदाधिकारी का आगमन हुआ। जहां सभी के मध्य आगामी कार्यक्रमों और मन की बात का सेशन रख सभा का सम्पादन किया गया। प्रांतीय अधिकारियों ने शाखा की नई कमिटी सत्र 25-26 के शाखा पदाधिकारियों को सम्मानित किया और आये हुए सभी पदाधिकारियों को हमारी शाखा द्वारा सम्मानित किया गया । सभा में उपरोक्त अतिथियों के साथ शाखा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष शिव शंकर चौधरी, सचिव सुनीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनीता अग्रवाल, शाखा सदस्य वर्षा अग्रवाल, आदर्श गोयनका व समाज बंधु सुनीता अग्रवाल, बबिता चौधरी और अनिल चौधरी उपस्थित रहे।




### शहीद गणेश चंद्र पांडेय को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर दी गयी श्रद्धांजलि

# परिवार को सेना ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/सारठ, देवघर।** भारत माता की जय़ के गगनभेदी नारों के बीच झारखंड, देवघर जिले के सारठ प्रखंड निवासी वीर शहीद गणेश चंद्र पांडेय को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (अमर जवान ज्योति) पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस गौरवपूर्ण और भावुक कर देने वाले अवसर पर सेना मुख्यालय द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शहीद की पत्नी और पुत्र को आमंत्रित किया गया था। समारोह में शहीद पांडेय की पत्नी और बेटे ने अमर जवान ज्योति पर पुष्प अर्पित कर अपने वीर स्वजन को नमन किया। इस दौरान सैन्य अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में शहीद के बलिदान को याद करते हुए उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी गयीं। शहीद गणेश चंद्र पांडेय, जिनका बलिदान आज भी देशवासियों के दिलों में अमिट है, को इस आयोजन में जिस प्रकार से सम्मान मिला, वह पूरे झारखंड विशेषकर देवघर और सारठ के लिए गर्व का क्षण है। वर्षों बीत जाने के बावजूद शहीद की स्मृति आज भी उतनी ही ताजा है। इस श्रद्धांजलि आयोजन ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि देश अपने सच्चे सपूतों को कभी नहीं भूलता।



# चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

**देवघर (आजाद सिपाही)।** पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। साइबर थाना की टीम ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जो गूगल, फोनपे, पेटीएम और एयरटेल पेमेंट बैंक के फर्जी कस्टमर केयर बन कर लोगों को ठगते थे। ये अपराधी आम जनता को झांसे में लेकर मोबाइल नंबर और ओटीपी पूछ कर ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। गिरफ्तारी जसीडीह थाना अंतर्गत जंगल झाड़ी इलाके से की गयी। पुलिस ने बताया कि आरोपी गूगल पर फर्जी मोबाइल नंबर डाल कर लोगों को झांसा देते थे और फिर कस्टमर केयर बनकर उनका डेटा हासिल कर लेते थे। पुलिस ने उनके पास से चार मोबाइल और आठ सिम कार्ड बरामद किये हैं। गिरफ्तार आरोपी में रोहित मंडल (उम्र 27 वर्ष), थाना-जगदीशपुर, बाबर अंसारी (उम्र 30 वर्ष), थाना-सारवां, चंद्रेश्वर यादव (उम्र 25 वर्ष), थाना-मोहनपुर, विवेक कुमार (उम्र 19 वर्ष), थाना-विधापी, देवघर शामिल हैं। छापेमारी टीम में नागेंद्र प्रसाद सिन्हा (साइबर थाना प्रभारी), खुशीरत आलम, दीपक कुमार (थाना प्रभारी, जसीडीह) शामिल थे। देवघर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी अनजान कस्टमर केयर कॉल पर ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और सतर्क रहें।




## मधुपुर पुरानी बस पड़ाव के पास यूनीपोल में बैनर लगाने के दौरान हाइटेंशन तार की चपेट में आने युवक झुलसा



मधुपुर (आजाद सिपाही)। मधुपुर थाना क्षेत्र के कोर्ट मोड़ स्थित पुरानी बस पड़ाव के पास यूनिपोल में विज्ञापन का बैनर लगाने के दौरान एक युवक हाई-टेंशन तार की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में देवघर जिला के कुंडा थाना अंतर्गत बसवरिया गांव निवासी 26 वर्षीय संतलाल पंडित का एक हाथ पूरी तरह झुलस गया है, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर जलन व चोटें आयी हैं। घटना तब हुई जब संतलाल अपने सहयोगी गौतम पंडित के साथ मधुपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर बैनर लगाने का कार्य कर रहा था। कोर्ट मोड़ स्थित यूनिपोल पर बैनर लगाते समय अचानक उसका संपर्क हाई-टेंशन तार से हो गया, जिससे वह करंट की चपेट में आकर नीचे गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने उसे तुरंत मधुपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत के कारण देवघर रेफर कर दिया गया।

## हर गुरुवार को समाहरणालय में लगेगा जनता दरबार



देवघर (आजाद सिपाही)। जिलेवासियों की सुविधा और समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर के नेतृत्व में प्रत्येक गुरुवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। यह दरबार समाहरणालय कक्ष में पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न एक बजे तक आयोजित होगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को एक सीधा मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी शिकायतें, समस्याएं तथा सुझाव सीधे उपायुक्त के समक्ष रख सकें। जनता दरबार में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सके। उपायुक्त विशाल सागर ने देवघरवासियों से अपील की है कि वे इस पहल का लाभ उठाएं और प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर अपने मुद्दों को सामने रखें, ताकि जिले में बेहतर शासन सुनिश्चित किया जा सके।







### भ्रामक सूचना बोर्ड से यात्रियों को हो रही भारी परेशानी

# बस स्टैंड स्थानांतरण की जानकारी नहीं

- बाघमारा इंटर स्टेट बस टर्मिनल संचालित, लेकिन अब भी सूचना बोर्ड में पुराने बस स्टैंड की दूरी दर्शायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** देवघर जिला प्रशासन द्वारा 10 अप्रैल से बाघमारा में नव निर्मित इंटर स्टेट बस टर्मिनल का संचालन शुरू कर दिया गया है। पुराने मीना बाजार स्थित बस स्टैंड को पूरी तरह से स्थानांतरित कर दिया गया है, लेकिन पथ निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण अब भी शहर के प्रमुख स्थानों पर पुराने बस स्टैंड की दूरी दशार्ने वाले सूचना बोर्ड लगे हुए हैं, जिससे हर दिन हजारों श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मुख्य डाकघर के समीप पथ प्रमंडल द्वारा लगाये गये एक सूचना पोल पर आज भी बस स्टैंड की दूरी एक किलोमीटर दिखायी जा रही है, जबकि नया टर्मिनल बाघमारा में स्थित है, जो शहर से करीब 4-5 किलोमीटर की दूरी पर है। बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा-अर्चना के लिए देशभर से आनेवाले श्रद्धालु इस भ्रम में पड़ जाते हैं और पुराने बस स्टैंड तक पहुंचने के बाद उन्हें असल लोकेशन तक जाने में अतिरिक्त समय और पैसा खर्च करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने इस विषय पर नाराजगी जतायी है और मांग की है कि जल्द से जल्द सभी पुराने सूचना बोर्डों को हटा कर नये बस टर्मिनल की सटीक जानकारी वाले संकेतक लगाये जायें। प्रशासन को चाहिए कि बस टर्मिनल स्थानांतरण की सूचना व्यापक स्तर पर प्रसारित करे, ताकि किसी भी यात्री को असुविधा न हो।

**यात्रियों ने कहा सूचना पट में गलत जानकारी के कारण काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा :** मोकामा से पहुंची यात्री पूजा सिंह ने बताया कि वह सपरिवार ट्रेन से देवघर बाबा धाम पहुंची, जिसके बाद वह बाबा धाम में पूजा करने के बाद बासुकीनाथ जाने के लिए बस की सेवा लेने के लिए बस स्टैंड का रुख कर रही थी, उनकी नजर डाकघर के समय पर पड़े सूचना पट पर पड़ी, जिसके बाद वह 1 किलोमीटर तक पैदल बस स्टैंड पहुंची जहां उन्हें यह मालूम हुआ कि बस स्टैंड का स्थानीयकरण कर दिया गया है और देवघर के पुराने बस स्टैंड से लगभग 5 से 6 किलोमीटर बाघमारा में संचालित किया जा रहा है, जिससे उन्हें काफी दिक्कत का सामना पड़ा करना पड़ा। वहीं टोटो लेकर बाघमारा बस स्टैंड जाने के बाद बासुकीनाथ के लिए बस की सेवा लेनी पड़ी।





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**